e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 06
शनिवार
06.01.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
सोच में अपना समय व्यर्थ मत करो, अपना कार्य प्रारंभ करे चलो।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 5 हाई कोर्ट जजों की नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार को भेजी सिफारिश

**नई दिल्ली :** हाईकोर्ट के चार खाली पदों को भरने के लिए चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचुड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने एडिशनल जज की नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार को पांच नामों की सिफारिश की है. सुप्रीम कोर्ट के इस कॉलेजियम में जस्टिस संजीव खन्ना और बीआर गवई भी शामिल हैं.कॉलेजियम ने अपनी सिफारिश में कहा है कि एडिशनल जज अभय आहूजा को बॉम्बे हाईकोर्ट में स्थाई जज के रूप में नियुक्त करने पर विचार किया जाए. सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर गुरुवार को अपलोड किए गए कॉलेजियम के प्रस्तावों में हाईकोर्ट में जज के लिए ज्यूडिशियल अधिकारियों और वकीलों के नामों की सिफारिश पर भी विचार-विमर्श किया गया.

### हाईजैक हुए जहाज पर पहुंचे भारतीय नेवी के कमांडोज

**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस चेन्नई सोमालिया तट के पास अपहृत जहाज एमवी लीला नोरफोक के पास पहुंच गया है. भारतीय नौसेना ने समुद्री डाकुओं को अपहृत जहाज को छोड़ने की चेतावनी जारी की है.सैन्य अधिकारियों ने कहा है कि जहाज पर सवार भारतीय दल सुरक्षित हैं और मरीन कमांडो मार्कोस ऑपरेशन के लिए तैयार हैं.ताज़ा हमला ऐसे समय में हुआ है जब लाल सागर से कई जहाजों का मार्ग बदल दिया गया है. यहां यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाते हुए ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं.

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अयोध्या हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखने के प्रस्ताव को दी मंजूरी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अयोध्या हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, अयोध्याधाम करने के प्रस्ताव को शुक्रवार को मंजूरी दे दी. इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने का भी निर्णय लिया गया. पीएम मोदी ने 30 दिसंबर को हवाई अड्डा का उद्घाटन किया था. एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया,हवाई अड्डे का महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्याधाम नाम महर्षि वाल्मीकि को श्रद्धांजलि देता है, जिन्होंने रामायण महाकाव्य की रचना की थी. इस नाम से हवाई अड्डे की पहचान में एक सांस्कृतिक भाव भी जुड़ गया है.

### टी20 विश्व कप 2024 का शेड्यूल जारी, नौ जून को होगा भारत-पाकिस्तान मैच

**नई दिल्ली :**आईसीसी ने टी20 विश्व कप 2024 का शेड्यूल जारी कर दिया है। भारत का पहला मैच पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ होगा। वहीं, भारत पाकिस्तान मैच नौ जून को खेला जाएगा। भारत का तीसरा मैच 12 जून को अमेरिका और चौथा मैच 15 जून को कनाडा के साथ होगा। वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 20 टीमें भाग लेंगी। सभी टीमों को पांच-पांच टीम के चार ग्रुप में बांटा गया है। भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और अमेरिका के साथ रखा गया है।

### परिजनों के शादी करने से इंकार करने पर प्रेमी युगल ने जहर खाकर दी जान

**फतेहपुर :** जिले में शुक्रवार को परिजनों द्वारा शादी से इंकार करने पर प्रेमी युगल ने जहर खा लिया। कानपुर में शुक्रवार को इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। गुरुवार को प्रेमी युवक केरल से हुसैनगंज थाना क्षेत्र स्थित अपने गांव पहुंचा था। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजते हुए मामले की जांच शुरू की है।हुसैनगंज थाना क्षेत्र के असनी गांव निवासी गणेश सोनकर का 22 वर्षीय पुत्र विजय शंकर केरल की एक प्राइवेट कंपनी में मजदूरी करता था। उसका ननिहाल रायबरेली के थाना लालगंज के महखेड़ा गांव में है। उसका ननिहाल में अक्सर आना-जाना लगा रहता था। इस दौरान ननिहाल में रहने वाली 19 वर्षीय रानी देवी नाम की लड़की से उसकी जान पहचान हो गई।

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्युनतम | 10° |

**बंगाल : तृणमूल कार्यकर्ताओं के हमले में ईडी के दो अधिकारी घायल, भर्ती**

# ईडी की टीम पर जानलेवा हमला

*** बीजेपी ने उठाया कानून-व्यवस्था पर सवाल**

एजेंसी
**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की एक टीम पर उस समय जानलेवा हमला किया गया, जब वे कथित राशन घोटाले के सिलसिले में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के ब्लॉक स्तर के नेताओं के घर पर छापेमारी करने जा रही थी. जांच एजेंसी ने बताया कि हमला संदेशकली गांव के पास हुआ. घटना के दृश्यों में कार की खिड़कियां टूटी हुई दिखाई दे रही हैं.

घटना के बाद सुरक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे और अब जांच की जा रही है.छापेमारी बोनगांव नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शंकर आध्या और टीएमसी नेता शेख शाहजहां के आवासों पर की जाने वाली थी, जिस रद्द कर दिया गया.

शेख शाहजहां उत्तर 24 परगना जिला परिषद के मत्स्य एवं पशु संसाधन अधिकारी होने के साथ-साथ संदेशखाली 1 के ब्लॉक अध्यक्ष भी हैं. ईडी अधिकारियों के पहुंचते ही तृणमूल कांग्रेस नेता के समर्थक नेता के आवास के बाहर जमा हो गए और उनकी कारों में तोड़फोड़ की.छापेमारी करने वाली ईडी टीम के एक सदस्य ने बताया, आठ लोग मौके पर आए.

हम तीन लोग घटनास्थल से चले गए. उन्होंने हम पर हमला किया. इस हमले में दो अधिकारी घायल हो गये हैं.हमले में ईडी के सहायक अधिकारी का सिर फूट गया है.जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा. हमले में दो और अधिकारी घायल हो गए हैं। ईडी सूत्रों के मुताबिक, सिर में चोट लगने से घायल अधिकारी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.





### राज्य में कानून व्यवस्था का हाल दयनीय : अधीर रंजन

पश्चिम बंगाल में आज ईडी टीम पर हुए हमले पर कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के गुंडों ने ईडी अधिकारियों पर जो हमला किया, इससे यह स्पष्ट होता है कि राज्य में कानून व्यवस्था का हाल बुरा होता जा रहा है। अधीर ने कहा कि आज ईडी अधिकारी घायल हुए हैं, कल उनकी हत्या भी हो सकती है। इसलिए ईडी वालों को अब और अधिक फौज के साथ जाना चाहिए।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांता मजूमदारने की जांच की मांग

ईडी अधिकारियों पर हुए हमले को लेकर बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सुकांता मजूमदार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर मामले में एनआईए जांच की मांग की है। इससे पहले मजूमदार ने कहा था कि जिस तरीके से आज संदेशखाली में ईडी पर हमला हुआ वो दिखाता है कि बंगाल में रोहिंग्या घुसकर राज्य में कानून-व्यवस्था के साथ क्या कर रहे हैं। ये सिर्फ ईडी के साथ नहीं बल्कि आने वाले समय में ऐसा बंगालियों के साथ भी होगा।



### ममता सरकार को राज्यपाल की चेतावनी

**कोलकाता :** राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने संदेशखाली घटना के लिए सीधे तौर पर राज्य प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने सरकार को उसकी जिम्मेदारी की याद दिलाते हुए चेतावनी दी कि उसे इसके परिणाम भुगतने होंगे। राज्यपाल ने पूरी घटना को चिंताजनक बताते हुए कहा,सरकार को लोकतंत्र में ऐसी क्रूरता को रोकना चाहिए लेकिन अगर सरकार अपनी प्राथमिक जिम्मेदारियों को पूरा करने में विफल रहती है, तो देश का संविधान उचित कार्रवाई करेगा।बोस ने यह भी कहा कि संविधान का उल्लंघन होने पर वह राज्यपाल के रूप में उचित समय पर उचित कार्रवाई करेंगे। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय नेघटना पर टिप्पणी करते हुए कहा,राज्यपाल यह घोषणा क्यों नहीं कर रहे हैं कि राज्य में सवैधानिक बुनियादी ढांचा ध्वस्त हो गया है? इसके बाद राज्यपाल ने अपना मुंह खोला और राज्य सरकार को सख्त संदेश दिया। राज्यपाल ने यह भी कहा कि वह गुंडों को राज्य की जनता के साथ खिलवाड़ नहीं करने देंगे। उन्होंने सरकार को संदेश देते हुए कहा,ऐसी हिंसा को रोकना सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार को वास्तविक स्थिति पर गौर करना चाहिए।

**अमित शाह मामले में राहुल गांधी को हाईकोर्ट से मिली राहत**

# पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश बरकरार




प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पर अमर्यादित टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. कोर्ट ने निचली अदालत द्वारा पीड़क कार्रवाई के फैसले पर रोक के आदेश को बरकरार रखा है. राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि केस में आज न्यायाधीश अंबुज नाथ की कोर्ट में सुनवाई हुई. कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले के रिकॉर्ड को जमा करने का आदेश दिया है. राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता दीपांकर राय और श्रेया मिश्रा ने पक्ष रखा. याचिकाकर्ता भाजपा नेता नवीन झा की ओर से हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार, अधिवक्ता विनोद कुमार साहू और अधिवक्ता कुमार हर्ष ने अपनी दलील पेश की. दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि निचली अदालत में दर्ज गवाहों का बयान सुन लेना चाहिए. इसलिए उन्होंने निचली अदालत का रिकॉर्ड पेश करने का आदेश दिया है. अधिवक्ता विनोद कुमार साहू ने कहा कि निचली अदालत का रिकॉर्ड आते ही सुनवाई की तारीख तय हो जाएगी.यह मामला साल 2018 का है, जब दिल्ली के कांग्रेस महाधिवेशन में राहुल गांधी ने कहा था कि एक हत्यारा सिर्फ भाजपा में ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है कांग्रेस में नहीं. इसी बयान का हवाला देते हुए नवीन झा ने निचली अदालत में साल 2019 में मानहानि का मामला दर्ज कराया था.

**राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता दीपांकर राय और श्रेया मिश्रा ने पक्ष रखा. याचिकाकर्ता भाजपा नेता नवीन झा की ओर से हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार, अधिवक्ता विनोद कुमार साहू और अधिवक्ता कुमार हर्ष ने अपनी दलील पेश की.**

## प्रधानमंत्री के साथ परीक्षा पे चर्चा के लिए एक करोड़ छात्रों-शिक्षकों ने कराया पंजीकरण



एजेंसी
**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बातचीत कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा 2024' के 7वें संस्करण के लिए शुक्रवार तक माईगॉव पोर्टल पर एक करोड़ से अधिक स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने पंजीकरण कराया है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कक्षा 6 से 12वीं के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए ऑनलाइन एमसीक्यू प्रतियोगिता 11 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी के बीच माईगॉव पोर्टल पर लाइव है। 5 जनवरी तक 90 लाख से अधिक छात्र, 8 लाख से अधिक शिक्षक और लगभग 2 लाख अभिभावक अब तक पंजीकरण करा चुके हैं।

शिक्षा मंत्रालय की एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया,यह देश भर के छात्रों के बीच व्यापक उत्साह को दर्शाता है, जो इस विशिष्ट कार्यक्रम में भाग लेने और प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अनूठे इंटरेक्टिव कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) में देशभर के साथ-साथ विदेशों से भी छात्र, अभिभावक और शिक्षक परीक्षाओं और स्कूल के बाद के जीवन से संबंधित चिंताओं पर चर्चा करने के लिए उनके साथ बातचीत करते हैं।

यह आयोजन शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा पिछले छह वर्षों से सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है।

इस वर्ष कार्यक्रम 29 जनवरी को सुबह 11 बजे से भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में टाउन-हॉल प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग 4000 प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे।





## एमएस धोनी ने धोखाधड़ी मामले में दर्ज किया मुकदमा

प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी के साथ करोड़ों की धोखाधड़ी हुई है. धोनी के साथ यह धोखाधड़ी उनके करीबी दोस्त और पूर्व बिजनेस पार्टनर मिहिर दिवाकर ने की है. कैप्टन कूल ने अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वाश के खिलाफ रांची की सिविल कोर्ट में आपराधिक केस दर्ज कराया है. धोनी ने पूर्व बिजनेस पार्टनर पर 15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है.दिवाकर ने 2017 में विश्व स्तर की एक क्रिकेट एकेडमी बनाने के लिए धोनी के साथ एग्रिमेंट किया था. जिसके लिए कुछ नियम और शर्तें भी रखी गई थी. लेकिन, मीहिर ने इन शर्तों का पालन नहीं किया और प्रॉफिट को भी साझा नहीं किया. बताया जा रहा है कि इससे धोनी को 15 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है. जिसके बाद उनके अधिवक्ता दयानंद सिंह ने आर्का स्पोर्ट्स पर 15 करोड़ रुपये से ज्यादा के रकम की हेरा फेरी का जिक्र करते हुए क्रिमिनल केस दाखिल किया है.मुकदमा दर्ज कराने से पहले, शर्तों का पालन नहीं करने के बाद धोनी ने अरका स्पोर्ट्स को 15 अगस्त 2021 को नोटिस भेजा था. जिसके बाद अरका स्पोर्ट्स को दिए गए अधिकार रद्द कर दिए गए थे. धोनी ने बिजनेस पार्टनर के खिलाफ कई नोटिस भी भेजे थे, लेकिन फिर भी इसका कोई फायदा नहीं हुआ. अरका स्पोर्ट्स ने धोनी के साथ धोखाधड़ी की है, जिससे धोनी को 15 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है.

## जल जीवन मिशन ने 14 करोड़ ग्रामीण घरों में नल कनेक्शन लगाने की उपलब्धि हासिल की

एजेंसी
**नई दिल्ली :** केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने जल जीवन मिशन के तहत देश में 14 करोड़ ( 72.71 प्रतिशत ) ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान करने का महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार कर लिया है। केवल चार वर्षों में ग्रामीण नल कनेक्शन 3 करोड़ से बढ़कर 14 करोड़ हो गया है। जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार जल जीवन मिशन ने गोवा, तेलंगाना , हरियाणा , गुजरात , पंजाब, हिमाचल प्रदेश और तीन केंद्र शासित प्रदेशों पुडुचेरी, डी एंड डी एंड एनएच और ए एंड एन द्वीप समूह ने शत प्रतिशत कनेक्शन के आंकड़े तक पहुंच गया। इसी तरह से मिजोरम में 98.68 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश में 98.48 प्रतिशत और बिहार में 96.42 प्रतिशत नल जल कनेक्शन देने का कार्य पूरा हो चुका है। इसके साथ 2 लाख से ज्यादा गांव और 161 जिले अब % हर घर जल % पहुंच गया है ।

घरेलू कनेक्शन के अलावा जल जीवन मिशन ने देश भर में 9.24 लाख ( 90.65 प्रतिशत ) स्कूलों और 9.57 लाख ( 86.63 प्रतिशत ) आंगनवाड़ी केंद्रों में नल के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की है। 112 आकांक्षी जिलों में नल के पानी की पहुंच लांच के समय 21.41 लाख ( 7.86 प्रतिशत ) घरों से बढ़कर आज 1.96 करोड़ ( 72.08 प्रतिशत ) घरों तक पहुंच गई है । 5.29 लाख से अधिक ग्राम जल और स्वच्छता समितियां व पानी समितियां बनाई गई हैं। साथ ही पेयजल स्रोत प्रबंधन, ग्रेवाटर उपचार और गांव में जल आपूर्ति प्रणालियों के नियमितीकरण के लिए 5.17 लाख ग्राम कार्य योजनाएं बनाई गई हैं। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 23.55 लाख से अधिक महिलाओं को फील्ड टेस्टिंग किट ( एफटीके ) का उपयोग करके पानी के नमूनों का परीक्षण करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है ।




# एशिया कप के शानदार आयोजन के बाद वैश्विक खेल के लिए तैयार है झारखण्ड

**भारत और अमेरिका के बीच होगा पहला मुकाबला**

प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** वैश्विक स्तर पर होने वाले तीन ओलंपिक क्वालीफायर में से एक का आयोजन झारखण्ड में होगा। एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर स्पर्धा 13 से 19 जनवरी 2024 तक झारखण्ड की राजधानी रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में होगा। इसके लिए झारखण्ड एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर की मेजबानी के लिए तैयार है। एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर के अपने अपने मैच में भाग लेने के लिए इंडिया, इटली और यूएसए की महिला हॉकी टीम रांची पहुंच चुकी है।

**भारत और अमेरिका के बीच होगा पहला मुकाबला**

झारखण्ड में आयोजित एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर का पहला मैच 13 जनवरी को भारत और अमेरिका के बीच खेला जाएगा। 14 जनवरी को दूसरा मैच अमेरिका और इटली के बीच एवं 16 जनवरी को तीसरा मैच भारत और इटली के बीच होगा। उपरोक्त टीमों के प्रदर्शन के आधार पर पूल ए और पूल बी के टीमें विनर मैच खेलेंगी। पूल ए में जर्मनी,जापान, चिली, चेक गणराज्य एवं पूल बी में इंडिया, न्यूजीलैंड, यूएसए और इटली की टीम शामिल हैं। झारखण्ड के अतिरिक्त मस्कट, ओमान (पुरुष) और वालेंसिया, स्पेन (महिला और पुरुष) में इसका आयोजन हो रहा है।




## रेड लाइट एरिया में पुलिस की रेड, तहखाने में मिलीं 31 लड़कियां, 15 दलाल अरेस्ट अप

**नागपुर (एजेंसी):** नागपुर के रेड लाइट एरिया गंगा जमुना परिसर में पुलिस ने छापामार कार्रवाई की। यहां बड़ी संख्या में पहुंचे पुलिस बल को देखकर परिसर में देह कारोबार चलाने वालों में हड़कंप मच गया। ये छापा लगातार 4 घंटे तक पूरे परिसर में चला और पुलिस ने हर जगह को खंगाला।

दिल का हाल सुने दिल वाला....
रोग नहीं, रोकथाम जरूरी
हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।
यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?
78083 68888 | www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद

## संक्षिप्त खबरें

### सर्व धर्म सम्भाव का मंदिर है शौकत खान का कपड़ा बैंक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** किसी ने सच ही कहा है कि समाज के लिए किया गया कार्य एवं जनहित में सेवा करने वाले अपने जीवन काल में तो सेवा करते हुए जिंदादिली दिखाते ही है। दुनिया से विदा लेने के बाद भी उनका सेवा कार्य जारी रखने वाला कोई न कोई इस कड़ी को जोड़े रखने के लिए सामने आ ही जाता है।उस व्यक्ति का मृत्यु के बाद भी ऐसे महान शख्सियत का नाम सदा के लिए अमर हो जाता है। उक्त बातें इसका जीता गढ़वा जिले के वरिष्ठ पत्रकार सह एसपीडीसी के प्रो.कमलेश कुमार सिन्हा ने कहा। उन्होंने कहा कि इसका जीता-जागता उदाहरण, गढ़वा के हर घर से मधुर सम्बन्ध रखने वाले बहुत ही चर्चित कम्पाउंडर चंद्रशेखर प्रसाद जिसे लोग चांद बाबू के नाम से जाने जाते थे। उनके समय में कोई किसी भी घर में बिमार पड़ता था, तो सबसे पहले चांद बाबू को ही याद किया जाता था और उनकी शालिनता भरा व्यवहार, उनके उपचार से लोगों को राहत मिलता था। आज वो इस दुनिया में नहीं है, लेकिन उनका नाम जीवित है। तभी तो हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी गढ़वा जिले के वरिष्ठ पत्रकार सह एसपीडीसी के प्रोफेसर कमलेश कुमार सिन्हा अपने पिता की आठवीं पुन्यतिथि के मौके पर अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत ख़ान के कार्यलय पहुंचकर गरीबों के बीच वितरण करने के लिए एक बोरा चावल, एक बोरा चुड़ा, गुड़ कि बनी हुई लाई, एवं तिलकुट अनेक निशुल्क बैंक के संचालक शौकत खान को डोनेट किया।

---

### क्षेत्र को शैक्षणिक हब के रूप में किया स्थापित : रामचंद्र चंद्रवंशी

# विश्रामपुर में मेडिकल इंजीनियरिंग कॉलेज का होना है गौरव की बात : कर्मवीर सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला में शुक्रवार को माता लक्ष्मी चंद्रवंशी की नौवीं पुण्यतिथि व महिला महाविधालय का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया.समारोह का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, पलामू सांसद बीड़ी राम, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित करने के बाद फीता काट कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या नूतन रानी ने किया। वहीं संचालन राकेश सोनी व बागीश मिश्रा ने बारी-बारी से किया। इससे पहले पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी की माँ लक्ष्मी चंद्रवंशी की नौवीं पुण्यतिथि मनायी गयी। महाविद्याल परिसर में श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया गया था। कॉलेज परिसर में ही स्थापित लक्ष्मी चंद्रवंशी के आदमकद प्रतिमा पर अतिथियों ने श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। मुख्य अतिथि कर्मवीर सिंह ने कहा कि क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि स्थानीय बच्चों को पढ़ने के लिए मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज विश्रामपुर में उपलब्ध है। सांसद बीड़ी राम ने पूर्व विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी की सराहना करते हुये कहा कि अब गरीब परिवार के बच्चे भी बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर रेहला जैसे पिछड़े क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थान खोलने के लिए उन्हें मां की ओर से प्रेरित किया गया था। उनकी इच्छाओं को पूरा करने के क्रम में यह क्षेत्र आज शैक्षणिक हब के रुप में स्थापित हो चुका है। कल तक दूसरे राज्य में भटक कर शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र छात्राएं विश्रामपुर में हीं पढ़कर डॉक्टर व इंजीनियर सहित उच्च डिग्री हासिल कर रहे है। श्री चंद्रवंशी ने अपनी मां लक्ष्मी चंद्रवंशी के जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि मां मजदूरी कर दोनों भाई को पढ़ाने का काम किया। मां के कहने पर क्षेत्र में कई महिला कालेज स्थापित किया। वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी ने कहा कि माँ का सपना पूरा कर उन्हें सच्ची श्रद्धाजंलि दी जा रही है। पुण्यतिथि के मौके पर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया।

---

### बागेश्वर सरकार हर हाल में आएंगे पलामू : अरुणा शंकर

# एफिडेविट फाइल करें झारखंड के मुख्य सचिव : उच्च न्यायालय

### जिला प्रशासन बताएं पूर्व में इतने शर्त किसी कथा के लिए रखी गई थी क्या?





**अरुणा शंकर ने कहा : मुझे न्यायालय पर पूरा भरोसा**

प्रथम महापौर सह हनुमंत कथा समिति की संयोजक अरुणा शंकर के प्रयास से बागेश्वर बाबा श्री धीरेंद्र शास्त्री का कार्यक्रम 10 से 13 दिसंबर तक मेदिनीनगर के खनवा नदी के तट पर होना तय हुआ था। जिसकी अनुमति मेदिनीनगर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा हनुमंत कथा समिति को प्राप्त भी हो गया था। अचानक उपायुक्त द्वारा नदी में पॉल्यूशन होने की संभावना को बताते हुए स्थगित कर दिया गया। इसके बाद निजी भूमि पर गढ़वा डाल्टनगंज के बीच चैनपुर प्रखंड के औरनार गांव में कथा कराने की अनुमति प्राप्त की गई। जब प्रशासन ने इस पर भी संज्ञान नहीं लिया तो हनुमंत कथा समिति ने हाई कोर्ट में मामला दायर किया। जिस पर सुनवाई चल रही है। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा अनुमति नहीं मिलने के कारण हमारी समिति उच्च न्यायालय के शरण में गई है। उन्होंने कहा कि उन्हें न्यायालय पर पर भरोसा है। पूरी संभावना है कि माननीय उच्च न्यायालय पलामू में बागेश्वर धाम सरकार के कथा की अनुमति देगा।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदनीनगर की प्रथम महापौर सह हनुमंत कथा समिति की संयोजक अरुणा शंकर एवं बागेश्वर धाम के प्रभारी नितेश सिंह ने माननीय उच्च न्यायालय की कार्रवाई के संबंध में बताया कि जस्टिस गौतम चौधरी ने पलामू में बागेश्वर बाबा के पलामू आने की अनुमति संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि उपायुक्त द्वारा कई ऐसे बिंदु कार्यक्रम को रद्द करने के लिए उठाए गए हैं जो उचित प्रतीत नहीं होता। जस्टिस गौतम चौधरी ने अगला अंतिम डेट 16 तारीख को निर्धारित करते हुए जिला प्रशासन से एफिडेविट फाइल करने के लिए कहा है। कहा की पिछले 2 साल में इस तरह की कथा में जो अनुमति दिए गए हैं, क्या उनमें हनुमंत कथा करने के लिए जो शर्तें रखे गए हैं वैसे शर्त पूर्व में कथा करने वालों से भी रखे गए थे? साथ ही इस बार विशेष संज्ञान लेते हुए न्यायाधीश ने चीफ सेक्रेटरी झारखंड को भी एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया है, कि आखिर कथा जो सबों का मौलिक अधिकार है सरकार द्वारा अनुमति क्यों नहीं दिया जा रहा है। प्रथम महापौर एवं हनुमंत कथा के सचिव दीना जी, अतुल जी व मंटू जी ने कोर्ट का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सबो को न्यायालय पर पूर्ण विश्वास है कथा होकर रहेगा।

---

# डॉक्टर राजेश मालवा ने किया गरीबों के बीच कंबल वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के झरिवा पंचायत के पंचायत भवन में शुक्रवार को डॉक्टर राजेश मालवा ने प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी की नेतृत्व में ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि मानव सेवा पुण्य का काम है गरीबों का सेवा इंसान को जरूर करना चाहिए जिससे की गरीब का भला हो सके ऐसे लोगो का सेवा करने में आशीर्वाद प्राप्त होता हैं। डॉ0 राजेश मालवा ने कहा कि झरिवा पंचायत मेरा जन्म भूमि है और कर्म भूमि हैं हम इन्ही चाचा, भईया, दादा के बीच पले बढ़े हैं इसी मोहोल से होकर इनलोगो के आशीर्वाद से आज हम जनरल फिजिशियन है हमको पता है कि भविष्य में दुःख सुख सबों के साथ आता जाता रहता हैं गरीब दुःखी असहाय लोगो का सहायता करना पुण्य का काम हैं मानव जीवन में दुःख सुख बाटकर इंसान को चलना चाहिए। मौके पर मुखिया बबिता देवी, पंचायत समिति चंचला देवी, वार्ड सदस्य शोभा देवी, जेम्स मालवा, डॉक्टर राजेश मालवा की धर्म पत्नी पूर्णिमा देवी सहित दर्जनों ग्रामीण जनता कंबल वितरण में शामिल थें।

---

## पूजित अक्षत कलश को कई गावों के मंदिरों में कराया गया भ्रमण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्व हिंदू परिषद द्वारा शुक्रवार को अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलश को विश्रामपुर नप के कई गांवों में स्थित मंदिरों का भ्रमण कराया गया। पद यात्रा की शुरुआत पारंपरिक बजे-गाजे के साथ विश्रामपुर पंचमुखी मंदिर से शुरू हुआ। जिसमे विश्व हिंदू परिषद, आरएसएस, बजरंग दल के अलावा काफी संख्या में महिलाये व पुरुष शामिल हुये.पद यात्रा की अगुवाई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कर रहा था। पूजित अक्षत कलश को मंदिरों में ले जाकर पूरे विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना की गयी। पद यात्रा विश्रामपुर नप के भलुही, लरंगाहा, भोलाटाडी गांव आदि गांवों का भ्रमण किया। यात्रा में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, निवर्तमान वार्ड पार्षद सह महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, अर्चना देवी, अखिलेश विश्वकर्मा, राघवेंद्र कुमार, राम पुकार पांडेय, अभिषेक भारद्वाज, प्रियांशु शुक्ला, निखिल शुक्ला, नीरज शुक्ला, नन्हे तिवारी, हरिओम तिवारी, अभय प्रजापति, अनिल प्रजापति, धीरज शर्मा, दीपक कुमार, अशोक प्रजापति, नित्यम सहित कई

---

## ऐतिहासिक होगा फाइनल मैच का समारोह : कर्नल संजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब जपला के तत्वावधान में लागातार चौथे बर्ष कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता हुसैनाबाद अनुमंडल के कर्पूरी मैंदान में खेलाया जा रहा है। यह प्रतियोगिता अब अंतिम पड़ाव में पहुंच चुका है इसका फाइनल मैच 7 जनवरी को अनुमंडलीय कर्पूरी मैदान में खेला जाएगा। प्रतियोगिता के दो सबसे बेहतरीन टीम बभंडी और पतरिया खिताब जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगी। उक्त बातों की जानकारी स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने पत्रकारों को दी उन्होंने बताया कि पिछले एक महीने से हुसैनाबाद में चल रहे फुटबॉल महाकुंभ अब अंतिम चरण में है रविवार को भव्य फाइनल मैच कर्पूरी मैदान में खेला जाएगा जिसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मैदान को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है उन्होंने जानकारी दी है कि कर्नल कप फुटबॉल का चर्चा पूरे राज्य में हो रही है इसी का नतीजा है कि झारखंड के कई दिग्गज नेता फाइनल मैच में खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करने के लिए हुसैनाबाद आ रहें हैं। इसलिए फाइनल समारोह भव्य और ऐतिहासिक साबित होगा। उन्होंने तमाम फुटबॉल प्रेमियों को फाइनल मैच देखने के लिए हुसैनाबाद पहुंचने का आग्रह किया है।

---

## भूतपूर्व मुखिया के पुण्यतिथि पर गरीब असहाय के बीच बांटा कंबल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार के भूतपूर्व मुखिया स्व. बैजनाथ प्रसाद की 21 वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को अपने आवास पर मनाई गई। वहीं पुण्यतिथि की शुरुआत स्व. बैजनाथ प्रसाद के पुत्र मिथलेश कुमार गुप्ता एवं मृत्युंजय प्रसाद ने अपने माता-पिता एवं भतीजे के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया। इस दौरान प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, उदय कमलापुरी, अखिलेश प्रसाद, रामविचार साहू, सुरेश कमलापुरी सहित अन्य लोगों ने पुष्प अर्पित किया। तत्पश्चात मिथिलेश कुमार गुप्ता व उनके परिजन ने गरीब असहाय लोगों के बीच सैकड़ों कंबल का वितरण किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि अपने माता-पिता की पुण्यतिथि पिछले कई वर्षों से मनाते आ रहा हूं। और जब तक मैं जिंदा रहुंगा हर वर्ष पुण्यतिथि मनाकर गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण करते रहूंगा। वहीं मौके पर नागेंद्र प्रसाद, यमुना प्रसाद, विश्वेश्वर प्रसाद,अमरेंद्र प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

---

## आरके पब्लिक स्कूल क्रिकेट सीनियर वर्ग क्वाटर फाइनल में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** 22 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में रमकंडा हाई स्कूल को 49 रनो से हराकर आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की टीम क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रियांशु के 24 और आकाश के 18 रनो के सहयोग से सभी विकेट खोकर 112 रन बनाए। रमकंडा हाई स्कूल के अंशु ने बेहतर गेंदबाजी करते हुए चार खिलाड़ियों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। जवाबी पारी खेलने उतरी रमकंडा की शुरुआत खराब रही 12 रन के योग पर तीन खिलाड़ी का विकेट खो दिया था। टीम के मध्यम कर्म के खिलाड़ी सत्यम ने टीम की और से 26 रन को छोड़ कर कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक में प्रवेश नहीं कर सका और पूरी टीम 63 रनो पर ही सिमट गई। आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की ओर से आकाश ने तीन विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आकाश को प्रदान किया गया। मौके पर आर के पब्लिक स्कूल के सचिव आनंद सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी अभय कुमार, शिक्षक धीरेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, राजकुमार, रणजीत तिवारी, रजनीश, आयुष तिवारी, नवनीत कुमार, दिव्य रंजन चौबे, मनीष, धीरज, प्रिंस दुबे, शामिल थे। अंपायर की भूमिका सुमित कुमार, अभिषेक कुमार, ओमकार दिव्य रंजन और कमेंटेटर की भूमिका प्रिंस खान ने निभाई।

---

## हरिहरगंज में निशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन आज : सरोज कुशवाहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज शहर के न्यू सब्जी बाजार मार्केट में शनिवार को सरोज प्रसाद कुशवाहा के मार्केट में निशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में बिहार के जमुहार अस्पताल के चिकित्सकों के द्वारा रोगियों का जांच किया जाएगा। राकांपा के वरिष्ठ नेता सरोज प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि जमुहार के चिकित्सकों के द्वारा मोतियाबिंद मरीजों का निशुल्क जांच किया जाएगा, उन्होंने कहा कि हर साल निशुल्क जांच शिविर का आयोजन कराते आ रहे हैं ,जांच के बाद मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए सभी मरीजों को सुरक्षित बस से जमुहार ले जाया जाएगा जिसमें मरीजों को किसी भी प्रकार का कोई खर्च वहन नहीं करना पड़ता है, उन्होंने कहा कि गरीबों का सेवा करना सबसे बड़ा पूर्ण का काम होता है, जीवन में लोगों के लिए आंखों की रोशनी सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा में हमेशा तत्पर रहते हैं और आगे भी रहने का काम करेंगे। सरोज प्रसाद ने मोतियाबिंद के सभी मरीजों से आकर जांच कराने की अपील भी किया है।

---

## बाबूलाल मरांडी से कर्नल संजय ने की शिष्टाचार मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी से मेदिनीनगर स्थित सर्किट हाउस में भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने अपने साथियों संग जाकर शिष्टाचार भेंट किया और उन्हें नए साल की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने सात जनवरी को हुसैनाबाद में होने वाले कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल समारोह में शामिल होने के लिए उन्हें आमंत्रित किया। कर्नल संजय सिंह ने कहा कि आदरणीय मरांडी जी के कुशल नेतृत्व से भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह है और इसका साकारात्मक नतीजा आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। मौके पर भाजपा नेता संतोष सिंह बद्रीनारायण सिंह पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर राजीव रंजन सिंह चन्द्र भूषण सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

## मृतक के परिजन को मुखिया ने किया आर्थिक सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड अंतर्गत मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने मुकुंदपुर निवासी मृतक महेश्वर सिंह का श्रद्धा एवं भोज कार्यक्रम करने को लेकर परिजन को 50 केजी आटा देकर आर्थिक सहयोग किया है। इस मौके पर अमेरिका प्रसाद, कामेश्वर सिंह, सहित आसपास के अन्य लोग मौजूद थे।

---

## श्री सर्वेश्वरी समूह के सदस्य ने गरीब, असहायों के बीच किया कम्बल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री सर्वेश्वरी समूह विगत आठ दशकों से असहायों की सेवा करने में अतुलनीय कार्य करता आ रहा है. उक्त बातें श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा के द्वारा शुक्रवार को अधौरा ग्राम में असहायों एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम के अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सह भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव ने कहा। उन्होंने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह मानव मात्र की सेवा करने में मिसाल कायम किया है .कई वर्षो तक श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा के द्वारा मोतियाबिंद का ऑपरेशन शिविर लगाकर हजारों लोगों को मुफ्त में ऑपरेशन कराने का कार्य किया, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को आंखों की रोशनी मिली। श्री देव ने कहा कि उस समय संसाधनों की कमी थी, लोगों के पास अपनी बीमारी का इलाज कराने के लिए पैसा नहीं हुआ करता था। ऐसे में श्री सर्वेश्वरी समूह ने देश के बेहतर चिकित्सकों द्वारा मोतियाबिंद के निःशुल्क इलाज हेतु शिविर लगा कर आम जनों के आंखों का ऑपरेशन करा कर उनको रोशनी प्रदान किया ,यह अपने आप में मानव सेवा के क्षेत्र में एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा के द्वारा समय-समय पर जनहित कार्यक्रमों को मैं देखता रहा हूँ. समूह शाखा के द्वारा समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम चलाये जाते हैं जिससे समाज के वंचित, शोषित लोगों को सहयोग मिल पाता है। उन्होंने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के लिए समय-समय पर व्यापक कार्यक्रम चलाता आ रहा है, जिससे हमारे समाज में बहुत सुधार हुआ है। समूह द्वारा कुष्ठ रोगियों को अपने आश्रम में रखकर स्वयं से उनकी देखभाल और इलाज करना मानवता की बहुत बड़ी मिसाल को दर्शाता है.उन्होंने कहा कि हम सब को ऐसी संस्थाओं से सीख लेते हुए समाज के असहाय वर्गो के प्रति सहयोग एवं करुणाभाव रखने का संकल्प लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि आश्रम श्री सर्वेश्वरी समूह से हम सबों का बहुत पुराना लगाव है। बाबा अवधूत भगवान राम जी के द्वारा यहां आश्रम में श्रीयंत्र स्थापित कर हम सब को कृतज्ञ किया गया है, जिनके आशीर्वाद से आज पूरा क्षेत्र खुशहाल है। क्षेत्र में पहला श्रीयंत्र की स्थापना विधिवत तरीके से बाबा अवधूत भगवान राम जी के द्वारा की गई थी। उन्होंने कहा कि जब भी हम स्थानीय आश्रम स्थित माता के दरबार में जाते हैं तो हमें असीम शांति प्राप्त होती है, आश्रम में स्थापित माता के दरबार में जाकर पूजन और चिंतन करने से हमें वैभव और शक्ति प्रदान होता है. उन्होंने कहा कि हम सबों को श्री सर्वेश्वरी समूह के 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक कुरीतियां, छुआछूत, नशाखोरी जैसे बुराइयों के खिलाफ एकजुट होकर इसके खिलाफ लड़ना होगा।

---

# घघरी में अबुआ आवास में हुए अनियमितता से ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, ग्राम सभा स्थगित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सगमा प्रखंड अंतर्गत घघरी पंचायत में अबुआ आवास की सूची देख ग्रामीणों का सब्र का बांध फुट पड़ा। गुस्साये ग्रामीणों ने जम कर हंगामा किया।जिसके वजह से ग्राम सभा स्थगित करना पड़ा। गौरतलब है कि गुरुवार को सगमा प्रखण्ड के घघरी पंचायत सचिवालय में अबुआ आवास योजना को लेकर उप मुखिया सरस्वती देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। ग्राम सभा मे पूर्व में किए गए सर्वे के आधार पर अबूआ आवास लाभुकों की सूची का प्रकाशन किया गया। सूची देखने के बाद ग्रामीणों ने पात्र लोगो का नाम सूची से गायब करने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा कर रहे ग्रामीणों का कहना था कि अबूआ आवास के लिए सर्वे के आधार पर जो सूची बनाया गया है उसमें आवास विहीन लोगो को प्राथमिकता के आधार पर सूची में नाम शामिल किया गया था। जब कि ग्राम सभा मे प्रकाशित सूची से गरीब आवास विहीन लोगो का नाम हटाकर दूसरे लोगो का नाम शामिल कर लिया गया है। नए बनाये गए सूची में पूर्व में प्रधानमंत्री आवास का लाभ ले चुके लोगो का नाम शामिल है। जिसका पक्का आवस है, उसका भी नाम सूची में शामिल किया गया है। जो की गरीबों के साथ सरासर अन्याय किया जा रहा है। जिसे घघरी पंचायत की जनता बर्दास्त नहीं करेगी।हंगामा कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि पुनः नए सिरे से सर्वे कर सूची नहीं बनाया गया तो हम लोग प्रखण्ड कार्यालय का घेराव कर अपना जोरदार विरोध प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। मौके पर पूर्व मुखिया विनोद कुमार, हीराचंद यादव, वार्ड प्रतिनिधि प्रताप यादव, लोकेंद्र यादव, महेंद्र यादव, रामकिशोर यादव, जामनाथ यादव, लाला यादव, लव यादव, विनोद विश्वकर्मा, रामचंद्र पासवान, मुना राम अजीत यादव, अजीत कुमार, सहित कई लोगो के नाम शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीमदभागवत कृष्ण कथा छह से, 151 जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह

**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति रांची के तत्वावधान में छह जनवरी से पुंदाग में निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में चार दिवसीय श्रीमद्भागवत कृष्ण कथा का आयोजन किया गया है। सात जनवरी को 151 जोड़ों का सामूहिक आदर्श विवाह होगा। मंदिर के मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम आश्रम परिसर में दोपहर दो बजे से पांच बजे तक स्वामी सदानंद महाराज कृष्ण कथा सुनाएंगे। समिति के उपाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने शुक्रवार को बताया कि स्वामी सदानंद महाराज छह जनवरी को कोलकाता से रांची पहुंचेंगे। उनके साथ शिष्य गीता पाठ वाचक रविकांत शास्त्री, संगीतज्ञ पवन तिवारी और विनय सुबा भी आएंगे।

### श्री पहाड़ी बाबा का 26वां वार्षिकोत्सव सात को

**रांची :** शिव मंडल की ओर से श्री पहाड़ी बाबा का 26वां वार्षिकोत्सव सात जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। मंडल की नित्य पूजा-आरती के बाद सुबह 7.30 बजे हनुमान जी की ध्वज पूजन के साथ 9 बजे से मुख्य मंदिर में महारुद्राभिषेक आचार्य श्याम सुंदर भारद्वाज अपने 11 विद्वान पंडितों के साथ मंत्रोच्चारण के साथ करेंगे। इस दौरान दूध-दही-मधु-गन्ने का रस और गंगाजल और अन्य पूजन सामग्री मंडल के संयोजक सह मुख्य यजमान प्रेमशंकर चौधरी अपनी पत्नी अनुपमा चौधरी के साथ महारुद्राभिषेक करेंगे। सभी शिव भक्त बारी-बारी से रुद्राभिषेक में सम्मिलित होंगे। दोपहर एक बजे से बाबा का भव्य श्रृंगार के साथ 56 भोग लगाया जाएगा। इस बार रांची और बाहर से आए भजन गायकों द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएगा। इस बार विशेष रूप से आए हुए सभी शिव भक्तों के लिए प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। शाम 6 बजे महाआरती के साथ उत्सव का समापन किया जाएगा।

# अरगोड़ा सुखदेवनगर और जगन्नाथपुर से कुल आठ अपराधी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची शहर में अपराध नियंत्रण करने के लिए पुलिस दिन-रात मेहनत कर रही है। अपराधी का मनोबल बढ़े नहीं, किसी बड़ी घटनाओं का अंजाम नहीं दें, इसको लेकर एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाई गई है। इसी क्रम में अरगोड़ा से चार , सुखदेव नगर से दो और जगन्नाथपुर दो यानी तीनों थाना क्षेत्र से 8 अपराधियों के गिरफ्तारी की गई है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि घटना पर लगाम लगाने के लिए अपराधियों के कमर तोड़ने के लिए एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्र के डीएसपी और थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में सुखदेव नगर थाना क्षेत्र से राजू उरांव और सोनू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। सिटी एसपी ने बताया कि सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के बिड़ला मैदान के पास साहिल अपार्टमेंट के सामने तीन अपराधी युवकों के द्वारा हथियार के बल पर रंगदारी मांगने की सूचना मिली थी। इसी क्रम में सुखदेव नगर की पुलिस को घटनास्थल पर भेजा गया जिसमें एक युवक भागने में सफल रहा। और दो को गिरफ्तारी की गई है। पुलिस इसके पास से देसी रिवाल्वर भी बरामद किया गया है । इस छापेमारी में सहायक अवर निरीक्षक चौधरी और सुखदेव नगर थाना सशस्त्र बल के पुलिस शामिल थे।

**अरगोड़ा थाना क्षेत्र से चार गिरफ्तार :** अरगोड़ा थाना क्षेत्र में अपराधी घटनाओं को लगाम लगाने के लिए एसएसपी चंदन सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी कि अरगोड़ा थाना क्षेत्र के पटेल चौक के आसपास ब्राउन शुगर की बिक्री की जा रही है । इसी सूचना पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के निर्देश में हटिया डीएसपी राजा मित्रा, अरगोड़ा थाना प्रभारी बृज कुमार के नेतृत्व में छापेमारी दल गठन किया गया । जैसे ही पुलिस पटेल चौक के हनुमान मंदिर के आगे खंडार नुमा मकान के पास पहुंची , तो दो व्यक्ति बाइक समेत खड़े हुए थे , संदेह की स्थिति में दोनों से पूछताछ किया गया जिसमें एक का नाम तौहीद अंसारी, दूसरा अनूप कुमार दोनों हरमु इमली चौक का रहने वाला है। इसके पास से ब्राउन शुगर जैसा ब्लैक स्टोन पाउडर जप्त किया गया । इन्हीं लोगों के बताए जाने पर अरगोड़ा मैदान के आगे हरगड़ी पुल के पास से दो और युवकों की गिरफ्तारी की गई। जिसमें मोहम्मद अली और आलीशान सिद्दीकी दोनों हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।



इन लोगों के पास से भी ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। सिटी एसपी ने बताया कि तौहीद अंसारी के पास ब्लैक स्टोन 02.00 ग्राम ,अनूप कुमार के पास से 1.720 ग्राम ब्लैक स्टोन, मोहम्मद अली के पास 11 पुड़िया ब्राउन शुगर वजन करीब 1.7 ग्राम और आलीशान सिद्दीकी के पास से 10 पुडिया ब्राउन शुगर वजन करीब 0.99 ग्राम होगा सभी को जप्त किया गया । इसके पास से लाल एवं कला रंग का सुपर स्प्लेंडर जेएच01ड्ईक्यू 5155 और लाल होंडा एक्टिवा स्कूटी जेएच 01 बीएक्स 2705 और 4 मोबाइल जब्त किया गया है । इस छापेमारी दल में हटिया डीएसपी राजा मित्रा, अरगोड़ा थाना प्रभारी बृज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षिक आसित लकड़ा, तंजीलुल मन्नान, राकेश कुमार सिंह, पिंटू कुमार, विष्णु कांत, कृष्ण कुमार आदि शामिल थे।

**घर पर बम फेंकने वाले दो गिरफ्तार:** सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के पुंदाग ओपी के रहने वाले मोहन कुमार शर्मा ने मामला दर्ज कराया था जिसमें उसने कहा था कि उसके घर पर 30 दिसंबर 2023, को अज्ञात बाइक सवार व्यक्ति के द्वारा घर पर बम फेंक गया और कोबरा गैंग के नाम से धमकी भरा व्हाट्सएप मैसेज भी किया गया था । मामला दर्ज होने के बाद पुनदाग ओपी विवेक कुमार ने पुनदाग क्षेत्र में जितने भी सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे सभी का खंगाला गया। व्हाट्सएप पर नंबर को तकनीकी शाखा से सहायता लेते हुए के जानकारी प्राप्त हुई कि औरंगाबाद बिहार का यह लोकेशन बता रहा है। तो वहां भी छापामारी किया गयी। इसी छापेमारी के क्रम में हेमंत कुमार सिंह उर्फ मंटू जो कांठीटांड रातू थाना का रहने वाला है मूलरूप से बिहार औरंगाबाद का है। उसका नाम सामने आया पुलिस उसकी तलाश की और फिर हेमंत कुमार सिंह को आलम चौक के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास एक देशी पिस्टल, गोली एवं मैगजीन भी बरामद किया गया। पुलिस के पूछताछ में हेमंत कुमार मंटू ने बताया कि सुनील सिंह उसके चाचा हैं, उसी के मिली भगत से यह योजना बनाई थी । सुनील सिंह, मोहन शर्मा, हीरालाल एवं राजेश महतो के साथ जमीन का कारोबार नगडी के मिराल में चल रहा था। सुनील सिंह द्वारा पैसे को लेकर राजेश महतो एवं हीरालाल साहू पर दबाव बनाया जा रहा था ।

वहीं दूसरी ओर सुनील , मोहन शर्मा के साथ भी एक जमीन लेकर काम कर रही था जिसमें दोनों तरफ से कोर्ट में केस किया गया था। सिटी एसपी के अनुसार कि सुनील सिंह को लाभ नहीं मिलने के कारण वह मोहन शर्मा को मरवा कर उक्त जमीन को भी हासिल कर लेना चाहता था । इसलिए सुनील सिंह द्वारा फर्जी सिम 952351 9506 से कोबरा गैंग के नाम से एक व्हाट्सएप बनाकर जमीन कारोबारी मोहन शर्मा ,हीरालाल साहू और राजेश महतो को धमकी देकर फिरौती की मांग की। इसके बाद पुंदाग ओपी में मामला दर्ज किया गया । हेमंत सिंह उर्फ मंटू के निशान देही पर घटनास्थल से यामाहा एफजेड जे एच 01बीसी 3840 को पंकज उरांव भरनो थाना गुमला के हरदग के तुपुदाना से बरामद किया गया है । पंकज उरांव के बयान पर की सुनील सिंह का नाम आया है। इस पूरे मामले में हेमंत कुमार और पंकज उरांव को गिरफ्तार किया गया है । वहीं सुनील सिंह फरार चल रहा है। इन लोगों के पास एक देशी पिस्टल, जिंदा गोली एक , खाली मैगजीन और यामाहा एफजेड जे एच 01 बी सी 3840 और रियलमी मोबाइल और एक टूनो का मोबाइल और एक जिओ का टूटा हुआ सिम कार्ड बरामद किया गया है। इस छापेमारी दल में हटिया डीएसपी राजा मित्रा, पुनदाग ओपी प्रभारी विवेक कुमार , पुलिस अवर निरीक्षिक बुदी लाल मुर्मू , अनु सेवक कुमार , मंटू कुमार ,सुनील कुमार , प्रदीप शर्मा, संतोष कुमार आदि शामिल थे।

# सरकार पिछड़ा विरोधी है : डॉ देवशरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी केंद्रीय समिति की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन छह जनवरी को पतरातू स्थित लेक रिसोर्ट में होगा। इस बैठक में राजनीतिक, सांगठनिक एवं सामाजिक प्रस्ताव लाए जाएंगे। बैठक में पार्टी के करीब 600 सदस्य शामिल होंगे। यह जानकारी पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने दी है। उन्होंने कहा कि मोरहाबादी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन नवनिर्माण संकल्प समागम में पार्टी ने राज्य के नवनिर्माण के लिए नौ संकल्प लिए थे। इन्हीं संकल्पों को धरातल पर उतारने के लिए निर्णय लिए जाएंगे। समिति में 50त्न युवाओं, 30त्न महिलाओं और राज्य के सभी जाति, वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि राज्य सरकार कहती है कि वो पिछड़ों के प्रति ईमानदार हैं लेकिन यह सरकार असल में पिछड़ा विरोधी है। पंचायत चुनाव में करीब दस हजार पिछड़ों की प्रतिनिधित्व करने के अवसर को इस सरकार ने जीरो कर दिया। सरकार को तय समय के अंदर ट्रिपल टेस्ट और जातीय जनगणना करानी चाहिए थी। सरकार पिछड़ों की भलाई करने की कोई मंशा नहीं है, इनका मुख्य उद्देश्य सिर्फ लोगों की भावनाओं से खेलते हुए अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने की है। राज्य सरकार लोगों को भ्रमित कर रही है। हर साल पांच लाख नौकरी का वादा करने वाली सरकार हजार नौकरी का भी आंकड़ा भी पार नहीं कर पाई। बैठक में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिलाध्यक्ष एवं सचिव, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, प्रमुख एवं उपप्रमुख, महानगर अध्यक्ष एवं सचिव भाग लेंगे। उपाध्यक्ष हसन अंसारी, महासचिव राजेन्द्र मेहता, केंद्रीय प्रवक्ता मनोज सिंह और केंद्रीय प्रवक्ता सुधीर यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

# संवैधानिक अधिकारों को बचाने की लड़ाई है आदिवासी एकता महारैली : तिर्की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** स्थानीय संगम गार्डन हाल में आयोजित रांची और आसपास के ग्रामीण इलाकों से आये आदिवासी संगठनों के अगुवा जनों और छात्र संगठनों ने आदिवासी एकता महारैली को सफल बनाने का संकल्प लिया। विभिन्न क्षेत्रों के सरना समितियों ने बताया कि गांव गांव में जन जागरण अभियान शुरू कर दिया गया है और इस बार भारी संख्या में आदिवासी समुदाय महारैली में भाग लेकर अपने हक़ अधिकार की आवाज को बुलंद करेगा। पूर्व शिक्षा मंत्री बंधू तिर्की ने कहा कि पांचवीं अनुसूची,पेसा कानून,सीएनटी एसपीटी,भू वापसी और दखल देहानी के लंबित मामलों पर त्वरित कार्रवाई,ग्रामीण इलाकों के स्कूलों में शिक्षा को बढ़ावा, बैकलॉग नियूक्ति, युनिफोर्म सिविल



कोड का विरोध, डीलिस्टिंग का विरोध और अन्य झड़खंडी मामलों को पुरजोर तरीके से विरोध किया जायेगा। उन्होंने बताया कि झारखंड में आदिवासियों को धर्म के नाम पर बांटने वाली फासीवादी ताकतों के खिलाफ जनजागरण अभियान भी चलाया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता और आंदोलनकारी लक्ष्मीनारायण मुंडा ने कहा कि आदिवासियों को मिटाने, उसके सभी हक-अधिकारों को समाप्त करने के लिए आदिवासी समुदाय को लड़ाया जा रहा है। वहीं देश के फ़ासिज़्म तानाशाही थोपा जा रहा है।प्रभाकर तिर्की ने कहा कि झारखंड पांचवीं अनुसूची क्षेत्र है और संविधान कानून द्वारा हमारी परंपरा मान्यताओं को लागू किया गया है। दयामनी बारला ने कहा कि आज़ आदिवासी समाज में डीलिस्टिंग मामले को लेकर आदिवासियों को बांटने का प्रयास किया जा रहा है। आदिवासी बुद्धिजीवी मंच के प्रेमचंद मुर्मू ने बताया कि आदिवासी एकता महारैली आदिवासी मुद्दों पर आधारित है। इनके अलावे जगदीश लोहरा, रतन तिर्की, जाय बाखला, शिवा कच्छप,राजेश लिंडा,बेलस तिर्की, दिनेश उरांव, देवसहाय टुटी,लाला महली,दीपक मुंडा,अशोक मुंडा, तुलसी पाहन, सुभाष उरांव, राजेश कुजूर, शिवकुमार भगत, महादेव टोप्पो, कृष्ण लोहरा, सीमा खलखो,नगिया टोप्पो, मुन्ना मुंडा ,अजय तिर्की, योगेन्द्र उरांव , प्रकाश तिर्की आदि लोगों ने अपने अपने विचारों को रखा। इस अवसर बड़ संख्या में विभिन्न संगठनों के सामाजिक कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# श्री श्री परमहंस योगानंद का 131वाँ जन्मोत्सव मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया (वाईएसएस) और सेल्फ़ रियलाइज़ेशन फेलोशिप (एसआरएफ़) के संस्थापक और अत्यन्त लोकप्रिय आध्यात्मिक गौरव ग्रन्थ, योगी कथामृत, के लेखक, श्री श्री परमहंस योगानन्द का 131वाँ जन्मोत्सव, शुक्रवार, 5 जनवरी, 2024 को वाईएसएस के सेक्टर 62 स्थित नोएडा आश्रम में मनाया गया। इस अवसर पर हिन्दी में परमहंस योगानन्दजी की योगदा




सत्संग आत्म साक्षात्कार पाठमाला के नए संस्करण का विमोचन हुआ। इस आयोजन में योगदा के 800 से भी अधिक श्रद्धालु शामिल हुए जिसमें सामूहिक ध्यान, सत्संग और संन्यासियों के प्रवचन हुए। इसके पूर्व सुबह नारायण सेवा में 1200 से अधिक लोगों को गुरु लंगर में प्रसाद वितरित किया गया।इस जन्मोत्सव समारोह का मुख्य आकर्षण रहा सायंकालीन कार्यक्रम में हिन्दी में योगदा सत्संग आत्म साक्षात्कार पाठमाला के नए संस्करण का विमोचन। योगानन्दजी द्वारा विश्व को प्रदत्त क्रियायोग शिक्षाओं का महत्त्व साझा करते हुए वाईएसएस के वरिष्ठ संन्यासी स्वामी ईश्वरानन्द गिरि ने कहा, परमहंस योगानन्द प्रायः क्रियायोग मार्ग, जिसमें ध्यान की वैज्ञानिक प्रविधियाँ सम्मिलित हैं, को ईश्वर तक ले जाने वाला राजमार्ग कहा करते थे।

# घपले घोटाले के कारण यह चार वर्ष झारखंड के काले अध्याय के रूप में याद किया जाएगा : प्रतुल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर पलट वार करते हुए वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार को झारखंड के इतिहास की गरीबों का सर्वाधिक शोषण करने वाली सरकार बताया। प्रतुल ने कहा कि जितना इस सरकार में आदिवासी,महिला उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ी,उतना पहले कभी नहीं था।इस सरकार पर 70000 करोड़ के घपले घोटाले का आरोप लगा। मुख्यमंत्री की सदस्यता पर खुद तलवार लटकी हुई है क्योंकि इन्होंने आम आदिवासियों का तो नहीं सोचा लेकिन खुद माइनिंग मंत्री और मुख्यमंत्री रहते माइनिंग लीज हथिया लिया। मुख्यमंत्री ईडी के समन पर बहाने बाजी कर भगोड़े की भूमिका में दिख रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि मीडिया में यह खबर बढ़ चढ़ कर छपी की राज्य सत्ता पक्ष के अंदर खाने में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं।राजनीतिक गलियारे में खबर है कि मुख्यमंत्री ने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनने के लिए गांडेय सीट खाली करा दिया। लेकिन यह कदम उनका राजनीतिक ब्लंडर साबित हुआ।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में यशवंत राव बनाम इलेक्शन कमिशन आफ इंडिया के मुंबई उच्च न्यायालय के जजमेंट का हवाला देते हुए बताया था कि 1 वर्ष की तिथि की गिनती उस दिन से नहीं की जाएगी जिस दिन से रिक्ति हुई है।बल्कि ये गिनती जिस दिन नया विधायक निर्वाचित होगा, उस दिन से होगी। यानी सरफराज अहमद की आकरण राजनीतिक बलि हो गई।

प्रतुल ने कहा कि इस सरकार में सिर्फ उन आदिवासियों का विकास हुआ जो या मुख्यमंत्री के परिजन है या उनके करीबी है।इनके परिजनों या उनके इनर सर्कल के लोग को ही माइनिंग लीज और जमीन का लीज मिला। प्रतुल ने कहा की हेमंत सोरेन का कार्यकाल झारखंड के काले अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। जब पूरी की पूरी राज्य मशीनरी ने एक होकर राज्य में भ्रष्टाचार का नंगा नाच किया।

# जैप वन का रहा है गौरवशाली इतिहास : आरके मल्लिक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** झारखंड सशस्त्र पुलिस बल (जैप वन) का 144वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर डोरंडा स्थित जैप वन परिसर स्थित मैदान में परेड का आयोजन हुआ। समारोह में जैप के एडीजी आरके मल्लिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि जैप का गौरवशाली इतिहास है। सिर्फ छह साल बाद यह वाहिनी 150वां स्थापना दिवस मनायेगी, जो किसी भी बल के लिए गौरव का विषय होगा। राजकुमार मल्लिक ने कहा कि अंग्रेजी शासनकाल में 1880 में इसका गठन हुआ था। इस वाहिनी ने इतिहास को करवट लेते देखा है। 1947 के विभाजन की त्रासदी और 1971 की जंग के दौरान भी इस वाहिनी को आंतरिक सुरक्षा का दायित्व दिया गया था। उन्होंने कहा कि इतिहास को देखे, सबक लें और आगे बढ़े। विषम परिस्थिति में भी कूल टेंपरामेंट के साथ काम करते हैं, यह बहुत दुर्लभ गुण है।

वाहिनी के जवानों ने खेल के क्षेत्र में भी काफी नाम कमाया है। राष्ट्रीय खेलों एवं कॉमनवेल्थ गेम्स में जैप के खिलाड़ियों ने मेडल जीतकर वाहिनी का नाम बढ़ाया है। मुझे उम्मीद है कि वाहिनी के गौरव में और बढ़ोत्तरी होगी। इससे पूर्व जैप डीआईजी मयूर पटेल कनैयालाल ने अपने संबोधन में जैप वन के इतिहास के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। टंग ऑफ वार तथा खुखरी डांस का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दूसरे चरण में आनंद मेला का आयोजन किया गया। मेला में खाने पीने, गर्म कपड़े सहित मनोरंजन के कई स्टॉल लगाए गये थे।

## नशे में धुत चालक ने एंबुलेंस को डिवाइडर पर चढ़ाया




**रांची :** लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटाटोली चौक स्थित पेट्रोल पंप के पास नशे में धुत झारखंड स्वास्थ्य विभाग के एंबुलेंस ने डिवाइडर में टक्कर मार दी। घटना गुरुवार रात की है। एंबुलेंस में मरीज और उसके परिजन सवार थे। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस को क्रेन की मदद से सड़क के किनारे किया गया। साथ ही मरीज को पास के अस्पताल भेजा।

# पांच दिवसीस फुटबॉल प्रतियोगिता हुआ संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** ओरमांझी के शिव शिष्य परिवार के सौजन्य से जेएसएफ क्लब बरतुआ गणेशपुर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय जय सरना फुटबॉल टुर्नामेंट का आयोजन पंचायत खेल मैदान बरतुआ में आयोजन किया जा रहा है। फाइनल मैच नायक ब्रांड जंगल एफ सी ओरमांझी बनाम जे एस एफ क्लब बरतुआ के बिच खेला गया । निर्धारित समय पर दोनों टीमें बराबरी पर रहीं । इसके बाद ट्रब्रेकर में ओरमांझी ने बरतुआ को 3-2 से पराजित कर खिताब हासिल किया। सेमीफाइनल मैच ओरमांझी बनाम केदल के बीच के बीच खेला गया। जिसमें ओरमांझी ने केदल को 1-0



से पराजित किया। दुसरा सेमी फाइनल मैच बरतुआ बनाम नायक ब्रदर्स गेतलसूद के बिच खेला गया। जिसमें बरतुआ ने गेतलसूद को 2-0 से पराजित कर फाइनल में पहुंचा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिव शिष्य परीवार के आर्चित आनंद और बरखा सिंह ने विजेता को 35 हजार नगद एवं बडा शिल्ड, उपविजेता टीम बरतुआ को 25 हजार रुपये नगद एवं छोटा शिल्ड देकर सम्मानित किया ।ओरमांझी प्रखंड के प्रमुख अनुपमा देवी एवं जिला परिषद सदस्य ओरमांझी पुर्वी सरीता देवी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया का उद्घाटन किया। अतिथि के रूप में रिपब्लिकन पार्टी के प्रदेश महा सचिव प्रीतम साड लोहरा मैच तीसरे एवं चौथे स्थान पर रहे टीमें गेतलसूद और केदल को 5100 /- 5100/- नगद एवं शिल्ड देकर सम्मानित किया ।अवसर पर , अध्यक्ष प्रवेश भोगता (पंचायत समिति सदस्य, जयडिहा), सचिव बिनोद बेदिया (पुर्व मुखिया जयडिहा) संरक्षक चंद्रशेखर चौधरी , शंकर करमाली ग्राम प्रधान बरतुआ, उपाध्यक्ष मोहित करमाली, कोषाध्यक्ष रामराज महतो, मिडिया प्रभारी संतोष , परमेश्वर गंझू, बालकिशोर मुंडा, अमरनाथ भोगता, विपत करमाली ,शिवनारायण महतो , कामेश्वर बेदिया, आदि हजारों दर्शक उपस्थित रहें।

# गांडेय में उपचुनाव की मांग को लेकर झामुमो ने निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति केंद्रीय समिति के द्वारा शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को विधायकों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा गया और गांडेय विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव अविलंब कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि 31.12.2023 को 31-गाण्डेय विधान सभा क्षेत्र से निर्वाचित डॉ0 सरफराज अहमद के द्वारा अध्यक्ष, झारखण्ड विधान सभा को अपना त्याग पत्र सौंपे जाने एवं अध्यक्ष, झारखण्ड विधान सभा द्वारा सविधान के अनुच्छेद-190 (3) (ख) एवं झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 316 के अन्तर्गत डॉ0 अहमद के त्याग पत्र की स्वीकृति के कारण 31-गाण्डेय विधान सभा क्षेत्र -31. 12.2023 के प्रभाव से रिक्त हो गया है। विदित हो कि पंचम झारखण्ड विधान सभा का प्रथम सत्र 06.01.2020 को अधिवेशित हुआ था। भारत के संविधान के अनुच्छेद-172 के अनुसार पंचम झारखण्ड विधान सभा का कार्यकाल - 05.01.2025 तक है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 151ए के अनुसार विधान सभा



का कार्यकाल एक वर्ष से अधिक होने की स्थिति में (जैसा कि वर्तमान परिस्थिति में है) उप-चुनाव छ महीने के अन्दर कराया जाना प्रावधानित है। सर्वोच्च न्यायालय ने प्रमोद लक्ष्मण गुडाधे बनाम भारत निर्वाचन आयोग एवं अन्य मामले में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम का यह प्रावधान आयोग पर बाध्यकारी बताया है। भारत निर्वाचन आयोग ने भी 09 अक्टूबर 2018 को निर्गत प्रेस नोट--E.C.I. /PN/ 70/ 2018 में इस विषय को स्पष्ट किया है कि एक वर्ष से ज्यादा की अवधि शेष होने की स्थिति में रिक्ति के छः महीने में उप-चुनाव कराया जाना आवश्यक है। डॉ0 सरफराज अहमद के द्वारा दिये गये त्याग पत्र के कारण रिक्त हुए 31- गाण्डेय विधान सभा क्षेत्र में अविलम्ब उप-चुनाव कराया जाय। पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, फागु बेसरा , विधायक नलीन सोरेन,भूषन तिर्की,दिनेश विलयम मरांडी, महासचिव विनोद पांडेय शामिल थे।

# 7 से 12 जनवरी तक लगेगा राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** 7 जनवरी से 12 जनवरी तक रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में एक बार फिर राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है ।

इस राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। विशिष्ट अतिथि में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता शामिल होंगे।

इसके साथ ही राज्य सभा सांसद डॉ महुआ माजी, रांची सांसद संजय सेठ और रांची विधायक सिपी सिंह को भी आमंत्रित किया गया है।

बता दें की खादी एवं सरस महोत्सव में कला संस्कृति खेलकूद युवा कार्य विभाग द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। साथ ही विभिन्न राज्यों से भी स्टॉल धारक आएंगे जो अपने-अपने राज्य के खूबसूरत डिजाइनदार परिधान , बंडी, कोट,कंबल, वस्त्र ,कालीन, झूला,खिलौने, लजीज व्यंजन सहित अन्य वस्तुओं एवं सामग्रियों का स्टॉल यहां पर लगाए जाएंगे । हालांकि पिछले बार भी इस तरह के स्टाल लगाए गए थे जिसकी मांग काफी थी। देर शाम तक लोग मेले का भ्रमण करने पहुंचते थे। इस बार भी उम्मीद की जा रही है कि खादी एवं सरस महोत्सव में लोगों की भीड़ उमड़ेगी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
झारखण्ड
रांची, शनिवार, 06 जनवरी 2024 | पेज


## एचएस प्रसाद बाल विकास विधालय के छात्राओं का राज्य स्तरीय गोजू रियू कराटे चैम्पियनशिप में चयन




**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एच. एस. प्रसाद बाल विकास विधालय में अध्यनरत छात्राओं को कराटे प्रशिक्षक कार्तिक चन्द्र महतो द्वारा कराटे प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त छात्रा कुमारी बसुन्धरा, किरण कुमारी, माया कुमारी, प्रिती कुमारी को राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता ताना भगत इंदौर स्टेडियम खेल गाँव रांची में आयोजित 07 जनवरी 2024 झारखंड स्टेट गोजू रियू कराटे चेम्पियनशिप में चयन किया गया है। विधालय संचालक नरसिंह प्रजापति ने झारखंड स्टेट गोंजू रियू कराटे चेम्पियनशिप में चयन छात्रोंओ बाधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उक्त जानकारी कराटे प्रशिक्षक कार्तिक चन्द्र महतो ने दी है।

## आजसू ने जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरण किया



**सिल्ली/मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक सुदेश महतो के निर्देश पर आजसू पार्टी के मुरी पूर्वी के जॉन प्रभारी लक्ष्मण महतो ओर पूर्व जिला परिषद सदस्य गौतम कृष्ण साहू सिल्ली प्रखंड के कुतरु गांव तथा असुरकोड़ा गांव जाकर जरूरतमंद एवं बृद्ध जनों के बीच कम्बल का वितरण किया। मौके पर आजसू कार्यकर्ताओं ने कहा कि क्षेत्र में बढ़ते ठंड के मौसम में गरीब व असहाय लोगो की परेशानी को देखते हुए विधायक द्वारा मदद पहुंचाई जा रही है।आजसू पार्टी हमेशा लोगो की समस्याओं को दूर करने का हर सम्भव प्रयास करते आ रहा है।मौके पर पूर्व मुखिया गोपाल सिंह,माथुर महतो,संतोष मंडल,मनोहर महतो,शक्ति महतो,आदेश महतो वार्ड सदस्य तथा चूल्हा प्रमुख उपस्थित थे।

## जरियागढ़ में स्व. कुमार विश्व नाथ शाहदेव का 41 वां पुण्य तिथि मनाया गया

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छोटा नागपुर की पुरानी रियासत जरियागढ स्टेट के पूर्व राजा ठाकुर महेंद्र नाथ शाहदेव के छोटे पुत्र कुमार विश्व नाथ शाहदेव को उनकी 41 वां पुण्य तिथि पर जरियागढ में शुक्रवार को भावभीनी श्रद्धांजली दी गयी. उनका निधन पांच जनवरी 1983 को जरियागढ में हुआ था. वर्तमान उनकी पत्नी साबिता शाहदेव, बड़े बेटे लाल विजय नाथ शाहदेव, उदय नाथ शाहदेव, धीरेंद्र नाथ शाहदेव है उनके पीछे भरा पुरा परिवार छोडे है. स्व. कुमार विश्व नाथ शाहदेव के चित्र पर बेटे उदय नाथ शाहदेव माल्यार्पण एवंम् श्रद्धांजली दिया गया.



वही जरियागढ़ के बुजर्गो ने स्व. कुमार विश्व नाथ शाहदेव को बहुत ही नेक और इमानदार तथा धार्मिक एवम् सामाजिक व्यक्ति बताते है स्व. शाहदेव 1952 से जरियागढ पंचायत के सरपंच आजीवन रहे. वही स्व. कुमार विश्व नाथ शाहदेव के तस्वीर पर पुरोहित अरुण शर्मा, नटवा मिश्रा, पंचानंद दास, अजय पाढ़ी, उमेश पाढ़ी, घनश्याम दास, संभु शर्मा, राम लखन सिंह, नन्द कुमार सिंह, बिंदेसर सिंह, तीर्थ सिंह, नंदलाल सिंह, बालकिशून साव, डॉ अजीत सिंह, अनिल प्रसाद, मनोज सिंह, श्याम कुमार महाराणा, अजय महाराणा, अजय केसरी, सूरज केसरी, रामा साहू, अनिल सिंह, तारकेस्वर दास, भद्र साहू सहित जरियागढ आस पास के दर्जनों लोगों ने पुष्प अर्पित किया।

## मेला समिति की बैठक संपन्न



**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को मेला समिति का बैठक किया गया । इस बैठक की अध्यक्षता छोटेलाल महतो के द्वारा किया गया । इस बैठक मे सभी वन समिति सदस्य एवं ग्रामीण ने 12 जनवरी को मेला लगाने का निर्णय लिया । एवं कमिटी का गठन किया गया । अध्यक्ष अजय मुंडा सचिव श्रवण कुमार महतो कोषाध्यक्ष सुखनाथ महतो उपाध्यक्ष संजय महतो उपसचिव विकास महतो उप कोषाध्यक्ष संदीप महतो मुख्य संरक्षक सन ज्योति देवी ( पंचायत समिति ) हिंदू उरांव ( मुखिया ) प्रणय वार्य ( समाज सेवी ) संरक्षक धनीराम महतो छोटेलाल महतो जागेश्वर महतो मुकेश महतो कपिल महतो लालमोहन मुंडा रूपचंद भोगता महेश्वर महतो प्रभु दयाल महतो सरिता देवी दुतिलाल बाबूलाल करमाली बिंदेश्वर महतो धर्म महतो राजू चौधरी शांति देवी शिवपूजन महतो उपस्थित थे ।

## सड़क दुर्घटना में घायल रेलवे कर्मी की इलाज के दौरान मौत

**कटकमदाग(हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ग्राम लुटा टोला पुरनाडीह निवासी सुनील कुमार साव पिता बबलू साव की मौत रांची में ईलाज के दौरान हो गई। वह रेलवे में कार्यरत था। उसकी पोस्टिंग आसनसोल में था। सुनील गुरुवार को सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। बताया गया कि वह बाइक से अपने रिश्तेदार के घर जा रहा था। इसी दौरान हेदलाग के करनियाबाध स्थित तेज गति से आ रहा दुसरे बाइक चालक ने अनियंत्रित होकर उसे ठोकर मार दिया। जिससे वह बुरी घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे ईलाज के लिए एसबीएमसीएच हजारीबाग ले जाया गया। चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया। जहां देर रात उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।

## उपायुक्त ने कारा सुरक्षा समिति की बैठक में आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता को लेकर दिशा-निर्देश दिए



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में कारा सुरक्षा समिति से सम्बंधित बैठक की गई। इस दौरान उपायुक्त द्वारा सम्बन्धित पदाधिकारी से कारा सुरक्षा पर विशेष चर्चा करने के क्रम में विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही सी.सी.टी.वी, पेयजल, विद्युत सहित अन्य व्यवस्थाओं की वर्तमान स्थिति पर विशेष विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि कारा सुरक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य सम्बन्धी व्यवस्थाओं को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराया जाना चाहिए। कारा में लगे सीसीटीवी कैमरे की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश भी दिए। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से समन्वय स्थापित कर प्रतिमाह सिक्योरिटी ऑडिट करने का पुलिस उपाधीक्षक, हेडक्वार्टर को निर्देश दिया गया। उप कारा, खूंटी को मंडल कारा में उत्क्रमित किए जाने से सुरक्षा कर्मियों के स्वीकृत पद ड्यूटी पोस्ट एवं बंदी क्षमता के अनुरूप हो जाएगी, जिससे बंदियों की निगरानी एवं नियंत्रित करने में सुविधा होगी, इस संबंध में अधीक्षक उप कारा, खूंटी को कारा निरीक्षणालय से पत्राचार करने हेतु निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त मुलाकातियों के लिए बनाए गए पंजी का उचित रूप से संधारण किए जाने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने अधिकारी से कारा की सुरक्षा सहित भोजन, पानी, शौचालय एवं साफ-सफाई के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कारा में कार्यरत कर्मियों एवं कारा सुरक्षा में तैनात पुलिस बल की उपलब्धता की भी जानकारी ली।

## पंसस व बीस सूत्री की बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों से मांगा जाएगा स्पष्टीकरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कटकमदाग (हजारीबाग) :** प्रखंड मुख्यालय सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति व बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों से संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। जिन विभागों के अधिकारी अनुपस्थित रहें उन पर स्पष्टीकरण का निर्णय लिया गया। प्रखंड में अबुआ अवास में विभिन्न पंचायतों के ग्रामीणों द्वारा सत्यापन सूची से नाम हटाने की शिकायत को लेकर चर्चा की गई। जिसमें कहा गया की 8 जनवरी तक दावा आपत्ति दर्ज करने का समय निर्धारित किया गया है। जिन ग्रामीणों को आवास को लेकर आपत्ति दर्ज करना है। वे शपथ पत्र के साथ प्रखंड मुख्यालय में दर्ज करा सकते हैं। पंचायत समिति से पारित सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी व कर्मियों को दिया गया। 14वें, 15वें वित्त व मनरेगा की लंबित योजनाएं को भी पूर्ण करने पर जोर दिया गया। बैठक में प्रखंड प्रमुख कुमारी बिनीता, बीडीओ एकता वर्मा, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील कुमार ओझा, उप प्रमुख विमल प्रसाद गुप्ता, पंसस रामदुलार यादव, पंसस गोवर्धन गंझू, सदस्य असगर अली, बिजय राम, शिवनारायण कुशवाहा, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. अनिल कुमार दास, बीपीएम राज कुमार, प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी श्रीकांत कुमार, प्रभारी अंचल निरीक्षक विक्रम सोनी, बीआरपी राजेश अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, पंचायत सचिव व प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## मांडर महाविद्यालय में विभिन्न शैक्षिक समस्याओं को लेकर अभाविप के प्रतिनिधिमंडल ने प्राचार्या को सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडर :** मांडर महाविद्यालय में विभिन्न शैक्षिक समस्याओं के सुधार हेतु अभाविप मांडर के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदर्श प्रसाद के नेतृत्व में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ इंदिरा कुमारी को 8 सूत्री मांगों को लेकर दिया गया ज्ञापन। जिसमें प्रमुख मांगे कॉलेज में पार्किंग की समुचित व्यवस्था हो, छात्राओं के लिए कॉमन रूम व सेनेटरी नैपकिन पैड मशीन लगे, पुस्तकालय में पुस्तकों की समुचित व्यवस्था हो, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था हो ,इंग्लिश इकोनॉमिक्स सहित विभिन्न विषयों में शिक्षकों की कमी को दूर किया जाए, गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति हो कॉलेज में फ्री वाई-फाई की व्यवस्था हो सहित विभिन्न मांगे थी नगर मंत्री धीरज प्रसाद एवं इकाई मंत्री सीताराम पहान ने बताया कि महाविद्यालय में विभिन्न समस्याएं हैं कक्षाओं की नियमित सफाई नहीं होती है शिक्षक भी समय से नहीं आते हैं एवं शिक्षकों का व्यवहारभी छात्रों के प्रति अच्छा नहीं रहता है। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदर्श प्रसाद, मांडर नगर मंत्री धीरज सिंह चन्हो नगर मंत्री राहुल ठाकुर, विवेक सोनी मांडर कॉलेज मंत्री सीताराम पहान नगर सह मंत्री राजू रजक नीरज कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राजकीयकृत मध्य विद्यालय कन्दरी में कार्यरत सरस्वती वाहिनी की वरिष्ठ रसोइया की हुई विदाई




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडर :** मांडर प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत मध्य विद्यालय कन्दरी में कार्यरत सरस्वती वाहिनी की वरिष्ठ रसोइया उर्मिला देवी का कार्यकाल पूरा होने पर उन्हें सम्मान पूर्ण रूप से विदाई दी गई। इस दौरान उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया और सभी लोगों के द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक प्रदीप वैद्य ने कहा कि वह काफी लंबे समय से कार्यरत रहीं और अच्छी तरह से अपने कार्य के प्रति योगदान दिया। उनके अच्छी व्यवहार कुशलता के लिए हमेशा से याद किया जाएगा उनकी कमी को तो पूरा नहीं किया जा सकता है लेकिन यह एक नियम है एक उम्र सीमा के बाद सभी कर्मियों की सेवा निवृत्ति होती है। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बाबु पाठक, प्रधानाध्यापक प्रदीप वैद्य, शिक्षक सुबोध कुमार मिश्र, तारकेश्वर नन्द तिवारी, मजीद अंसारी, अष्टमी देवी,के अलावे विद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## दिव्यांग रासमनी कुमारी को पढ़ा लिखाकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी आजसू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सोनाहातु :** रांची जिला अंतर्गत सोनाहातु प्रखंड क्षेत्र में आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सह पुर्व उप मुख्यमंत्री सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार शुक्रवार को राणाडीह निवासी सम्बल सिंह मुण्डा की दिव्यांग सुपुत्री रासमनी कुमारी को आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह विधायक प्रतिनिधि श्याम कुमार महतो और आजसू पार्टी के रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष सह जय हो संस्था के संस्थापक राजकिशोर कुशवाहा ,बुण्डू नगर अध्यक्ष शुभम कुमार ने वैशाखी प्रदान किया।विगत दिनों सिल्ली के विधायक सुदेश महतो से परिजनों ने आर्थिक सहयोग की अपील की थी। जिस पर त्वरित संज्ञान में लेते हुए उनकी सारी जरूरतों , पढाई लिखाई एवं अन्य कार्यो को पूरा करने की समुचित जिम्मेदारी लिए हैं।मौके पर विधायक प्रतिनिधि श्याम कुमार महतो ने कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है बल्कि अपनी इस कमजोरी को बड़ी ताकत में बदलकर दृढ़ संकल्प के साथ जीवन की ऊंचाईयों को छूना ही वास्तविक जीवन का लक्ष्य होना चाहिए हमारे विधायक सुदेश कुमार महतो आमजनों के हर दुख दर्द में साथ रहे हैं भविष्य में भी वो सबके बीच एक बेटा एक भाई के रूप में खड़े रहेंगे। मौके पर सुखसारन महतो, मो सेराज, आकाश महतो, अभिषेक गोराई उपस्थित थे।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(जिला निर्वाचन शाखा)

-: बोलेरो वाहन मासिक किराए पर रखने संबंधी अति अल्पकालीन पुर्न निविदा :-

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 4070/ राँची दिनांक 03.10.2023 के आलोक मे कार्यालय आदेश ज्ञापांक 397 / निर्वा० दिनांक 07.12.2023 द्वारा कार्यालय हेतु बोलेरो वाहन मासिक किराया पर रखने हेतु आमंत्रित निविदा सफल नहीं होने के फलस्वरूप जिला निर्वाचन शाखा, कोडरमा में आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 एवं विधानसभा आम चुनाव 2024 से संबंधित कार्यों के प्रभावी ढंग से संपादन एवं निरीक्षण कार्य के उपयोग के लिए बोलेरो वाहन ड्राईवर सहित बाह्य स्त्रोत के आधार पर माह दिसम्बर 2024 तक रखने हेतु पुर्न निविदा जिला निर्वाचन शाखा, कोडरमा (स्थित समाहरणालय भवन, कोडरमा) में आमंत्रित किया जा रहा है।

अतः इच्छुक एजेंसी जो संलग्न निविदा शर्त के अनुरूप बोलेरो वाहन, चालक सहित उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक हो वे अपना निविदा जिला निर्वाचन शाखा, कोडरमा में दिनांक 13 / 01 / 2024 के पूर्वाहन 11.30 बजे तक जमा कर सकते हैं। निविदा उक्त तिथि को ही अपराह्न 01:00 बजे समाहरणालय सभाकक्ष, कोडरमा (समाहरणालय भवन, कोडरमा) में खुलेगी जिसमें निविदादाता / उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी। निविदा से संबंधित विस्तृत शर्त जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.kodermanic.in पर उपलब्ध है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
सह उपायुक्त, कोडरमा

PR 315200 Election (23-24)_D

## कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – NREP/HAZARIBAG/03/2023-24**

दिनांक 05.01.2024

मद का नाम – जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

1. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 19.01.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 24.01.2024 से 29.01.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान – एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 30.01.2024 को 11:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–7321025542 ई–मेल – nrephazaribag@gmail.com

निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बन्द कर दिया जाता है कि उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ईचाक | राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, ईचाक के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 1,44,46,800.00 | 10000.00 | 289000.00 | एक वर्ष तीन माह |
| 2 | कटकमसांडी | उत्क्रमित उच्च विद्यालय, डांड के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 1,80,53,100.00 | 10000.00 | 361100.00 | एक वर्ष तीन माह |

8. पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉंची के संकल्प सं0–2146(s) दिनांक 09.09.2020 के आलोक में सम्प्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदायें अनुमान्य होगी। 10 (दस) प्रतिशत से न्युन निविदाओं के लिए Additional Preformance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से – (i) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। निविदाओं का निष्पादन उपरोक्त वर्णित संकल्प के आधार पर होगा।
9. इस निविदा में अंकित योजनाओं के लिए भवन निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) झारखण्ड रॉंची में पंजीकृत (नवीकृत) समुचित श्रेणी के संवेदकों के अतिरिक्त केन्द्र सरकार / सैन्य अभियंत्रण सेवाएँ के अन्तर्गत निबंधित झारखण्ड सरकार के समकक्षीय निबंधन श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।

नोट :– केवल ई–निविदा स्वीकृत होगा। प्राक्कलित राशि घट / बढ़ सकती है। अन्य सूचनाएँ वेबसाईट http: www-jharkhandtenders.gov.in/ कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0 / –
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग

PR 315180 Rural Development(23-24)#D

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 34 वर्ष 2023–24

पत्रांक :– .......... /
गुमला, दिनांक :– 04 / 01 / 2024.

1. विभाग का नाम :– जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग, झारखंड सरकार, रॉंची।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र की विक्री की तिथि :– 11.01.2024 को (3:00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एंव समय :– 12.01.2024 को 03:00 बजे अपराह्न् तक
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 12.01..2024 को 3:30 बजे अपराह्न्
6. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला। (2) सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई अनुमंडल, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एंव निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय परिसर, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
8. परिमाण विपत्र का मूल्य :– राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट जों राष्ट्रीयकृत बैंक, गुमला में भुगतेय हो, मान्य होगा।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखंड | योजना मद का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि | निविदा दाता की समुचित श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of AWC Lathatoli, Block- Dumri, Dist.- Gumla | डुमरी | PMAAGY | 631900.00 | 12700.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 2 | Renovation of AWC Konkel, Block- Chainpur Dist. Gumla. | चैनपुर | PMAAGY | 576600.00 | 11600.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 3 | Renovation of AWC Kating, Block- Chainpur Dist. Gumla. | चैनपुर | PMAAGY | 767700.00 | 15400.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 4 | Repairing of Anganwadi at Vill- Tusrukona (Range) Block- Bishunpur Dist. Gumla. | विशुनपुर | PMAAGY | 229906.00 | 4600.00 | 500.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 5 | Construction of Chabutra (40x40x2'x6") at- Tusrukona (Range) Block- Bishunpur Dist. Gumla | विशुनपुर | PMAAGY | 417104.00 | 8400.00 | 750.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 6 | Repair of Jalka Anganbadi Building Under Block- Sisai Dist- Gumla | सिसई | PMAAGY | 728600.00 | 14600.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 7 | Repair of Pandrani Anganbadi Under Block- Sisai Dist. Gumla | सिसई | PMAAGY | 694800.00 | 13900.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 8 | Renovation of Bambahani Anganbadi Kendra At. Vill- Bamhani Panchyat Ramtolya Block- Kamdara Dist. Gumla | कामडारा | PMAAGY | 462600.00 | 9300.00 | 750.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 9 | Renovation of Ichagutu Khas Anganbadi Kendra At. Vill- Ichagutu Panchyat Kuluburu Block- Kamdara Dist. Gumla | कामडारा | PMAAGY | 506300.00 | 10200.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 10 | Renovation of Loyengkel-2 Anganbadi Kendra At. Vill- Loyengkel-2 Panchyat Rampur Block- Kamdara Dist. Gumla | कामडारा | PMAAGY | 569900.00 | 11400.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 11 | Renovation of Surua Barkatoli Anganbadi Kendra At. Vill- Surua Barkatoli Panchyat Salegutu Block- Kamdara Dist. Gumla | कामडारा | PMAAGY | 520000.00 | 10400.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 12 | Renovation of Surua Khas Anganbadi Kendra At. Vill- Surua Khas Panchyat Salegutu Block- Kamdara Dist. Gumla | कामडारा | PMAAGY | 565500.00 | 11400.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 13 | Renovation of Arhara Anganbadi Kendra At. Vill- Arhara Panchyat Konsa Block- Kamdara Dist. Gumla | कामडारा | PMAAGY | 662000.00 | 13300.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |

निविदा की शर्ते :–

1. बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता से निर्गत हुआ हो तथा बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता अवधि निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह तक का हो, मान्य होगा।
2. निविदा में 10% न्युनतम दर से अधिक न्युनतम दर उद्धृत करने पर प्राक्कलित राशि का 20% अथवा 30% अतिरिक्त जमा राशि का डाकधर सावधी जमा पासबुक / बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा ।
3. जो निम्न है:– 1. 10% से 20 प्रतिशत कम दर की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत राशि देय होगा ।

10. निविदा से संबंधित सभी सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापट पर देखा जा सकता है।

E-mial ID – eemidgum@gmail.com.

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

PR 315185 Minor Irrigation (23-24)_D


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**जमशेदपुर में पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने को डीसी की जेएनएसी पार्किंग कमिटी के साथ बैठक**

# पार्किंग कर्मियों के लिए लागू हुआ ड्रेस कोड व आईडी कार्ड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में जेएनएसी पार्किंग कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर में पार्किंग व्यवस्था को लेकर गहन विमर्श किया गया। उपायुक्त ने कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त एवं यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए व्यवस्थित पार्किंग जरूरी है । उन्होने जेएनएसी के उप नगर आयुक्त को यथाशीघ्र पार्किंग का टेंडर प्रक्रिया शुरू कराने के निर्देश दिए। बैठक में समिति ने पार्किंग शुल्क के लिए इलेक्ट्रॉनिक स्लिप देने पर चर्चा किया जिसमें बार कोड, क्यूआर कोड व सीरियल नंबर होंगे जिससे पार्किंग स्लिप को जांच करने में आसानी हो, पार्किंग के नाम पर कोई अनियमितता नहीं कर सके। साथ ही कम से कम 2 घंटे की वैधता के पश्चात अतिरिक्त घंटे के लिए अलग से शुल्क लेने पर विचार किया गया । इसके अलावा उपायुक्त द्वारा पूरे दिन के पार्किंग अवधि के लिए भी पास जारी करने का सुझाव दिया गया । वहीं भीड़ भाड़ वाले स्थानों जहां पार्किंग से सुगम यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न हो सकती है वैसे स्थानों पर पूरे दिन के लिए पास नहीं जारी करने का निर्णय लिया गया।

**• पार्किंग शुल्क के लिए इलेक्ट्रॉनिक स्लिप देने पर विचार**



**पार्किंग कर्मी अनुशासन में रहें, आमजनों से सहज व्यवहार रखें**

उपायुक्त द्वारा सख्त निर्देश दिया गया कि पार्किंग के नाम पर आमजनों के साथ संवेदकों एवं उनके कर्मियों की अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । उन्होने पार्किंग कर्मियों के लिए अनिवार्य रूप से ड्रेस कोड, पहचान पत्र (आईडी कार्ड) लागू करने के निर्देश दिए। चिन्हित पार्किंग स्थलों को छोड़कर किसी निजी घर के सामने वाहन पार्किंग नहीं कराने, तय शुल्क से ज्यादा की वसूली नहीं करने का निर्देश दिया गया। बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन, जेएनएसी के उप नगर आयुक्त रवि प्रकाश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, डीएसपी ट्रैफिक, ट्रैफिक थाना के प्रभारी, विधायक जमशेदपुर पूर्वी एवं जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक प्रतिनिधि, तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कल डहरे टुसु परब के लिए रवाना होंगे झिमड़ी से हजारों टुसु प्रेमी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** क्रांतिवीर वीर शहीद रघुनाथ महतो मूर्ति स्थापना समिति झिमड़ी के तत्वावधान में डहरे टुसु परब आयोजन के लिए जोर शोर से तैयारी चल रही है। गौरतलब है कि जमशेदपुर स्थित साकची आमबागान में 7 जनवरी रविवार को डहरे टुसु परब का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला प्रभारी प्रभात कुमार महतो की अध्यक्षता में एक तैयारी बैठक पारगामा में किया गया। श्री महतो ने कहा कि इस बार शहीद समिति झिमड़ी से निकलने वाली झांकियों में राढ़ सभ्यता से जुड़े वन्य जीवन शैली एवं कृषि सभ्यता की प्रारंभिक काल को दर्शाया जाएगा, जिसकी तैयारी हो चुकी है। इस कार्यक्रम के अगुवाई में अशोक पुनअरिआर, गुणधाम मुतरुआर, पद्मलोचन महतो, विजय महतो, गुहीराम महतो, लखिंदर महतो, सीमंत महतो, भोला महतो, सभापति बांसरिआर, प्रियरंजन बांसरिआर आदि मुख्य रूप से शामिल रहेंगे।

# आखिर नही बचा पाएं घायल भूखे हाथी को

## वन विभाग की लापरवाही का लग रहा आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** नीमड़ीह प्रखंड के आंडा में बुधवार की रात सूखे कुएं में गिरे हाथी की 40 घंटे के बाद मौत हो गई. घायल हाथी की मौत उसे समय हुई जब वन विभाग के कर्मी रस्सी से बांधकर उसे जेसीबी से खींचकर बाहर निकालने का प्रयास कर रहे थे. ग्रामीण इसे वन विभाग की घोर लापरवाही बता रहे हैं. कुएं में गिरने के बाद हाथी को निकालने के लिए वन विभाग गुरुवार सुबह से ही प्रयासरत था. दो जेसीबी और ट्रैक्टर लगाकर हाथी को निकालने के लिए स्लोप बनाया जा रहा था. शुक्रवार दोपहर तक स्लोप बनाने का काम पूरा कर लिया गया था. वही दोपहर एक बजे हाथी को निकालने का काम शुरू किया गया. हाथी को रस्सी से बांधकर उसे खींचकर बाहर निकाल रहे थे. इस दौरान करीब दो बजे हाथी की मृत्यु हो गई. हाथी की मृत्यु के बाद वन विभाग की ओर से बताया गया कि अब मृत हाथी का पोस्टमार्टम कराया जाएगा. हाथी की मृत्यु के सही कारण का पता लगाने के लिए उसका सैंपल फॉरेंसिक जांच के लिए रांची भेजा जाएगा. इस दौरान चांडिल के प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सा पदाधिकारी डा. विष्णु शरण महतो और नीमडीह के प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सक डॉ राजेंद्र प्रसाद अपने टीम के साथ हाथी का ईलाज करने पहुंचे थे.



**वन विभाग के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश**

काशीपुर के ग्राम प्रधान मदन माझी ने इसे वन विभाग की लापरवाही बताया. उन्होंने कहा कि जंगली हाथी मामले में वन विभाग उदासीन रवैया अपनाई हुई है. उन्होंने कहा कि गुरूवार की रात काशीपुर गांव में हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया. लोगों का धान, आलू आदि फसल खाया और मकान को नुकसान पहुंचाया. घटना के बाद से लगभग 16 हाथियों के झुंड घटना स्थल से 100 मीटर के आसपास भ्रमण कर रहे हैं. जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है. वहीं हाथी मामले में ठोस पहल नहीं करने के कारण आंडा, कल्याणपुर, कांशीपुर, लावा, हुटू, तिलाईटांड़ आदि के ग्रामीण वन विभाग प्रति काफी अक्रोशित है.

**विस्थापन का दंश झेलने के बाद अब जंगली हाथी का सामना कर रहे लोग:** ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के वरिष्ठ नेता पंचानन पांडा ने कहा कि दर्जनों गांवों के निवासी चांडिल डैम से विस्थापित है. विस्थापन का दंश झेलने के बाद अब जंगली हाथियों से ग्रामीणों को जान व माल की क्षति का सामना करना पड़ रहा हैं. उन्होंने जंगली हाथी की मृत्यु होने के संबंध में कहा कि हाथी के कुएं में गिरने के बाद विभाग सक्रियता नहीं दिखाई.

## नए अंदाज में पेश हुआ रीबॉक का बिस्टुपुर स्टोर



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रसिद्ध स्पोर्ट्स फुटवियर और अप्पेरल ब्रांड, रीबॉक ने जमशेदपुर में बिस्टुपुर जे रोड स्थित अपने स्टोर को नए अंदाज़ में लॉन्च किया है। 1300 स्क्वायर फ़ीट में फ़ैले जमशेदपुर के इस एकमात्र रीबॉक एक्सक्लूसिव आउटलेट को गुणवत्तापूर्ण स्पोर्ट्सवियर की बढ़ती मांग को पूरा करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है. इस स्टोर के लॉन्च के साथ झारखण्ड में इस के विस्तार को गति मिली है। रीबॉक स्टोर के प्रोप्रिएटर नितिन भाटिया ने बताया कि कंपनी ने बताया कि ग्राहकों को बढ़ती मांग को देखते हुए इसे नए रूप में पेश किया गया है. इसमें रीबॉक की नयी रेंज जिसमें रनिंग, ट्रेनिंग, वॉकिंग और लाइफस्टाइल श्रेणियां शामिल हैं। रीबॉक भारतीय रिटेल बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रहा है, यह रणनीतिक विस्तार भारत के संपन्न युवाओं को उच्चतम गुणवत्ता वाले एथलेटिक जूते, परिधान और सहायक उपकरण प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

## झारखंड आंदोलनकारी अधिकार समिति का वनभोज सह मिलन समारोह आयोजित

**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को चांडिल डेम स्थित रिसोर्ट में झारखंड आंदोलनकारी अधिकार समिति द्वारा वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान राजनीतिक व अलग झारखंड के ले लिए लड़े सभी आंदोलकारी को कैसे सम्मान मिले इसके लिए चर्चा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामा चारुचांद किस्कू शामिल हुए एवं झामुमो के वरिष्ठ नेता सुखराम हेम्ब्रम के नेतृत्व में वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में तरुण दे, समेत कई आंदोलनकारी सामिल हुए।



## श्री सीमेंट ने 'बांगुर' को मास्टर ब्राण्ड के रुप में किया लॉन्च




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के सबसे बड़े सीमेंट निर्माताओं में से एक श्री सीमेंट लिमिटेड ने अपनी कॉर्पोरेट ब्राण्ड पहचान में बड़ा बदलाव लाते हुए मल्टीपल ब्राण्ड पेशकश 'बांगुर' को मास्टर ब्राण्ड के रूप में लॉन्च किया है। बांगुर मास्टर ब्राण्ड का अनावरण जाने-माने बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के साथ एक नए विज्ञापन के साथ किया गया, जिन्हें कंपनी ने अपना ब्राण्ड अम्बेसडर बनाया है। इस अवसर पर नीरज अखोरी, मैनेजिंग डायरेक्टर, सीमेंट लिमिटेड ने कहा कि मास्टर ब्राण्ड के रूप में 'बांगुर' का लॉन्च उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों एवं बढ़ती महत्वाकांक्षाओं पर खरा उतरने की हमारी योजनाओं के अनुरूप है। इस कदम के साथ हम 'बांगुर' को कंपनी के मुख्य ब्राण्ड के रूप में स्थापित करना चाहते हैं और ब्राण्ड को नई एवं स्पष्ट पहचान देना चाहते हैं। इस मेकओवर के द्वारा हमने उपभोक्ताओं के साथ बेहतर तरीके से जुड़ने और उन्हें अपने विशिष्ट उत्पादों के साथ अनूठा अनुभव प्रदान करने का लक्ष्य रखा है। इस समारोह में 8000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें स्टॉकिस्ट, डीलर, रीटेलर और अन्य चैनल पार्टनर्स शामिल थे।

## पानी सप्लाई लाइन पाइप फटने से बस्तीवासी परेशान, विभाग जल्द दुरुस्त करें : अंसार खान

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निर्देशानुसार पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान क्रॉस रोड नंबर 14 जवाहर नगर नीचे बस्ती का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान बस्ती वासियों ने उन्हें पानी सप्लाई लाइन का पाइप फटने के कारण सड़क पर फैले पानी को दिखाया, जिससे क्षेत्र के सड़क पर पानी का सैलाब बहने से राहगीरों को परेशानी होती है। इस दौरान अंसार ने स्कूल के छोटे बच्चों को अपनी गोद में लेकर रोड पर कराया। वहीं अंसार खान ने बस्ती वासियों से कहा उच्च अधिकारियों को समस्या से अवगत कराकर पाइप को जल्द ठीक करवाया जाएगा।



# धानुका एग्रीटेक ने कृषि उन्नति मेला में एग्रीटेक इनोवेशंस को किया प्रदर्शित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वर्ष 2024 की शानदार शुरुआत करते हुए कृषि क्षेत्र में अग्रणी नाम धानुका समूह ने झारखण्ड के सरायकेला स्थित खरसावां में आयोजित एक-दिवसीय कृषि उन्नति मेला सह प्रदर्शनी में भाग लिया और किसानों के हित के लिए अपने विश्वस्तरीय प्रोडक्ट्स और अनोखे समाधान प्रदर्शित किये। कायक्रम का उद्घाटन राज्य के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन और भारत सरकार के केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और आदिवासी मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया। इसमें कृषि क्षेत्र में हो रहे विविध नवाचार और टेक्नोलोजियों को दिखाया गया। साथ ही इसने कंपनियों को किसानों के लिए उत्कृष्ट उत्पाद प्रदर्शित करने के लिए बेहतरीन मंच प्रदान किया। इस प्रदर्शनी में कुल 150 इंस्टाल के साथ धानुका एग्रीटेक की सहभागिता कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रही। झारखण्ड की पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सराईकेला, चाईबासा, रांची और अन्य जिले के 6000 से ज्यादा किसानों के उपस्थिति के साथ कार्यक्रम बेहद सफल रहा। करीब 1000 किसानों ने धानुका की इंस्टॉलों पर उनके लिए उपयोगी उत्पादों और टेक्नोलोजियों की जानकारी ली।

**राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, गम्हरिया के प्राचार्य डॉ संजीव कुमार ने प्रेस वार्ता कर, कहा**

# संस्थान की कुव्यवस्थाओं में सुधार व कर्मचारियों पर अंकुश से परेशान लोग संस्थान को कर रहें है बदनाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** संस्थान की कुव्यवस्थाओं में सुधार लाने तथा मनमाने ढंग से कार्य करने वाले कर्मचारियों पर अंकुश लगाए जाने से परेशान कुछ लोगों द्वारा संस्थान को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। इसी कारण मेरे ऊपर भी उनलोगों द्वारा अनियमितता बरते जाने की भ्रामक खबर फैलाई जा रही है। जबकि मैं किसी प्रकार की जांच के लिए हमेशा तैयार हूं। उपरोक्त बाते एक प्रेस वार्ता आयोजित कर राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, गम्हरिया के प्राचार्य डॉ संजीव कुमार ने कही। उन्होंने बताया



कि विगत वर्ष फरवरी-2022 में इस संस्थान में प्रभार लेने के बाद कई प्रकार की अनियमितताएं सामने आई। संस्थान में तीन मेस चलाया जा रहा था जो किसी प्रक्रिया के तहत नहीं था। इसमे एक मेस पॉलीटेक्निक में ही कार्य करने वाली लक्ष्मी पटेल नामक एक सफाईकर्मी द्वारा चलाया जा रहा था। उसके खिलाफ छात्राओं द्वारा शिकायत किए जाने के बाद कमेटी गठित कर उनकी अनुशंसा पर बन्द कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा संस्थान के एक पुराने जर्जर हॉस्टल में जबरन कब्जा कर चन्दन नामक युवक वर्षो से रह रहा था। काफी मशक्कत के बाद उससे हॉस्टल कब्जा मुक्त कराया गया। इसके अलावा सही ढंग से डयूटी नहीं कर चार वर्षो से लगातार तैनात एक होम गार्ड के जवान को संस्थान से हटा दिया गया। इन कुव्यवस्थाओं पर अंकुश लगाने के बाद राज्य के एक मंत्री से मेरे विरुद्ध गलत शिकायत की गई। उंक्त शिकायत के बाद मंत्री के आदेश पर जिले के एडीसी और एडीएम द्वारा उसकी जांच भी की गई। उस जांच में भी कुछ नहीं पाए जाने के बाद कुछ लोगों द्वारा विरोधी एक चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी की मिलीभगत से संस्थान और मुझे बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। प्राचार्य ने बताया कि उनलोगों के द्वारा लगाया गया सभी आरोप गलत और निराधार है जिसकी जांच की जा सकती है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं के लिए यह संस्थान है जहां हर हाल में अनुशासन में रहकर ही किसी भी कर्मचारी को कार्य करना पड़ेगा।

# करीम सिटी कॉलेज में स्पार्क का विदाई समारोह आयोजित

**प्रियांगशु दास मिस्टर व स्नेहा कुमारी मिस स्पार्कियन बनी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज में गुरुवार को स्पार्क की निवर्तमान समिति के लिए नोस वेमोस थीम पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सौरभ सिन्हा की कविता के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस दौरान समूह नृत्य, गीत और नाटक प्रस्तुत किया गया। मौके पर करीम सिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मो रेयाज़ ने छात्रों के साथ अपने विचार साझा किए। वहीं निवर्तमान समिति का रैंप वॉक और शिउली पालित द्वारा प्रश्नावली दौर का आयोजन किया गया। रैंप वॉक के लिए डॉ. बसुधरा रॉय और डॉ. कौसर तसनीम जज थे। अंत में अदिति सिंह को मिस फेस ऑफ द डे और कविशेक कालिंदी को मिस्टर फेस ऑफ द डे घोषित किया गया। प्रियांगशु दास को मिस्टर और स्नेहा कुमारी को मिस स्पार्कियन घोषित किया गया। पूरे कार्यक्रम का संचालन सना वकील ने किया।



# गालूडीह के प्रियव्रत दत्ता ने बांग्लादेश अन्तरराष्ट्रीय कराटे में जीता रजत व कांस्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घाटशिला :** बांग्लादेश की राजधानी ढाका स्थित बीकेएफसी स्पोर्ट्स विरेज में विगत 27 से 29 दिसंबर तक बांग्लादेश गोजू रियू कराटे चैंपियनशिप 2023 का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में बांग्लादेश के अलावा नेपाल एवं भारत के लगभग 250 कराटेकारों ने भी हिस्सा लिया। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में ऑल इंडिया गोजू रियू कराटे डू फेडरेशन के अध्यक्ष क्योशी एल नागेश्वर राव, सिंहान शहजाद कुरैशी खिलाड़ी प्रियव्रत दत्ता बांग्लादेश में नेतृत्व कर रहे थे। झारखंड के प्रियव्रत दत्ता ने कुमिते प्रतियोगिता 67 केजी वर्ग में कांस्य पदक एवं काता में रजत पदक जीता। बांग्लादेश से लौटे प्रियव्रत दत्ता ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेल कर उन्हें यह अनुभव हुआ कि हमारे क्षेत्र के अधिकतर खिलाड़ी उक्त प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। इसके लिए अधिक प्रशिक्षण लेना होगा. उन्होंने क्षेत्र के सभी अभिभावक से अपील की कि वे अपने बच्चों को अच्छी संस्था एवं अच्छे कोच से प्रशिक्षण दिलाएं, ताकि वह अच्छे रिकॉग्निशन वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेकर भविष्य में कराटे में आगे बढ़ सकें।



# झारखण्ड शिक्षा परियोजना से जुड़े पदाधिकारी व कर्मियों का कार्यशाला आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** एनआर प्लस2 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस सरायकेला में जिले के सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखण्ड साधनसेवी एवं संकुल साधन सेवियों का कार्यशाला शुक्रवार को आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश कुमार, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी एवं राज्य प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम एवं रवि प्रकाश गुप्ता द्वारा किया गया । कार्यशाला में प्रतिभागियों को स्विफ्ट चैट ऐप आधारित डीजी साथ वीकली प्रैक्टिस, शिक्षक सहायक और जिज्ञासा चैट बोट सभी विद्यालय में लागू करने पर चर्चा की गई। शैक्षणिक परामर्शी संस्था कॉन्वीजिनयस के प्रतिनिधि रवि प्रकाश गुप्ता ने बताया शिक्षक और बच्चों को सीखने-सिखाने की प्रक्रिया आसान करने के लिए शिक्षक सहायक शिक्षकों के लिए और डीजी साथ वीकली प्रेक्टिस बच्चों के लिए लांच किया गया है। डिजिटल युग में इस चैट बोट के माध्यम से शिक्षक अपने क्लासरूम जाने से पूर्व शिक्षक सहायक चैट बोट के उपयोग से लेसन प्लान, वर्कशीट और वीडियो के माध्यम से अपने क्लास रूम में सीखने सिखाने की प्रक्रिया को आसान कर पायेंगे। साथ ही बच्चे प्रति सप्ताह शनिवार से अगले शुक्रवार तक साप्ताहिक अभ्यास के माध्यम से अपने सीखने का (लर्निंग) स्तर समझ पायेंगे।



# कचरे का प्रबंधन व हरित इस्पात पर विशेष ध्यान देने के साथ पर्यावरणीय स्थिरता पर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कोरू फाउंडेशन के सहयोग से स्विचऑन फाउंडेशन ने टिकाऊ मुद्दों और पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान के लिए नवीकरणीय ऊर्जा, कचरे का प्रबंधन और हरा इस्पात पर विशेष ध्यान देने के साथ पर्यावरणीय स्थिरता पर होटल सॉनेट, बिस्टुपुर, में एक हितधारक बैठक का आयोजन किया। जलवायु कार्रवाई को प्रेरित करने और उसका जश्न मनाने के लिए झारखंड में मूव फॉर अर्थ आंदोलन को एक सार्थक शुरुआत दें। इस कार्यशाला में पर्यावरण संबंधी मुद्दों के प्रभाव पर विचार करने के लिए शिक्षा जगत, उद्योग, सरकार, जमीनी स्तर के लोग, उद्यमी, गैर-लाभकारी संस्थाओं सहित प्रमुख हितधारकों को बुलाया गया। स्विचऑन फाउंडेशन के सह-संस्थापक विनय जाजू ने कहा, पर्यावरण स्थिरता पर इस हितधारक बैठक में, हम समुदाय के नेताओं, उद्योग विशेषज्ञों और नवप्रवर्तकों को एक साथ लाते हैं। एक साझा प्रतिबद्धता के साथ, हम कचरा प्रबंधन के लिए व्यावहारिक समाधान तलाशते हैं और नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता का दोहन करते हैं। पद्मश्री श्रीमती. पर्यावरणविद् जमुना टुडू ने कहा, स्विचऑन फाउंडेशन को स्थिरता और जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई और बहुत कुछ जैसी पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करने की दिशा में सक्रिय कदम उठाते हुए देखना प्रेरणादायक है। टाटा ग्रुप की एक प्रस्तुति में, डॉ हिसमी जमील हुसैन, सस्टेनेबल एनवी। टाटा स्टील के प्रमुख और टाटा मोटर्स के पर्यावरण प्रमुख श्री प्रशांत कृष्णन ने टिप्पणी की, टाटा समूह में, हम एक दूरदर्शी प्रतिबद्धता अपनाते हैं- हमारे संचालन और मूल्य श्रृंखला के डीकार्बोनाइजेशन को बढ़ावा देने के लिए 2030 तक 1000 प्रतिशत नवीकरणीय बिजली का स्रोत बनाना। इस कार्यक्रम में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध पर्यावरणविद्, डॉ. जोसेफ मारियानुस कुजूर एसजे, निदेशक, प्रमुख - अनुसंधान एवं योजना विभाग पीएचडी, एक्सआईएसएस रांची, डॉ. हिसमी जमील हुसैन, सत्य प्रकाश, जेएसपीसीबी, आलोक सुमन शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक, टाटा स्टील, यूआईएसएल, अजित कुमार सिंह, निदेशक, पर्यावरण केंद्र, प्रशांत कृष्णन, पर्यावरण प्रमुख, टाटा मोटर्स, अनुराधा, बागवानी विशेषज्ञ, टाटा स्टील।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस ने किया मंथन

कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन किया. बैठक में कांग्रेस के राज्य के नेताओं ने अपनी बात रखी. साथ ही यह भी आकलन किया कि अगर सहयोगी पार्टियों के साथ सौदेबाजी करते हैं तो कांग्रेस को कितनी सीटें मिल सकती हैं. पार्टी के राज्य के नेताओं ने कहा कि अगर हम गठबंधन में ज्यादा सीटों की मांग रखेंगे, तभी समझौते का फार्मूला तैयार हो सकेगा. बिहार कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि अगर वाम दल और कांग्रेस 25 सीटों की मांग करते हैं, तो हमें 10-12 सीटें मिल सकती हैं. नेताओं ने कहा कि हम गठबंधन चाहते हैं और जहां तक जेडीयू और राजद को समायोजित करने का सवाल है, तो हम प्लस और माइनस सहन करने के लिए तैयार हैं. झारखंड के नेताओं ने कहा कि हमें 12 का दावा करना चाहिए और 7 से नीचे सहमत नहीं होना चाहिए. बैठक में यूपी कांग्रेस के नेताओं ने 40 सीटों की मांग रखी. लेकिन समाजवादी पार्टी के साथ बातचीत के बाद उन्हें 20 सीटें मिलने की उम्मीद है. वहीं, बंगाल के नेताओं ने कहा कि हमें 6 सीटों की मांग करनी चाहिए. साथ ही टीएमसी से कम से कम 4 सीटों पर बातचीत करनी चाहिए. वहीं पंजाब कांग्रेस, आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन करने के खिलाफ है. दिलचस्प बात ये है कि गठबंधन समिति ने पंजाब के लिए अपनी रिपोर्ट जमा नहीं की है, जो वास्तव में पंजाब में आप-कांग्रेस गठबंधन के लिए एक रेड अलर्ट है.कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की रणनीति, घोषणापत्र और सीट-बंटवारे पर चर्चा की. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी नेताओं से कहा कि वे अपने मतभेदों को भुलाकर एकजुट हों और पार्टी लाइन के बाहर संवेदनशील मुद्दों पर बात न करें, क्योंकि यह अक्सर शर्मिंदगी का कारण बनता है. पार्टी ने लगभग आधी लोकसभा सीटों पर फोकस करने का फैसला किया है, जिन सीटों पर कांग्रेस की जीत की संभावना है. कांग्रेस कुल सीटों में से आधे से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने की सोच रही है. यह तो सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस का अपना प्लानिंग हुआ. इस प्लानिंग से गठबंधन के घटक दल कितना सहमत होते हैं, यह महत्वपूर्ण पहलू हैं। क्योंकि सीट बंटवारे को लेकर इंडिया गटबंधन में खींच तान जगजाहिर है. इस मामले को लेकर महाराष्ट्र में खुलकर लड़ाई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दिखने को मिला. शिवसेना (उद्धव गुट) और कांग्रेस नेता का आपस में टकराव जगजाहिर है. पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री और टीएमसी नेता ममता बनर्जी ने साफ कर दिया है कि वो अपने राज्य में अकेले लड़ाई लड़ेंगी. यानी कांग्रेस और लेफ्ट को सीट शेयरिंग के लिए तैयार नहीं हैं. इसी तरह सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का यूपी में दबदबा देखने को मिल रहा है. अखिलेश लगातार इसके संकेत भी दे रहे हैं.पंजाब, दिल्ली से लेकर महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और यूपी तक में सीट शेयरिंग पर पेंच फंसा है और अलायंस में शामिल पार्टियों के स्थानीय नेताओं में टकराव देखने को मिल रहा है.महाराष्ट्र में इस बात को लेकर चर्चा है कि महाविकास अघाड़ी में शामिल दल कांग्रेस,उद्धव गुट और एनसीपी में सीटों का बंटवारा कैसे होगा. राज्य में कुल 48 लोकसभा सीटें हैं. उद्धव ठाकरे गुट की तरफ से 23 सीटों की मांग की जा रही है. इसकी सूची तैयार कर ली है. हालांकि, अलायंस में शामिल कांग्रेस इसके लिए तैयार नहीं है.कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने 23 सीटों पर शिवसेना के दावे पर आपत्ति जताई है. निरुपम ने कहा है कि अगर शिवसेना 23 सीटों का दावा करती है तो फिर यह भी बता दें कि हमें कौन सी सीट पर चुनाव लड़ना चाहिए. अगर राज्य में शिवसेना-राष्ट्रवादी और कांग्रेस और वंचित बहुजन अघाड़ी एक साथ आते हैं तो गठबंधन की संभावना है. अगर महाविकास अघाड़ी का कोई घटक दल ज्यादा सीटों पर जोर देगा तो नुकसान की संभावना है. कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने कहा है कि शिवसेना (उद्धव गुट) अब काफी कमजोर हो गई है. 23 सीटें देने का सवाल ही नहीं उठ रहा है. उन्होंने पूछा- वो 23 सीटों का क्या करेंगे? उनके सारे नेता चले गए हैं. उनके (उद्धव ठाकरे) उम्मीदवार कहां हैं? अब कोई नहीं जानता कि महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के पास कितने वोटर हैं. कांग्रेस का कहना है कि पूरा देश जानता है कि कांग्रेस के पास कितने वोटर हैं. हमारे पास भी नेता, कार्यकर्ता और वोटर है. एक-दूसरे की कमियों को पूरा करके और एक-दूसरे को साथ लेकर हम मजबूत होकर सामने आएंगे और बीजेपी को रोकेंगे. अगर हमें बीजेपी को रोकना है तो आपस में लड़ने से काम नहीं चलेगा. पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद का कहना है कि हम सिर्फ स्थिति को समझने की कोशिश कर रहे हैं, जो लोग बैठक में आए थे, उन्होंने अपने क्षेत्रों में पार्टी की स्थिति के बारे में चर्चा की. अगले साल लोकसभा चुनाव हैं. यानी कुछ महीने का समय ही बाकी है. इधर ममता बनर्जी ने बंगाल में अकेले चुनाव में उतरने की इच्छा जताई थी. ममता बनर्जी ने कहा था, इंडिया अलायंस पूरे देश में होगा. बंगाल में टीएमसी लड़ेगी और बीजेपी को हराएगी. बंगाल में केवल टीएमसी ही बीजेपी को सबक सिखा सकती है. कोई अन्य पार्टी नहीं.ममता के इस बयान से साफ है कि वो ज्यादा समझौते करने के मूड में नहीं हैं. ममता का बयान भी बताता है कि वो लेफ्ट और कांग्रेस को स्पष्ट संकेत दे रही हैं कि बंगाल में उनका जनाधार नहीं है. चुनावी लड़ाई सिर्फ टीएमसी और बीजेपी के बीच होगी. हालांकि, तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने कहा कि इंडिया अलायंस देश भर में सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगा. मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से गठबंधन ना होने से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी नाराज हैं.अखिलेश अलायंस में यूपी की कमान खुद अपने हाथों में रखना चाहते हैं।

### यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से जहरीली गैस के रिसाव के असर से सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 15 हजार लोग मारे गए और लाखों लोग घायल हुए

# पहले पिछली गलतियों के लिए माफी मांगे, फिर न्याय यात्रा निकाले कांग्रेस

आशीष वशिष्ठ

> राहुल गांधी 6200 किलोमीटर की यात्रा के दौरान 14 राज्यों को कवर करेंगे। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जिस कांग्रेस पार्टी ने देश के बंटवारे के फैसले से लेकर लंबे कालखंड तक तमाम अवसरों पर अन्याय किया है, वो आखिरकार किस मुंह से न्याय यात्रा निकालेगी? 1947 में देश के बंटवारे को लेकर कितने किस्से हम और आप ने सुन रखे हैं, लेकिन जिन्होंने बंटवारे में अपना घर-बाहर और अपने को खोया है, वो सिर्फ एक ही बात कहते हैं कि नेहरू की प्रधानमंत्री बनने की जिद ने बंटवारा करवाया। मेरे पूर्वजों ने भी बंटवारे का दंश सहा है। हिन्दुस्तान की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने बंटवारे की पीड़ितों के साथ हर कदम पर अन्याय किया।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 14 जनवरी को मणिपुर से भारत न्याय यात्रा करने का ऐलान किया है। पार्टी के अनुसार, भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाने के बाद गांधी देश के लोगों के लिए न्याय मांगेंगे। राहुल गांधी 6200 किलोमीटर की यात्रा के दौरान 14 राज्यों को कवर करेंगे। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जिस कांग्रेस पार्टी ने देश के बंटवारे के फैसले से लेकर लंबे कालखंड तक तमाम अवसरों पर अन्याय किया है, वो आखिरकार किस मुंह से न्याय यात्रा निकालेगी? 1947 में देश के बंटवारे को लेकर कितने किस्से हम और आप ने सुन रखे हैं, लेकिन जिन्होंने बंटवारे में अपना घर-बाहर और अपने को खोया है, वो सिर्फ एक ही बात कहते हैं कि नेहरू की प्रधानमंत्री बनने की जिद ने बंटवारा करवाया। मेरे पूर्वजों ने भी बंटवारे का दंश सहा है। हिन्दुस्तान की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने बंटवारे की पीड़ितों के साथ हर कदम पर अन्याय किया। रिफ्यूजी कैंपों की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं थी। बंटवारे के बाद कई महीनों और वर्षों तक शरणार्थियों के निवास प्रमाण पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज नहीं बने थे। शरणार्थियों को कोई विशेष दर्जा, आरक्षण या छूट सरकार ने नहीं दी। नतीजतन, शरणार्थियों की पूरी एक पीढ़ी शिक्षा, नौकरी और तमाम अन्य क्षेत्रों में पिछड़ गई। शरणार्थियों को बंटवारे से ज्यादा दर्द और तकलीफ नेहरू सरकार की बेरूखी, बेइंसाफी और बदइंतजामी ने दिया। 31 अक्टूबर 1984 को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या उनके दो सिख अंगरक्षकों ने की। इसके अगले दिन से ही दिल्ली और देश के दूसरे कुछ हिस्सों में सिख विरोधी दंगे भड़क उठे थे। इन दंगों में सिखों के घरों, दुकानों को जलाया और लूटा गया और उनको मौत के घाट उतारा गया। दिल्ली और अन्य स्थानों पर हत्यारों और लुटेरों की भीड़ का नेतृत्व ज्यादातर कांग्रेस के नेता कर रहे थे। प्रेस एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार इन दंगों में दिल्ली में ही लगभग 2700 लोग मारे गए थे और



देशभर में मरने वालों का संख्या 3,500 के करीब थी। 19 नवंबर, 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री और इंदिरा गांधी के उत्तराधिकारी व उनके पुत्र राजीव गांधी ने दिल्ली बोट क्लब में इकट्ठा हुए लोगों के हुजूम के सामने कहा कि, 'जब इंदिरा जी की हत्या हुई थी, तो हमारे देश में कुछ दंगे-फ़साद हुए थे। हमें मालूम है कि भारत की जनता को कितना क्रोध आया, कितना ग़ुस्सा आया और कुछ दिन के लिए लोगों को लगा कि भारत हिल रहा है। जब भी कोई बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती थोड़ी हिलती है।' प्रधानमंत्री राजीव गांधी के शब्दों में कोई ज़िक्र नहीं था उन हज़ारों सिखों का जो अनाथ और बेघर हो गए थे बल्कि ये वक्तव्य उनके जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा था। दंगों के 21 साल बाद प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने संसद में इसके लिए माफ़ी मांगी और कहा कि जो कुछ भी हुआ, उससे उनका सिर शर्म से झुक जाता है। लेकिन क्या इतना कहने भर से ही सरकार का फ़र्ज़ पूरा हो गया? क्या इससे आज़ाद भारत के सबसे सबसे बुरे हत्याकांड की यादें मिट गईं? सिख दंगों के दोषी कांग्रेसी नेता गांधी परिवार के खास हैं। गांधी परिवार के किसी भी सदस्य ने आज तक हजारों निर्दोष सिखों के कत्लेआम के लिए माफी नहीं मांगी है। साल 1984 में दो दिसंबर की रात को भोपाल में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से जहरीली गैस के रिसाव के असर से सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 15 हजार लोग मारे गए और लाखों लोग घायल हुए। मध्य प्रदेश में उस समय कांग्रेस की सरकार थी और अर्जुन सिंह मुख्यमंत्री थे। केंद्र में भी कांग्रेस की सरकार थी और राजीव गांधी देश के पीएम थे। हादसे के वक्त यूनियन कार्बाइड कंपनी का सीईओ अमेरिकी कारोबारी वारेन एंडरसन था। हादसे के 4-5 दिन बाद यानी सात दिसंबर को एंडरसन भोपाल पहुंचे थे और उन्हें हवाई अड्डे पर ही गिरफ़्तार कर लिया गया था। लेकिन उसी दिन कुछ ही घंटों के बाद उन्हें न केवल ज़मानत मिल गई यहां तक की मध्यप्रदेश राज्य के सरकारी विमान में उन्हें दिल्ली भेजा गया। एंडरसन उसी दिन दिल्ली से अमेरिका चले गए थे। कांग्रेस की सरकार हजारों निर्दोष देशवासियों की हत्या के दोषी को उचित दण्ड और सजा देने की बजाय उसे बचाने और भगाने में मददगार बनी। देश के संत गोहत्या पर प्रतिबंध लगाने के लिए केंद्र सरकार से कानून बनाने की मांग कर रहे थे। पीएम इंदिरा गांधी से अपनी मांग मनवाने के लिए प्रसिद्ध संत करपात्री जी महाराज के नेतृत्व में सात नवंबर 1966 को देशभर के लाखों साधु-संत अपने साथ गायों-बछड़ों को लेकर संसद के बाहर आ डटे थे। सरकार ने लोकतान्त्रिक तरीके से मांग कर रहे निहत्थे साधु-संतों की भीड़ पर गोली चलवाई, आंसू गैस के गोले छोड़े, लाठियां बरसवाईं। जिसमे सैंकड़ों साधु संतों और गोरक्षकों की जान गई। इसमें मरने वालों की संख्या पर विवाद है। इस घटना के अगले ही दिन टाइम्स ऑफ़ इंडिया में छपी रिपोर्ट में पुलिस की ओर से 209 राउंड फायरिंग की बात कही गयी थी। 1985 में सुप्रीम कोर्ट ने एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो के पति मोहम्मद अहमद खान को हर महीने गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया। लेकिन मुस्लिम कट्टरपंथियों के दबाव में आकर राजीव गांधी सरकार ने 1986 में संसद में कानून बनाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया। इस तरह शाहबानो अदालती लड़ाई जीतने के बाद भी हार गईं। कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति ने उन्हें हरा दिया। असल में मुस्लिम बेटी को अदालत से मिला न्याय कांग्रेस की सरकार ने उससे छीन लिया। प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा धारा 370 लगाने के बाद से जो कश्मीरी लोगों के साथ अन्याय हुआ और 90 के दशक में कांग्रेस सरकार की बदनीति के कारण जो कश्मीरी पंडित विस्थापित हुए। वो कहां का न्याय था? सरकारी आंकड़े बताते हैं कि 1990 में 44167 कश्मीरी पंडित परिवारों ने घाटी छोड़ी थी। असल में कांग्रेस ने अपने राजनीतिक नफे के लिए धारा 370 को जिंदा रखा और अलगाववादी ताकतों को फटकारने की बजाय सहलाने और मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति पर बल दिया। 1971 के भारत पाक युद्ध में 93000 हजार पाकिस्तान सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने सरेंडर किया था। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 93000 पाकिस्तानी सैनिकों को तो समझौते के मुताबिक उनके देश वापस भेज दिया। लेकिन आयरन लेडी अपनी सेना के 54 सैनिकों, अधिकारियों और लड़ाकू पायलटों को पाकिस्तान से वापस नहीं ला सकीं। सैनिक परिवार सरकार से न्याय की मांग करते रहे, लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिला। साल 1975 को इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक हित के लिए इमरजेंसी लगाकर संविधान, कानून, राजनीतिक विरोधियों, पत्रकारों, कलाकारों, समाजसेवियों और देश की जनता के साथ जो अन्याय और अत्याचार किये उसके जख्म आज भी हरे हैं।

## दृष्टि कोण

# कट्टरपंथी मुस्लिम शरणार्थियों से यूरोप में बढ़ी मुसीबतें

यूरोपीय यूनियन के सदस्य देश लोकतांत्रिक, मानवाधिकारों की वकालत और उदारवादी चेहरा दिखाने के कारण मुस्लिम शरणार्थियों के कारण मुसीबत में फंस गए हैं। शरण लेने वाले मुस्लिम शरणार्थियों पर कट्टरपन हावी है। इन देशों के कानून मानने के बजाए शरणार्थी अपराधों में शामिल होने के साथ ही इस्लामी शासन की पैरवी कर रहे हैं। यही वजह है कि न सिर्फ युरोपीय यूनियन बल्कि उसके कुछ देशों ने साफ तौर पर मुसलमानों से देश छोड़ कर चले जाने को कहा है। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने इस्लामिक संस्कृति को लेकर कहा कि यूरोप में इसके लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि इस्लामी संस्कृति और हमारी सभ्यता के मूल्यों और अधिकारों के बीच कोई समानता नहीं है और यह एक बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि इटली में इस्लामी सांस्कृतिक केंद्रों को सऊदी अरब फंड देता है, जहां शरिया लागू है। यूरोप में हमारी सभ्यता के मूल्यों से बहुत दूर इस्लामीकरण की एक प्रक्रिया चल रही है। इसी तरह ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि वह



शरणार्थी सिस्टम में ग्लोबर रिफॉर्म पर जोर देंगे। साथ ही उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि शरणार्थियों की बढ़ती संख्या का खतरा यूरोप के कुछ हिस्सों को प्रभावित कर सकता है। मेलोनी की तरह ही नीदरलैंड का प्रधानमंत्री बनते ही इस्लाम विरोधी नेता गीर्ट विल्डर्स ने उन मुसलमानों से देश छोडने का आह्वान किया कि जो धर्मनिरपेक्ष कानूनों से अधिक कुरान को महत्व देते हैं। विल्डर्स ने तो यहां तक कह दिया कि हिन्दुओं का समर्थन करूंगा जिन पर केवल हिंदू होने के कारण बांग्लादेश, पाकिस्तान में हमला किया जाता है या मारने की धमकी दी जाती है या फिर मुकदमा चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि मेरे पास नीदरलैंड के सभी मुसलमानों के लिए एक संदेश है जो हमारी स्वतंत्रता, हमारे लोकतंत्र और हमारे मूल मूल्यों का सम्मान नहीं करते हैं, जो कुरान के नियमों को हमारे धर्मनिरपेक्ष कानूनों से अधिक महत्वपूर्ण मानते हैं। विल्डर्स ने कहा कि मुसलमानों की संख्या 7 लाख हैं और मेरा उन्हें संदेश है, बाहर निकलो। किसी इस्लामिक देश के लिए निकल जाओ। फिर, आप इस्लामी नियमों का आनंद ले सकते हैं। ये उनके नियम हैं, लेकिन हमारे नहीं हैं। शरणार्थियों की समस्या से गले तक भर चुके यूरोपीय देशों ने अब इस समस्या के समाधान के लिए नया समझौता किया है। यूरोपीय संघ और सदस्य देशों ने प्रवासन और प्रश्रय पर नए समझौते के जरिए अपनी प्रवासन नीति में सुधार करने का फैसला किया है। इसके तहत अनियमित रूप से आ रहे लोगों की त्वरित जाँच, सीमा पर डिटेंशन सेंटर बनाना और आवेदन अस्वीकृत होने पर शरणार्थियों को देश से बाहर करना आदि सुधार के रूप में शामिल है। हालाँकि अभी भी 27 सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व करने वाली यूरोपीय परिषद और यूरोपीय संसद द्वारा औपचारिक रूप से समझौते को मंजूरी देने की आवश्यकता है। जिसके बाद ही यह संभवतः वर्ष 2024 में ब्लॉक की कानूनी प्रक्रियाओं में शामिल हो पाएगा। गौरतलब है कि साल 2011 में सीरिया में शुरू हुए गृहयुद्ध के बाद लाखों सीरियाई और पड़ोसी मुल्कों से लोग भागकर यूरोप की शरण में आए थे। तभी यूरोपियन यूनियन ने वादा किया कि वो अपने देशों में लगभग 2 लाख रिफ्यूजियों को रखेगा। ग्रीस, इटली और फ्रांस में उस समय सबसे ज्यादा लोग भरे हुए थे। बाकी देश भी लोगों को स्वीकार करने लगे। इसके विपरीत पोलैंड की सरकार ने कहा था कि शरणार्थियों को रखना यानी अपनी ही तबाही के लिए बम फिट कर लेना है। पोलैंड का यह दृष्टिकोण फ्रांस और दूसरे देशों में सही साबित हुआ। एक मुस्लिम की युवक की मौत के बाद फ्रांस में जबरदस्त दंगे भड़क उठे। ट्रैफिक पुलिस द्वारा पेरिस में चेकिंग के दौरान नाहेल को पुलिस ने गोली मार दी थी। इस घटना में नाहेल की मौत हो गई थी। पुलिसकर्मियों का इस मामले पर कहना था कि लड़के के पास गाड़ी चलाने का लाइसेंस नहीं था।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## छात्र संघ चुनाव नहीं करना छात्रों के मौलिक अधिकारों का हनन : राजेश ठाकुर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश संयोजक छात्र नेता राजेश ठाकुर ने बताया कि कई वर्षों से छात्र संघ चुनाव नहीं होने पर छात्रों के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है 2017 में विनोबा भावे विश्वविद्यालय का चुनाव हुआ था उसके बाद अभी तक छात्र संघ चुनाव कराने की हिम्मत ना सरकार को आई ना विश्वविद्यालय प्रशासन को इस विषय लेकर कहीं ना कहीं छात्र हितों का हनन किया जा रहा है जबकि लिंकदोह कमेटी के द्वारा हर वर्ष छात्र संघ चुनाव कराने का नियम है लेकिन इस नियम का हनन और दोहन राज्य सरकार और विश्वविद्यालय के द्वारा किया जा रहा है और मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है इससे लेकर पठन-पाठन और नेतृत्व क्षमता को राज्य सरकार विश्वविद्यालय के द्वारा कैद किया जा रहा है इन सभी विषयों को लेकर के जल्द ही विनोबा भावे विश्वविद्यालय की कुलपति और राज्यपाल को पत्र लिखकर ज्ञापन सोपूंगा श्री ठाकुर ने बताया कि राज्य सरकार छात्र हितों का हनन की योजना कर रही है छात्र संघ चुनाव नहीं करना राज्य के छात्रों को अपने मौलिक अधिकार और आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है मैं सामान्य परिवार से आए हुए छात्रों का आवाज दबाना चाहती है सभी छात्र संगठन एकजुट होकर छात्र संघ चुनाव कराने को लेकर आवाज़ उठाएं छात्र संघ चुनाव कराने को लेकर एक बड़ा आंदोलन किया जाए ताकि छात्रों का पठन-पाठन और कॉलेज और विश्वविद्यालय के मनमानी व्याप्त भ्रष्टाचार को रोक लगाया जाए छात्र लीडरशिप इस राज्य के लिए आवश्यक है ठाकुर ने कहा इस विषय को लेकर सभी छात्र संगठनों को एक बैठक बुलाई जाएगी और राज्य सरकार के खिलाफ एक आंदोलन किया जाएगा ।अभी तक राज सरकार के द्वारा सीनेट और सिंडिकेट का भी चयन नहीं किया गया है ।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोसो कलां में किया गया फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोसो कलां में शुक्रवार को छात्र-छात्राओं ने बड़े धूमधाम से फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया। साथ ही दसवीं कक्षा के छात्र छात्राओं को विदाई दी गई । इसके तहत स्कूल के बच्चों के द्वारा नृत्य संगीत प्रस्तुत किया गया साथ ही साथ स्कूल में बिताए हुए पलों और अनुभवों को भी साझा किया गया। इस बीच छात्र छात्राओं को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवचरण महतो ने सभी छात्र-छात्राओं को विदाई के दौरान उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें सफलता का आशीष दिया। उन्होंने कहा कि इतने वर्षों तक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से लगाव होना लाजमी है। उन्होंने कहा कि स्कूल ने अपनी जिम्मेदारियों और शिक्षक की भूमिका को हर लिहाज में पूरा करने का प्रयास किया है। उन्होंने विभिन्न मौके पर बच्चों के बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई भी दी। इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक सहित पूरे विद्यालय परिवार के लोग उपस्थित थे।

## सांसद जयंत सिन्हा का स्वागत किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा का स्वागत भाजपा कार्यकर्ताओं ने वीआरएल गेट के समक्ष फूल माला पहन कर किया। नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। स्वागत के क्रम में कार्यकर्ता ने विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर सांसद सिन्हा ने गंभीरता से लेते हुए पहल करने का भरोसा दिलाया। मौके पर प्रकाश मिश्रा, छोटन सिंह, जगेश्वर प्रजापति, उमेश प्रसाद, संजय शाह, सुनील प्रसाद, उत्पल कुमार मुखर्जी, सहदेव ठाकुर, सुबोध प्रसाद, रंजीत प्रसाद, कमलेश बेदीया, मनिंद्र नारायण झा, रामजी राम, प्रेम कुमार, विनय कुशवाहा, अखिलेश ठाकुर, पवन कुमार आदि शामिल थे।

### कांग्रेस ने सिरका लोकल सेल से भ्रष्टाचार दूर करने मजदूरों के बकाया एक करोड़ वापस देने की मांग की

## लोकल सेल लोडिंग मजदूरी 48 सौ होना चाहिए : समसूद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** कांग्रेस सदस्यों ने लोकल सेल सिरका का शुक्रवार को मुआयना किया। इस दौरान यहां के कामगारों से रूबरू हुए। इसे लेकर कांग्रेस जिला रामगढ़ महासचिव समसूद खान ने कहा कि लोकल सेल सिरका के मजदूरों के सवालों पर महाप्रबंधक अरगड्डा को बीते 27 दिसंबर को मांग पत्र सौपा गया हैं। लेकिन दूसरी ओर 15 सौ मजदूरी से 24 सौ मजदूरी किया गया हैं। जो काफी कम है। मजदूरों की मजदूरी 4800 होनी चाहिए। इन सभी मसलों की लड़ाई कांग्रेस लड़ रही हैं। मजदूरों का बकाया पिछला लगभग एक करोड़ रुपए सिरका सेल समिति के द्वारा वापस करना चाहिए, लोकल सेल सिरका में न्याय खत्म हो गया हैं, भ्रष्टाचार में सभी लिप्त हैं, जो एक जांच का विषय हैं। सिरका लोकल सेल को ईमानदारी पूर्वक चलाने के लिए मजदूरों को न्याय दिलाने की आवश्यकता हैं। जिसमें सभी की भागीदारी और सहयोग का आह्वान किया गया है।

## डॉ बी बी प्रसाद को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का चिकित्सा प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर मनोनय किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के प्रख्यात अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ बी बी प्रसाद को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का चिकित्सा प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर मनोनय किया गया है। उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर रामगढ़ जिला के चित्रांशों ने हर्ष व्यक्त किया है। डाक्टर बी बी प्रसाद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने बधाई दी है और राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जितेन्द्र नाथ सिंह तथा राष्ट्रीय महामंत्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है। मौके पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री अरुण चन्दन सिन्हा, डाक्टर शंभू प्रसाद,रंणजय कुमार उर्फ कुंटु बाबु, विनोद कुमार श्रीवास्तव, धन्नजय वर्मा , राजीव पामदत्त, अमित कुमार सिन्हा, राजेश कुमार,बामेश्वर प्रसाद, मुन्ना श्रीवास्तव,प्रो प्रदीप कुमार सिन्हा, अधिवक्ता आनन्द कुमार, कुंवर बक्सी, डाक्टर आर के सिन्हा, डाक्टर के चन्द्रा, डाक्टर उदय श्रीवास्तव, डाक्टर रोहित वर्मा,मनोज कुमार सिन्हा, संजय लाला, सूर्यवंश श्रीवास्तव, अनिल कुमार सिन्हा, सुजीत नारायण सिन्हा, उपेन्द्र कुमार सिन्हा,विरेन्द्र कुमार सिन्हा दीपक कुमार सिन्हा, अनिल कुमार सिन्हा, डाक्टर संजीव कृष्ण जमुवार, आशुतोष कुमार सिन्हा, संजीव कुमार सिन्हा, नितेश रंजन, महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रीति श्रीवास्तव,सुबोध कुमार सिन्हा,प्रो सुधीर दास ,अधिवक्ता अनुज कुमार सिन्हा, संजय कुमार श्रीवास्तव, राजेश कुमार सिन्हा ने भी खुशी जताई और शुभकामनाएं दीं।

## कुज्जू में अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश को लेकर भ्रमण किया गया

**कुज्जू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को कुज्जू में अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलश को लेकर भ्रमण किया गया। यह भ्रमण कुजू के हर मंदिर, मठ, अखाड़ा भगवती मंदिर श्री राम चौक बजरंग अखाड़ा से चरण धाम होते हुए शिव मंदिर कुजू कोलियरी मुरपा दुर्गा मंडप चटनिया हनुमान मंदिर देवी मंडप नया मोड़ हनुमान मंदिर से होते हुए कुंदरिया हनुमान मंदिर वैष्णो मंदिर से होते हुए कुजू शिव मंदिर बाजार ताड हनुमान मंदिर होते हुए लकड़ी गेट शनी मंदिर से होते हुए के बी गेट फॉरेस्ट हनुमान मंदिर में समापन किया गया। मौके पर विश्व हिंदू परिषद, हिंदू जागरण मंच, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता अर्जुन केसरी,राकेश कुमार उर्फ रॉक, दीपक केसरी, आदि भारी संख्या में सम्मिलित होकर इस कार्यक्रम को भव्य बनाया।



## संक्षिप्त खबरें

### मंत्री सत्यानन्द भोगता का तीन दिवसीय दौरा आज से



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** मंत्री सत्यानन्द भोगता तीन दिवसीय दौरा पर आज चतरा पहुंचेंगे। मंत्री सत्यानंद भोक्ता चतरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण कर जनता मालिकों से मुलाकात करेंगे और उनकी समस्याओं से रूबरू होंगे। कई योजनाओं का विधिवत शिलान्यास व उदघाटन करेंगे। साथ ही चतरा स्थित आवासीय कार्यालय में जनता दरबार सह जनता दर्शन कार्यक्रम के अलावे अन्य कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

# भाजपा युवा मोर्चा का लक्ष्य, लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मिले प्रचंड जीत : किसलय तिवारी

### भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभिषेक केशरी के नेतृत्व में संगठनात्मक बैठक संपन्न




प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केशरी की अध्यक्षता में भाजयुमो जिला का संगठनात्मक बैठक भाजपा जिला कार्यालय में सम्पन्न हुआ। बैठक का संचालन जिला महामंत्री दीपक शर्मा ने की। बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप मे भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी भी उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि युवा मोर्चा का सिर्फ एक ही लक्ष्य है 2024 के लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हो। इसके लिए मंडल स्तर तक युवा मोर्चा का मजबूत संरचना खड़ा करना। भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केशरी ने आगामी कार्यक्रम के बारे मे विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी जयंती पर डिबेट प्रतियोगिता किया जायेगा, 24 जनवरी को विधानसभा स्तरीय नव मतदाता सम्मलेन करवाना, डोर टू डोर संपर्क कर नये वोटर से मिलना है। 26 जनवरी को मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा निकालना है और नमो योद्धा बनाना है। स्वच्छता अभियान चलाना है। 22 जनवरी को को सभी युवा अपने अपने घर श्री राम ज्योति दीप जलाएंगे। इस मौके पर नुक्कड़ सभा करना है। बैठक मे मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री अमित साहू, प्रदेश सोशल मीडिया सुमन सौरभ, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, प्रवीण कुमार, जिला मंत्री पवन सिंह, मनीष सिंह, कार्यालय मंत्री शत्रुघ्न ठाकुर, मारुति नंदन, आशुतोष कुमार, मंडल अध्यक्ष घनश्याम यादव, गौतम सिंह, संतोष साहू, गुंजित सिंह, राजेश यादव, नीरज सोनी, बबलू सिंह, दीपक वर्मा, मुकेश कुशवाहा, अंकित सिंह, संदीप सिंह, संजय साव, विवेक केसरी, आशीष मिश्रा, विजय यादव, सत्यवान सिंह, बालेश्वर कुमार, राजा मालाकार, आशुतोष झा, अंकुल गुप्ता, आलोक तिवारी, पंकज साहू, नागेंद्र यादव, रवि कुमार, सहित अनेक युवा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# सांसद सुनील कुमार सिंह ने मां भद्रकाली मंदिर में की पूजा अर्चना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** सांसद सुनील कुमार सिंह ने अपने समर्थकों के साथ मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना की है।इस मौके पर उन्होंने चतरा संसदीय क्षेत्र के सभी लोगों के सुखद और सुनहरे भविष्य की कामना की है। सांसद सुनील कुमार सिंह के साथ सांसद प्रतिनिधि राकेश झा, छोटन ठाकुर, शिव बालक सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष शुभम सिंह, डा मृत्युंजय सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## ठगी के अभियुक्त के घर होगी कुर्की जब्ती

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखंड के शीला ओपी पुलिस ठगी के मामले में एक आरोपी के घर कुर्की जब्ती करेगी। इस बाबत सहायक अवर निरीक्षक विद्यानंद शर्मा ने अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अधिकारी से आदेश का मांग किया है। उन्होंने बताया कि सिमरिया थाना कांड के ठगी



जालसाजी का अभियुक्त अभिजीत कुमार जो गोविंदपुर शेखपुरा पटना बिहार का रहने वाला है लंबे समय से फरार है। ओपी पुलिस उसके घर जाकर ग्रामीणों की उपस्थिति में डुगडुगी बजाकर इश्तिहार भी चिपकाया बावजूद उसने इश्तिहार का तमिला नहीं किया। ऐसे में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी से उसके घर कुर्की जब्ती का आदेश का मांग किया गया है ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

## अबुआ आवास के क्रियान्वयन को लेकर टुन्डाहुटु मे ग्राम सभा हुई संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के टोटी पंचायत अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय टुन्डाहुटु परिसर मे उपायुक्त लातेहार के ज्ञापांक 1481 डीआरडीए दिनांक 18.12.2023 के आलोक में क्षारखण्ड सरकार के महत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास के क्रियान्वयन हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी बारीयातु के ज्ञापांक 05 02.01.2024 के निर्देशानुसार स्थानीय मुखिया शांति देवी की अध्यक्षता में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में अबुआ आवास हेतु आवेदित एवं स्वीकृत सुची को ग्रामीण बिन्देश्वर उरांव ने उपस्थित सभी ग्रामीणों को पढ़कर सुनाया, ग्राम सभा की अध्यक्षा कर रही मुखिया शांति देवी ने बताया कि टुन्डाहुटु ग्राम के 67 जरूरत मंदो को अबुआ आवास स्वीकृत किया गया हैं। मौके पर पंचायत सचिव उमाशंकर सिंह, ग्राम प्रधान चन्द्रगुप्त उरांव, वाई सदस्य बासदेव राम सहित भारी संख्या मे ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद रहे।

## शिवपुर-कठौतिया रेलवे लाइन के कार्य में हो रही है घोर अनियमता कभी भी हो सकती है अनहोनी घटना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत चतरा हजारीबाग मुख्य सड़क एवं इंदिरा के समीप गुजरने वाले शिवपुर-कठौतिया रेलवे लाइन में घोर अनिमियता देखने को मिला है। बताते चलें कि चतरा हजारीबाग में रोड पर बना रहे ब्रिज ढलाई की गई है। जो टेढ़ा (लप) गया है। जिसे छिपाने के लिए कंपनी द्वारा त्रिपाल से ढक दिया गया है। और ढलाई पूर्ण कर दिया गया।जो कभी भी भारी दुर्घटना को निमंत्रण दे सकता है। इससे साफ जाहिर होता है। कि रेल मंत्रालय द्वारा इस साइड में किए जा रहे कार्य में कितनी अनियमित होगी। इसकी गारंटी नहीं है।यदि इससे जांच कर पुणः नहीं बनवाया जाता है तो आने वाला भविष्य में लोगों के प्रति दुर्घटना हो सकती है। जानकारी के मुताबिक काफी चिंता की बात है। ग्रामीणों ने बताया।कि यह पुल का ढलाई जैसे ही संपन्न हुआ।एक दिन के अंदर पुल टेढ़ा हो गया। जिसको कंपनी के द्वारा तिरपाल से पुल को ढक दिया गया है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में सांसद के निर्देशानुसार लगाया गया स्टॉल सभी कर्मी हताश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत द्वारी पंचायत में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। जहां देर से पहुंचे सांसद सुनील कुमार सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। एवं उनके निर्देशानुसार स्टॉल लगाया गया। जिसमें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आंगनवाड़ी, जेएसएलपीएस, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, खाद्यपूर्ति विभाग, सर्वजन पेंशन, बैंक ऑफ़ इंडिया व अन्य विभाग उपस्थित थे। सभी कर्मी सुबह के 11:00 बजे से स्टॉल लगाकर सांसद महोदय का इंतजार कर रहे थे।की कब आएंगे और कार्यक्रम की शुरुआत होगी। परंतु देर से आने की वजह से कर्मी के साथ ग्रामीण भी उदास दिखे।

## भाजपा नेता सुमन सिंह ने श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अक्षत के साथ दिया निमंत्रण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण एवं पूजित अक्षत वितरण किया। इस कार्यक्रम में सभी कार सेवक शामिल हुए।भाजपा किसान मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी प्रभात सिंह के आवास पर कर सेवकों को देसी घी में जलपान कराया गया एवं इस अतिथि सत्कार से सभी कार सेवकों अभिभूत हुए। कार सेवकों ने मर्यादा पुरुषोत्तम राम से प्रार्थना की है कि क्षेत्र के सभी लोगों को ईश्वरीय शक्ति प्रदान करें। भाजपा नेता सुमन सिंह ने बताया कि श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे क्षेत्र में उल्लास का माहौल है। इस मौके पर सभी मंदिरों में भजन कीर्तन का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही मंदिरों के आस पास के क्षेत्रों में साफ सफाई भी किया जाएगा।

# लातेहार की खबरें

## अपराधियो ने जेसीबी पोकलेन व मिक्चर मशीन को फूंका

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखण्ड क्षेत्र के दुरवर्ती पंचायत बालुभांग के लेमसा कुरूमडाडीं क्षेत्र के अमानत नदी पर कश्यप कंसट्रक्शन के द्वारा पुल का निर्माण किया जा रहा है। वहा शुक्रवार को लगभग संध्या साढे तीन चार बजे अज्ञात अपराधियो ने कार्य स्थल पर जेसीबी, पोकलेन ओर मिक्चर मसीन को आग लगा दिया। ज्ञात सुत्रो के अनुसार लगभग 30-35 के संख्या मे वर्दी पहने लोग आए और घटना को अंजाम दिया.वहा काम कर रहे लोगो का मोबाइल भी छिनकर झाडीयों मे फेक दिया. संभावना जताया जा रहा है कि यह प्रतिबन्धित संगठन टीपीसी का काम है. खबर लिखे जाने तक किसी उग्रवादी संगठन ने जिम्मेदारी नही लिया है। पुलिस प्रशासन घटना के संबन्ध में बारिकी से जांच मे जुटी हुई है।

# शिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत स्पोर्ट किट एवं मच्छरदानी का किया गया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** हेरंज थाना परिसर अंतर्गत सीआरपीएफ 11 वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल हेरहंज लातेहार के प्रागंण में मुख्य अतिथि वेदप्रकाश त्रिपाठी कमाण्डेट 11 बटालियन लातेहार के अध्यक्षता में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस दौरान वेदप्रकाश त्रिपाठी ने उपस्थित ग्रामीणों को मच्छरदानी एवं खिलाड़ियों के बीच फुटबाल, वालीबॉल एवं फुटबॉल नेट सेट, वालीबॉल सेट का वितरण किया गया। उपस्थित ग्रामीणों एवं खिलाड़ियों को संबोधित एवं अच्छे भवष्यि की कामना करते हुए सभी का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि शिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत पुलिस व जनताओं के बीच आपसी नजदीकी बनाना ही हमारा उद्देश्य है। ऐसे में लोगों के बीच जरुरत मंद सामग्रियों का वितरण किया जाता है। नागरिकों के आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास और आधारभूत सरंचनाओं का निर्माण भी करते हैं। जिससे इन प्रक्षेत्रों में रह रहे गरीब लोगों तक विकास पहुँच सके। सुरक्षा बल विशेषकर सीआरपीएफ परिचालनों कर्तव्यों के अतिरिक्त समाजिक सरोकारों से भी जुड़ी हैं। समय समय पर सुदूरवर्ती इलाकों में जरूरतमन्द ग्रामीणों के मदद के लिए उनके दैनिक जरूरतों के अनुसार सामान मुहैया कराती है।युवाओं और बच्चों के बीच पढ़ाई व खेल सामग्रियों का वितरण किया जाता है ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी होते रहेंगे, जिससे आम लोगों का सीआरपीएफ़ के प्रति प्रेम, सम्मान बढ़ सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री विनोद कनौजिया द्वितीय कमान अधिकारी 11 बटालियन एवं कुणाल यादव (सहा0 कमा0) सी0/11 वी वहिनी, मुखिया प्रीती कुजुर, वार्ड सदस्य निर्मला देवी सहित सी0 / 11 वीं वहिनी के समस्त जवान उपस्थित रहे।

# केन्द्र सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठा रहे ग्रामीण : हरिकृष्ण सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** प्रखण्ड अंतर्गत कुचिला और मंगरा पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मनिका विधानसभा के पूर्व विधायक सह भाजपा जिलाध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं कार्यक्रम में मौजूद प्रतिनिधियों के द्वारा केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की फेहरिस्त गिनाई गई। जिसमें वहीं मुख्य रूप से उज्ज्वला योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन योजना, स्वास्थ्य से संबंधित योजना आपूर्ति विभाग से निशुल्क राशन गरीब कल्याण अन्न योजना पीएम किसान सम्मान निधि योजना हर घर नल-जल योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम आवास योजना, अंत्योदय योजना, जन-धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो फर्टिलाइजर समेत अन्य योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिला है। जहां कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने माटी कहे पुकार के, मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत नुक्कड़ नाटक किया। मौके पर हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि केन्द्र और मोदी की सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र के किसानों, महिलाओं को सम्मान देते हुए उन्हें कई कल्याणकारी योजनाओं को लाभ पहुंचाया है। किसानों को वर्ष में छः हजार रुपए सीधे उनके बैंक खाते में डालकर उन्हें सशक्त किया है। इस दौरान मौके पर प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अनुज शरण, जनसेवक अरविंद कुमार प्रदीप सिंह, शिबू प्रसाद, दिलीप यदुवंशी, विवेक सिंह मंगरा पंचायत के मुखिया समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** हेरहंज प्रखंड के सल्वे पंचायत में शुक्रवार को हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। जहां मुख्य के रूप में लातेहार विधानसभा के पूर्व विधायक प्रकाश राम मुखिया रिंकू देवी, राजस्व कर्मचारी अलाउद्दीन अंसारी, बजरंगी प्रसाद आदि उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रकाश राम ने केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाएं के बारे में लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। आगे श्री राम ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा बहुत से महत्वकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही है। आपलोगों को इसका सीधा लाभ मिल सके इसी नेक उद्देश्य से हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत आपके गांव आपके पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुखिया रिंकू देवी ने कहा कि आपलोगों को बाहर जाकर काम करने की जरूरत नहीं है आपके गांव आपके पंचायत में ही मनरेगा के तहत बहुत से योजनाएं चलाई जा रही है।मगर जानकारी के अभाव के कारण आप इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं अगर आपलोगों को किसी भी प्रकार की समस्या या जानकारी लेना हो तो आप हमसे सीधा बात कर सकते हैं आपलोगों को हर संभव मदद करने का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के बीच उज्ज्वला योजना के द्वारा लाभूकों को गैस चूल्हा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के महिलाओं द्वारा नागपुरी गीत प्रस्तुत कि गई।

## मां नहीं ले गई बाजार तो 10 वर्ष की बच्ची ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेमरबुढ़नी निवासी विहपन महली की 10 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी कुमारी ने खपरैल छत में लगे कंडी में कपड़े के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में मृतका की मां रजनी देवी ने बताया की दिन गुरुवार को भाई की शादी के लिए शॉपिंग करने महुआडांड़ बाजार जा रही थी। बेटी भी साथ जाने की जिद्द कर रही थी। जिद्द करने के बावजूद उसे लेकर नहीं गई। बाजार में शॉपिंग कर रही थी, इसी दौरान ग्रामीणों के द्वारा फोन पर घटना की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही तुरंत घर वापस लौटी। वहीं घटना की जानकारी होते ही महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव एवं पु अनि अजय कुमार दास पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी आशुतोष



यादव ने बताया की मृतका के मां के द्वारा घटना के संबंध में जानकारी मिली। इतने कम उम्र की बच्ची द्वारा ऐसी घटना कि सूचना पर घटनास्थल पर पहुंच कर जांच किया। शव में ऊपर से किसी प्रकार की चोट नजर नहीं आई। पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। इधर नाबालिक बच्ची के द्वारा आत्महत्या की खबर से लोग भी हैरान है। कई लोगों का तो यह भी कहना है कि सोशल मीडिया बच्चों के भविष्य को खराब कर रही है।

## विद्यालय से कई सामानों की हुई चोरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चमरटोली में शुक्रवार की देर रात अज्ञात चोरों द्वारा विद्यालय के कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखे कई सामानों की चोरी कर ली गई। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य मो0 अख्तर ने बालूमाथ थाना प्रभारी को आवेदन देकर कहा है की उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चमरटोली में शुक्रवार को अन्य दिनों की तरह विद्यालय बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह जब वह स्कूल आए तो विद्यालय के किचन रूम का दरवाजा के कुंडी को टूटा हुआ पाया। अंदर जाकर देखा तो खाना बनाने वाला कई समान तीन डेकची, एक डेग, ढक्कन, दो कलछुल कई सामान गायब मिले। विद्यालय के सहयोगी शिक्षक रेशमा खातून, विद्यालय प्रबंधन समिति धर्मजीत भुइँया, रसोईया रुखसाना खातून के साथ मिलकर आसपास काफी खोजबीन किया। लेकिन सामान का पता नहीं चला। वहीं पुलिस प्रधानाचार्य द्वारा दिए गए।

## ग्रामीणों ने केंड बस्ती से रेलवे लाइन बिछाई जाने का किया विरोध, मांग पत्र सौंपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** प्रखंड के केंड़ पंचायत के ग्रामीणों ने शुक्रवार को जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह की नेतृत्व में बरवाडीह स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी के माध्यम से मंडल रेल प्रबंधक को मांग पत्र देकर केंड़ बस्ती से बिछाए जाने वाली रेलवे लाईन का विरोध करते हुए दूसरे क्षेत्र से रेलवे लाईन बिछाने की मांग किया है।जानकारी के अनुसार धनबाद रेल मंडल के बरवाडीह बरकाकाना रेलखंड के छिपादोहर रेलवे स्टेशन से हेहेगड़ा रेलवे स्टेशन तक पलामू टाईगर रिजर्व क्षेत्र के सघन वन क्षेत्र रहने के कारण इन दोनों स्टेशनों को बंद करते हुए बरवाडीह से सटे उकामांड़ पंचायत से होकर केंड़ बीचोबीच बस्ती से होते हुए अन्य गांव को प्रभावित करते हुए कुमंडीह रेलवे स्टेशन के समीप नई रेलवे लाईन बिछाने का प्रावधान है।ऐसे में रेलवे द्वारा कराई गई सर्वे में केंड़ बस्ती के



बीचोबीच रेलवे लाईन बिछाने का प्रावधान है। विस्थापित होने वाले प्रभु यादव, नंद कुमार यादव, परमेश्वर यादव, बसंत यादव, रोशन कुमार साहू ,विश्वनाथ यादव समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि नई रेलवे लाईन बिछाई जाने से केंड़ बस्ती के 200 घर से अधिक घर के लोग विस्थापित होंगे। विस्थापित इन गांवों के लोगों ने इससे पूर्व गुरुवार को एक बैठक कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि रेलवे द्वारा कराए गए सर्वे से उन लोगों को काफी नुकसान हो रहा है जिससे केंड़ के ग्रामीणों ने केंड़ बस्ती होकर जाने वाली रेलवे लाइउन बिछाई जाने का पुरजोर विरोध किया है।

# आज तीसरे दिन भी करियातपुर में हर घर अक्षत निमंत्रण अभियान जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के करियातपुर में श्री राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आए पूजित आमंत्रण अक्षत वितरण प्रखंड संयोजक चंदन कुमार केसरी सह संयोजक संतोष कुमार प्रजापति के उपस्थिति में आज तीसरे दिन भी जारी है गांव के सभी घर में अक्षत वितरण किया प्रखंड जा राह है प्रखंड संयोजक चंदन केसरी ने कहा कि जल्द ही प्रखंड के सभी घरों तक पहुंच जाएंगे अयोध्या पूजित अक्षत और बताते चले की 22 जनवरी को अपने आस पास के मंदिर में पूजा, हरी कीर्तन,हवन को लेकर भी तैयारी जोरों पर हैं साथ ही साथ घर को सजाकर रंगोली वा भगवा ध्वज लगाकर दीप जलाना है और पटाखों के साथ दीपावली मनना है वा 22 जनवरी के बाद अयोध्या चलना है। अक्षत वितरण में सम्मिलित प्रिया रानी,मनी केशरी, पूनम केशरी, रिद्धि केशरी, नंदनी केशरी, रिंकी केशरी, अर्चना केशरी, किरण देवी, सुनैना, सीमा देवी, पुष्पा देवी, सुलेखा देवी, प्रीति देवी, वीणा देवी, आरती देवी, नीलू देवी, जुगली देवी, किरण वर्मा, चंदन केशरी, संतोष प्रजापति, संतोष केशरी, मुन्ना सोनी, कमलेश कुशवाहा, धर्मेंद्र प्रजापति, संतोष केशरी डीलर, शशि सोनी, अंकित केशरी वा अन्य लोग उपस्थित हुए।




# राष्ट्रीय युवा दिवस 2024 का हुआ भव्य आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** युवा देश के एसेट है। युवाओं को अपने सर्वांगीण विकास के लिए सब के प्रेरणास्त्रोत रहे स्वामी विवेकानंद के जीवन को आत्मसात करना चाहिए। अच्छी किताबों को दोस्त बनाएं तथा देश के बेहतरी के लिए आगे आएं। उक्त बातें उपायुक्त नैंसी सहाय ने राष्ट्रीय युवा दिवस 2024 के अवसर पर मौलाना अबुल कलाम आजाद इंडोर स्टेडियम, हजारीबाग में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद युवाओं से अपने संबोधन में कही। इस कार्यक्रम में हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो एवं रामगढ़ के युवक युवतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह में हिस्सा ले रहे प्रतिभागियों को उपायुक्त ने अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने देश के लिए अपना योगदान देने तथा अपने मेहनत के बलबूते देश और अपने माता पिता का नाम रोशन करने की सिख दी।खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र से सभी युवाओं एवं विद्यार्थियों को अवगत कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रमंडल स्तरीय पेंटिंग, निबंध, क्विज, युवा संसद भाषण एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आज भव्य आयोजन मौलाना आजाद इंडोर स्टेडियम में संपन्न हुआ।

# प्रत्येक कूपन के लिए साइबर सिक्योरिटी कोर्स मुफ्त, डिप्लोमा में 20 फीसदी की छूट : निदेशक

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कंप्यूटर जागरूकता अभियान के तहत सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन ने अपने 26वें स्थापना दिवस पर लक्की ड्रॉ का आयोजन किया था. केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने बताया कि उक्त ड्रॉ में कुल पांच पुरस्कार घोषित थे. जिसके परिणाम 24 दिसंबर को संपन्न हुए पुरस्कार वितरण सह सम्मान समरोह में घोषित किए जा चुके हैं. घोषित परिणाम के अनुसार टिकट संख्या 814 प्रथम पुरस्कार, टिकट संख्या 491 द्वितीय पुरस्कार, टिकट संख्या 519 तृतीय पुरस्कार, टिकट संख्या 021 चतुर्थ और टिकट संख्या 733 चतुर्थ पुरस्कार के लिए चयनित किए जा चुके है. सभी विजेताओं को उनका पुरस्कार 6 जनवरी से हजारीबाग रोड स्थित सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन में 11 बजे से 2 बजे तक दिए जायेंगे. सभी विजेता अपने कूपन जमा कर पुरस्कार प्राप्त कर सकते है. यह पुरस्कार एक महीने के अंदर ले जाना अनिवार्य होगा अन्यथा विजेता पुरस्कार से वंचित रह सकते है. निदेशक ने बताया कि यह ड्रॉ कंप्यूटर जागरूकता को लेकर केंद्र की ओर से प्रत्येक वार्षिकोत्सव पर कराया जाता है. जिसका मुख्य उद्देश्य आम लोगो तक कंप्यूटर शिक्षा पहुंचाना है. इसी उद्देश्य से कूपन लेने वाले प्रत्येक जागरूक व्यक्ति को साइबर सिक्योरिटी का कोर्स मुफ्त कराए जा रहे है. इच्छुक व्यक्ति जिसके पास कूपन है वह हमारे केंद्र में 15 जनवरी तक निःशुल्क कोर्स में अपना नामांकन करवा सकते है. प्रशिक्षणोंपरांत प्रमाण पत्र भी दिए जायेंगे. इसके साथ ही अन्य डिप्लोमा कोर्स में 50 फीसदी छूट भी दिए जा रहे है. यह छूट निर्धारित सीट और सीमित समय के लिए ही है।



# अंतिम यात्रा में शामिल हुए टीएसएस केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू



**बरही (हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के पंचमाधव पंचायत अंतर्गत ग्राम पड़िरमा निवासी जिबलाल रविदास के पुत्र बिरेन्द्र रविदास का आकस्मिक निधन हो गया। शुक्रवार को इनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में टीएसएस केंद्रीय अरूण साहू शामिल हुवे। मौके पर परिजनों से बात करने पर बताया की मृतक आंध्रप्रदेश में गाड़ी चलाते थे। वहां करंट लगने से उनका असामयिक निधन हो गया। वहीं मौके पर उपस्थित लोगो ने उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। मौके तिलेश्वर साहू सेना के बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, कामेश्वर रविदास, रमेश रविदास, महावीर रविदास, बद्री रविदास सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पंचायत प्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने 180 लाभुको के बीच किया कंबल का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** कड़कड़ाती ठंड में राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त कंबल का वितरण धनवार पंचायत में किया गया। कम्बल का वितरण स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, पंचायत सचिव राजेंद्र मिश्रा,सामाजिक कार्यकर्ता सह महिल नेत्री ममता देवी, पंचायत समिति सदस्या संतोषी कुमारी, वॉर्ड सदस्य बालेश्वर कुमार, लक्ष्मी कुमारी, ब्रहमदेव यादव, प्रकाश साव, उमेश यादव, मौजूद रहे। सर्दी के तेवर मौसम में कम्बल पाकर गरीब गुरबा लोगों की आंखों में खुशी के आंसू आ गए। मौके पर उपस्थिति ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मानो जीवन में सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। इस बवात बुजुर्ग कारू साव ने कहा कि आज हर कोई अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति में दिन रात व्यस्त हैं। उन्होंने कपकपाती ठंड में सैकड़ो जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध कराने के लिए सराहना की, महिला समाजसेवी ममता देवी के संबोधित करते हुए कही कि ठंड में गरीब को गर्म वस्त्र मिल जाए तो मानो जिंदगी मिलती हैं। कंबल पाने वाले में सुखदेव यादव, दरोगी पंडित, वासुदेव यादव, राशिदन खातून, अकबर मियां, अब्दुल कादिर, सलीम खातून, जमीला खातून, सबीना खातून, शाहिदा खातून, बिनती देवी, भुनेश्वरी देवी, जिरिया देवी, जागेश्वर राणा सरस्वती देवी, विष्णी देवी, गीत देवी, भटनी देवी, धनिया देवी, नारायण महतो, पार्वती देवी, द्रोपति देवी ,मंजू देवी, सोनिया देवी, मंगरी देवी, शांति देवी,मालती देवी, पुष्पा देवी, जिरवा देवी, कामेश्वरी देवी, सीता देवी, लीला देवी, बुधु राणा, शान्ति देवी, भोला सिंह, प्रयाग ठाकुर, बिंदु देवी, सहित अन्य लाभुक मौजूद थे।

# विष्णुगढ़ आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल में अलंकृत किऐ गए छात्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ चेडरा में स्थित सीबीएससी मान्यता प्राप्त आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल में अलंकरण समरोह का भव्य आयोजन किया गया।उक्त समारोह में छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के योग्यतानुकूल बैच देकर उन्हें जिम्मेवारी सौपीं गई।इसमें स्टार, मेघावी कैप्टन, हाउस कैप्टन, विद्यालय कैप्टन की अंग विशेष रहे।मेघावी बैच उन छात्रों को समर्पित किया गया जिन्होंने अर्धवार्षिक परीक्षा में 80-90 प्रतिशत अंक हासिल किया। समारोह का शुभारंभ छोटे-छोटे बच्चों के स्वागत गान के साथ किया गया। आयोजित समारोह में विद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे अपने भविष्य को सुंदर एवं सफलता की प्राप्ति तभी कर सकते है जब समाज, परिवार,गुरु के बताए मार्ग पर चलेंगे, और आज के इस समारोह में जो आप सबो को बैच दिया जा रहा है, उसके महत्व एवं गरिमा का पूरे मन से अनुशासन में रहकर सम्मान करें जिससे आपकी कार्यक्षमता प्रदर्शित होते रहे।इस मौके पर मुख्य रूप से मैनेजिंग डायरेक्टर सागर कुमार, शिक्षक तृप्ति दास, अनिल कुमार, रीता कुमारी, राहुल कुमार उपाध्याय, रेणु कुमारी, अजित कुमार मिश्रा, अर्चना कुमारी, रवि कुमार, नीलम कुमारी, प्रीति कुमारी, सुमन कुमारी, मो.सैफुल्ला, प्रतिभा अंसारी, स्वाति कुमारी, ताजुद्दीन अंसारी,सिमरन कुमारी, महजबी नाज, रवि पांडेय, राजेश शर्मा, गुणाधर देवी, प्रतिमा देवी, यशोदा देवी समेत काफी संख्या में अभिभावक एवं छात्र शामिल थे।

# एसपी से मिले झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार एवं जिला के मुख्य संयोजक संजीव कुमार बेदिया ने अपने सहयोगियों के साथ एसपी अरविंद कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात किया।श्री बेदिया ने एसपी से जिले में व्याप्त करप्शन और नशाखोरी पर नकेल कसने का आग्रह किया। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने इन समस्याओं के बेहतर निष्पादन का भरोसा दिलाया।मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, नीलकंठ महतो, इजहार अंसारी, रामकिशोर मुर्मू, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय कुमार सिंह, वीरेंद्र राणा, मो राजा खान, मोहम्मद सरफराज, गौरव पटेल , मो कुदुष अंसारी, नईम अंसारी, सुरेंद्र बांडो, मोहम्मद आसीन खान, उज्जवल सिंह, मनोहर राम, रवि सिंह, दिगंबर मेहता, लखन लाल महतो, श्रीनाथ महतो, रामचंद्र मेहता, दिनेश पासवान, सुरेंद्र बांडो, सरोज मेहता, मोहन सोरेन, कपिलदेव चौधरी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थें।

# तिलेश्वर साहू सेना का हुई विधानसभा स्तरीय बैठक, अहम बिंदुओं पर हुई चचा



**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तिलेश्वर साहू सेना के विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित हुई। जिसमें तिलेश्वर साहू सेना के बरही व पदमा प्रखंड के पदाधिकारी, पंचायत प्रभारी, संयोजक व अध्यक्ष शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता तिलेश्वर साहू सेना के बरही प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार व संचालन बरही प्रखंड प्रधान महासचिव विष्णुधारी महतो ने किया। कार्यक्रम में तिलेश्वर साहू सेना के मूल विचारों को जन जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूती पर बल दिया गया। वहीं आगामी विधानसभा चुनाव में अरूण साहू के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही टीएसएस के कार्यकर्ताओं ने संघर्ष, संकल्प एवं विकास के मुद्दों के साथ आगे बढ़ने और कार्य करने का प्रण लिया। मौके पर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराने का निर्देश दिया और सेवा भाव से उस समस्या का निराकरण करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने कहा कि बरही विधानसभा के हरेक व्यक्ति की मदद हेतु मैं सदैव आप सबों के बीच आपका बेटा व भाई बनकर खड़ा रहूंगा। मौके पर बरही के प्रखंड उपाध्यक्ष में छोटन ठाकुर, प्रकाश दास, प्रकाश विश्वकर्मा, बरही प्रखंड मीडिया प्रभारी बबलू साहू, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मो जमीरूद्दीन,बरही प्रखंड युवाध्यक्ष सन्नी गुप्ता, गौरियाकरमा पंचायत मीडिया प्रभारी मनोज पांडे, करियातपुर पंचायत प्रभारी रामेश्वर रविदास, खोडाहर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, पदमा प्रखंड युवाध्यक्ष गोविंद मेहता, पदमा प्रखंड प्रवक्ता करण ओझा, केदारूत पंचायत अध्यक्ष प्रदीप कुमार दास, पिंडारकोन पंचायत प्रभारी जिबलाल साव, डरपोक पंचायत प्रभारी अशोक चंद्रवंशी, कुटीपीसी पंचायत सचिव बंगाली मेहता, बरसोत पंचायत उपाध्यक्ष अजीत राम, सूरजपुरा पंचायत प्रभारी मनोज मेहता, सूरजपुरा पंचायत अध्यक्ष रौशन मेहता, बिहारी पंचायत अध्यक्ष मुकेश मेहता, करसों पंचायत प्रभारी रामधारी राणा, केदारूत पंचायत प्रभारी किशोर दास सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# अदाणी फॉउंडेशन की डिजिटल पहल: 52 बच्चों ने सफलतापूर्वक पूरा किया कंप्यूटर ट्रेनिंग कोर्स

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर (एएसडीसी) के सहयोग से बड़कागांव प्रखंड के बच्चों के लिए निःशुल्क कंप्यूटर ट्रेनिंग कोर्स की शुरुआत की है। इसके तहत पहले बैच के 52 विद्यार्थियों को अदाणी फॉउंडेशन की ओर से डाटा इंट्री ऑपरेटर पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने पर सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इसके साथ ही सबसे अधिक अंक लाने वाले शीर्ष दस बच्चों को आकर्षक फेयरवेल किट् देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मौजूद हरली पंचायत के पूर्व मुखिया महेंद्र महतो और शिव दयाल महतो ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन का यह प्रयास प्रशंसनीय है। आज के समय में कप्यूटर शिक्षा का ज्ञान बच्चों के लिए बहुत ही जरूरी है। इससे उन्हें आगे चलकर रोजगार के कई अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने इस प्रयास के लिए अदाणी फॉउंडेशन को बधाई दी। एएसडीसी द्वारा 15 दिसंबर 2023 से शुरू किये गए इस केंद्र में पहले बैच के बच्चों को हजारीबाग के शिक्षक विकास जयसवाल ने कंप्यूटर और इंटरनेट के गुर सिखाए। उन्होंने बताया कि अब यहां दूसरे बैच भी शुरु हो चुका है। **95 : अंकों के साथ योगेंद्र टॉपर, टॉप 10 में सात लड़कियां।** कंप्यूटर प्रशिक्षण के शुरू हुए पहले कोर्स में 95 फीसदी अंकों के साथ योगेंद्र प्रसाद साव ने टॉप किया। वहीं, टॉप टेन में दूसरे स्थान से लेकर आठवें तक लड़कियों ने अपनी सफलता का परचम लहराया। इसमें रूपा कुमारी, करीना कुमारी, अलका कुमारी, पूनम कुमारी, अंजलि कुमारी, रूपवन्ती कुमारी और कविता कुमारी शामिल हैं। वहीं, नौवें और दसवें स्थान पर क्रमशः विशाल कुमार यादव और सुनील चौधरी रहे।




# माण्डू विधायक ने विष्णुगढ़ प्रखण्ड नरकी और बारा में रखी आधारशिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** मांडू विधायक सह भाजपा सचेतक जयप्रकाश भाई पटेल ने विष्णुगढ़ पहुँचकर विश्वहिन्दू परिषद द्वारा आयोजित अयोध्या जी श्री राममंदिर निर्माण का पूजित अक्षत के वितरण समारोह में अपनी भागीदारी देते हुए, सैकड़ो की सँख्या में घर-घर पहुँचकर निमंत्रण उनके द्वारा दिया गया।आस्था के साथ-साथ विकास की परिभाषा लिखते हुए माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने आज दिनाँक 05 जनवरी 2024 को माण्डू विधानसभा क्षेत्राधीन हज़ारीबाग जिला के विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत पंचायत-नरकी के ग्राम- रंगामाटी एवम सपमरवा के बीच बोरो नाला पर लगभग 3,1764100 (तीन करोड़ सत्तरह लाख चौंसठ हजार एक सौ रुपये) की लागत से बनने वाले पुल की आधारशिला रखी।अन्य कार्यक्रम में डीएमएफटी मद से बनने वाले विष्णुगढ़ के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बारा में शौचालय एवं चहारदीवारी के निर्माण कार्य का विधि पूर्वक शिलान्यास किया। इस मौके पर माण्डू विधायक ने कहा कि आस्था के साथ-साथ विकास ही नए और मजबूत भारत की नींव है। इस मौके पर मुख्य रूप से विश्वहिन्दू परिषद विष्णुगढ़ अध्यक्ष शंकर सोनी, बजरंग दल जिला सह संयोजक वरुण कुमार, मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, महामंत्री गुरु प्रसाद साव, हिरामन महतो ,रोहित सोनी, शंकर स्वर्णकार, संतोष कुमार महतो, दिनेश कुमार मंडल समेत सैकड़ो की संख्या में महिला पुरूष समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।

# झारखंड राज्य दफादार-चौकीदार पंचायत की बरही अनुमंडल कमिटी की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** शुक्रवार को अब्दुल कलाम पार्क में झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत शाखा बरही अनुमंडल कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामदेव प्रसाद व संचालन जिला सचिव मुन्नीलाल पासवान ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश के कृष्ण दयाल सिंह मौजूद थे। बैठक में कई निर्णय लिए गए, वही एक छः सूत्री मांग को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी को मांग पत्र सोपा गया। जिसमें चौपारण थाना की महिला चौकीदार को महिला कैदी हाजत से भगाने के मामले में चौपारण थाना प्रभारी द्वारा प्रताड़ित करने पर रोक लगाई जाय, एसीपी एवम एमएसीपी का लाभ दिया जाए, सेवा काल में मृत चौकीदार महादेव गोप के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी, सेवांत लाभ और पारिवारिक पेंशन दिया जाए, झारखंड सरकार के गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पत्रांक के आलोक में ही ड्यूटी कराई जाए, बरही थाना के कैदी हाजत में मृत कैदी के मामले में चौकीदार विनोद राम और अमर पासवान को फसाने पर रोक लगाई जाए, कैदी की निगरानी करने के लिए थाना प्रभारी द्वारा कमान पत्र नहीं दिया जाए, सेवा काल में बरही थाना के मृत चौकीदार महादेव गोप को प्रताड़ित करने वाले के संबंध में शिकायतकर्ता के आवेदन पत्र पर जल्द कार्रवाई की जाए, पिछले 14 वर्षों से वर्दी भत्ता नहीं मिला है, सभी बकाया जोड़कर वर्दी भत्ता का भुगतान किया जाए आदि मांग शामिल है। अनुमंडल चौकीदार दिगवार का कार्यकारिणी संगठन का किया गया गठन~ मौके पर अनुमंडल के चौकीदार दिग्वार का कार्यकारी संगठन का गठन किया गया जिसमें कार्यकारी समिति का गठन किया गया। जिसमें अनुमंडलीय अध्यक्ष सत्यानंद कुमार दास बरही थाना, सचिव अशोक रविदास चौपारण थाना, कोषाध्यक्ष गणेश पासवान पदमा ओपी, उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह बरकट्ठा को बनाया गया।



# बरही आरओआईएस के तीन क्रिकेट खिलाड़ी खेलेंगे साउथ एशियन प्रतियोगिता में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** सॉफ्ट क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित राष्टीय प्रतियोगिता मथुरा में झारखंड के महिला टीम ने केरला टीम को हराकर कप पर कब्जा जमाया था। इस राष्टीय प्रतियोगिता में झारखंड टीम को जिताने में रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल बरही के तीन क्रिकेट खिलाड़ियों ने अहम भूमिका निभाई। जिसके आधार पर तृप्ति गुड़िया, ऋचा शर्मा, प्रतिज्ञा का चयन नेपाल में आयोजित साउथ एशियन सॉफ्ट क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए किया गया है। तीनो खिलाड़ियों का चयन अंतर राष्टीय प्रतियोगिता में होने से बरही समेत पूरे झारखंड में चर्चा का विषय बना हुआ है। तीनो खिलाड़ियों को विद्यालय के प्राचार्य अनूप कुमार ने स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चयन हुए खिलाड़ियों ने इसका श्रेय खेल शिक्षक प्रिंस मिश्रा व अपने माता पिता और महासचिव मिताल कुमार को देते है। प्राचार्य अनूप कुमार ने बताया की तीनो बेटियो ने बरही को गौरवान्वित किया है। खिलाड़ियों को विद्यालय के उप प्राचार्य आलोक कुमार, शिक्षक वंशिका चौरसिया, संजय रविदास ने हार्दिक बधाई दी है। प्राचार्य ने बताया कि तीनो खिलाड़ी 26 जनवरी को नेपाल काठमांडू के लिए रवाना होंगे।

# किशोरी राणा ने किया गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चौपारण प्रखंड के विभिन्न गांवों में किशोरी राणा ने गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान श्री राणा ने कहा कि हमारी संस्था नव झारखंड फाउंडेशन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कंबल वितरण कर रही है, और आगे करती भी रहेगी । उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिए गए कंबल काफी लोगों तक नहीं पहुंच पाता है, जिससे गरीब लोग वंचित रह जाते हैं। बेबस लोगों के बीच कंबल का वितरण करना हमारा मुख्य उद्देश्य है, ताकि लोगो को इस कप कपाती ठंढ से लोगो को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि मैं पिछले दस वर्षो से गरीब लोगो के प्रति सजग हुँ और आगे भी रहूँगा। कंबल वितरण में राजकरण पाण्डेय, रंजन सिंह, सतीश पाण्डेय सुमन रॉय, अशरफ खां दयानंद यादव, अमित सिंह,अविनाश मिश्रा आदि कई ग्रामीणों का योगदान रहा।

# जिलाध्यक्ष की अगुवाई में अंचलाधिकारी से मिला जदयू प्रतिनिधि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जनता दल यूनाइटेड का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा के नेतृत्व में सदर अंचल अधिकारी से मुलाकात कर सदर प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के बारे में अवगत कराया।डेलिगेशन ने बरघुटवा ग्राम में हल्का 9 के म्यूटेशन संबंधी चर्चा भी की ।विगत एक महीने पूर्व इस कार्य को अंचल निरीक्षक और हल्का कर्मचारी ने अपना कार्य कर अंचल अधिकारी को अग्रसारित कर दिया था और यह म्यूटेशन पिछले एक माह से सदर कार्यालय में अंचल अधिकारी के पास लंबित है । कई बार जदयू के प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद कुशवाहा ने अंचल अधिकारी महोदय को इस कार्य के लिए ध्यान आकृष्ट कराया लेकिन लगातार उन्होंने टालमटोल का रवैया अपनाया। थक हार कर प्रखंड अध्यक्ष ने लिखित तौर पर इस कार्य हेतु आवेदन दिया। अब अंचल अधिकारी का कहना है कि उपायुक्त के यहां से जब तक मार्गदर्शन प्राप्त नहीं होता तब तक यह कार्य नहीं होगा। पदाधिकारी के इस व्यवहार से जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी आहत हैं। इस विषय पर लिखित तौर पर आवेदन देकर प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि यह कार्य एक सप्ताह के अंदर संपादित नहीं होता है तो हमारी पार्टी सदर प्रखंड कार्यालय परिसर में आंदोलन धरना प्रदर्शन प्रजातांत्रिक तरीके से करने को बाध्य होगी। इसकी प्रतिलिपि हजारीबाग उपायुक्त को भी सौंप दी गई है। प्रतिनिधि मंडल में जदयू प्रवक्ता राकेश ठाकुर, प्रदेश अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के महासचिव रोमी सलूज, महानगर उपाध्यक्ष नजराना परवीन गुलशन राज एवं अनिल सिंह शामिल थे।



# सहायक अध्यापक खिरोधर ठाकुर के निधन पर शिक्षकों में शोक की लहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्राथमिक विद्यालय बादम के सहायक अध्यापक पारा शिक्षक 50 वर्षीय खिरोधर ठाकुर ग्राम बादम निवासी का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन से शिक्षकों / शिक्षिकाओं में शोक व्याप्त है। अंतिम संस्कार बादम नदी घाट में किया गया। निधन की खबर सुनते ही शिक्षकों ने उनके आवास बादम पहुंचकर परिजनों का ढाढ़स बढ़ाया। झारखंड प्रदेश सहायक अध्यापक एकत्रित संघर्ष मोर्चा के बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम की अध्यक्षता में 2 मिनट का मौन रख भगवान से आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। खिरोधर ठाकुर कई माह से बीमार थे। प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि मृतक के परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी जाए और सहायता राशि प्रदान की जाए। मृतक अपने पीछे पत्नी दो पुत्र एवं एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम, प्रखंड सचिव पारस प्रसाद, संकुल अध्यक्ष नरेश यादव, रंजीत प्रसाद सिंहा, अशोक सिंह, कृष्ण दयाल महतो, कर्पूरी ठाकुर, दीनानाथ महतो, सुबोध नायक, जलाल सगीर, इंदु देवी, कमाल सगीर, आफाक अहमद, नईम अहमद, योगेंद्र साव, बालेश्वर साव, मोतीलाल गिरी, देव प्रकाश, शोभा देवी, कृतन कुमार , बीरबल गोप , शांति टुटी , लालदेव गोप, शिवनाथ महतो, इंदू देवी ढलन साव, गंगाधर लोहरा, आलोक कुमार, गिरधारी प्रसाद, राजेंद्र कुमार सहित प्रखंड के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हैं।

## अयोध्या से आए पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र का वितरण उरीमारी में किया गया



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव प्रखंड के उरीमारी पंचायत क्षेत्र में शुक्रवार सुबह अयोध्या से आए पुजित अक्षत व निमंत्रण पत्र उरीमारी के दूकानदार व प्रत्येक घरों में दिया गया। सर्वप्रथम अयोध्या से आए कलश का उरीमारी पहाड़ी शिव मंदिर में पुजा अर्चना कर ग्रामीणों में बाटा गया। वहीं इस निमंत्रण पत्र के माध्यम से 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन उरीमारी क्षेत्र के हर घरों में पांच पांच दीपक जलाकर महोत्सव मनाया जाएगा। अक्षत व निमंत्रण में मुख्य रूप से लक्ष्मी देवी, राजपति कुमार,कमल साव, कैलाश प्रसाद, अशोक साव, नरेश प्रजापति, मुकेश प्रजापति, चितरंजन दांगी, सुनील उरांव, यशराज, हर्षराज, दशरथ प्रजापति,अजय दांगी,बिजय साव इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक बेड़ो लापुंग में होगी आयोजित



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पर्यावरण मंच(बीएमएस) की राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक आगामी 27 व 28 फरवरी 24 को बेड़ो लापुंग साई मंदिर झारखंड के प्रांगण में आयोजित होनी हैं। इसे लेकर पर्यावरण मंच के प्रदेश संयोजक प्रशांत बेलथरिया ने हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा को निमंत्रण पत्र सौंपा है। बताया गया कि दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से पर्यावरण मंच के पदाधिकारीगण उपस्थित होंगे। जिसमें देश के पर्यावरण से जुड़े सवालों- जवाबों व इसे कैसे अच्छा बनाया जाए, इस संदर्भ में अपने तर्क रखेंगे। इसके लिए पर्यावरण मंच के पदाधिकारी सदस्य लगातार कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए।

## पोंटगा में घर मापी के लिए वंशावली मांगे जाने पर सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताई



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव प्रखंड के पोटंगा पंचायत अंतर्गत रसकाटोला में ग्रामीणों की एक बैठक शुक्रवार को की गई। जिसकी अध्यक्षता जूरा सोरेन व संचालन विजय सोरेन ने किया। बैठक में सीसीएल प्रबंधन द्वारा घर मापी हेतु वंशावली मांगें जाने का पुरजोर विरोध किया गया। वहीं सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि सीसीएल प्रबंधन के द्वारा घर मापी करने से पूर्व वंशावली की मांग करना सरासर गलत है। इससे पहले भी कई मकान को यहां से हटाया गया है जिसमें वंशावली की मांग नहीं की गई थी। फिर अचानक से सीसीएल प्रबंधन वंशावली की मांग कर हम ग्रामीणों को सिर्फ कागजी कार्यवाहियों में उलझाना चाह रही है। सीसीएल प्रबंधन को जब जमीन की जरूरत होती है तो मीठी-मीठी बातों से रैयत ग्रामीणों को अपनी ओर मिला लेते है और यही रैयत ग्रामीण जब विस्थापित हो जाते हैं तो सीसीएल प्रबंधन का व्यवहार बदल जाता है। ऐसे में हम अपनी पहचान ही मिटाते जा रहे हैं और सीसीएल प्रबंधन हमारी जमीनों से कोयला निकालकर करोड़ों रुपया मुनाफा कमा रही है वही इस मामले में ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी बड़कागांव को एक पत्र सौंपा है। जिसमें लिखा गया है कि सीसीएल प्रबंधन के द्वारा घर मापी हेतु जबरन वंशावली बनाने हेतु हम ग्रामीणों पर दबाव बनाया जा रहा है जबकि इससे पूर्व में जिन ग्रामीणों को घर खाली करवाया गया उस समय ग्रामीणों से किसी प्रकार का कोई वंशावली की मांग नहीं किया गया था। वहीं पत्र के अंत में लिखा है कि उपरोक्त विषय अति संवेदनशील है। जिसे उचित कार्रवाई करते हुए हम आदिवासी परिवारों का उचित हक अधिकार दिलाने एवं जान माल की सुरक्षा प्रदान करने की कृपा करें इसदौरान मुख्य रूप से गुप्ता कुमार सोरेन, राजू सोरेन, राजेंद्र सोरेन, अमित मरांडी, मोहित सोरेन, नेहा कुमारी, नरेश सोरेन, लुदवा मांझी, शांति देवी, नागेंद्र टुडू, किरण देवी, कंदनी देवी, सरजू सोरेन, दकलू टुडू, मठु टुडू, जतरू मांझी, मुंशी मांझी, मनीराम मरांडी, सुनीता देवी, टेमने देवी, मंझली देवी, कर्मी देवी, कमलेश सोरेन, बुधना हेंब्रम, सिकेंद्र सोरेन, लोखना टुडू सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## अयोध्या रूपी 12 जनवरी को बोरोबिंग गांव दिखेगा : चन्दशेखर

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला के चितरपुर प्रखण्ड, बोरोबिंग पंचायत के बोरोबिंग गांव में श्रीराम अयोध्या धाम से पूजित अक्षत का वितरण पूरे गांव में सभी ग्रामीणों के सहयोग से पूरे ग्राम में हर्षोल्लास के साथ घर-घर वितरण किया गयाद्य साथ ही साथ अयोध्या धाम से पूजित अक्षत कलश एवं राम दरबार का श्रद्धा पूर्वक पूजा अर्चना सभी ग्रामीणों के द्वारा किया गयाद्यइस यात्रा में सभी ग्राम के महिला पुरुष एवं बच्चे भाग लिए यह शोभा यात्रा श्री श्री हनुमान,शिव,पार्वती एवं लक्ष्मी नारायण मंदिर बोरोबिंग से भव्य भगवा शोभायात्रा के साथ पूरे गांव का भ्रमण किया गयाद्य भ्रमण के दौरान निमंत्रण अक्षत एवं पत्रक भी दिया गयाद्य आगामी 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्री राम जी का प्राण प्रतिष्ठा का संदेश एवं निमंत्रण दिया गया यह निमंत्रण पाकर गांव के सभी सभी लोग बहुत ही आनंदित हुएद्य आगामी 22 जनवरी को अपने घरों में दीप उत्सव मनाने का संकल्प लियाद्य इस कार्यक्रम में विश्व परिषद जिला मंत्री छोटू वर्मा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रदेश सह मंत्री गौतम कुमार महतो, बजरंग दल प्रीतम ,ललन लहरी, दीपक कुमार दाँगी, प्रेम कुमार,चंद्रशेखर कुमार, विक्रम चौधरी, सुरज करमाली, अजय कुमार, ब्रजेश कुमार, रुपेश कुमार,डॉक्टर मेघनाथ महतो, बबलु करमाली आदी ग्रामीण शामिल हुए।




# श्रीराम पावर स्टील प्राइवेट लिमिटेड में एक फिटर की दर्दनाक मौत

### आक्रोषित मजदूर प्लांट के गेट पर डेड बॉडी को एंबुलेंस में रखकर नौकरी और मुआवजा की मांग कर रहे है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ के कुजू मुरपा में श्रीराम पावर स्टील प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कार्यरत फिटर रामबाबू राय जो बिहार के बेगूसराय के रहने वाले थे जो श्री राम पावर स्टील फिटर में कार्यरत थे यह रोज दिन की तरह अपने काम पर लगभग 250 से 300 की ऊंचाई पर वेल्डिंग का काम कर रहे थे अचानक एंगल के टूट जाने के कारण रामबाबू के छाती में आकर लगा और रामबाबू नीचे गिर गए सभी मजदूरों ने एंबुलेंस की मांग की पर श्री राम प्रबंधन एंबुलेंस देने में असमर्थ रही करीब 1 घंटे बाद मजदूरों द्वारा एंबुलेंस बुलाया और घायल रामबाबू को अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई यह घटना दिनांक 4 / 1 / 2024 की शाम करीब 4ः00 के आसपास की बताई जा रही सभी आक्रोषित मजदूर प्लांट के मुख्य द्वार के गेट पर डेड बॉडी को एंबुलेंस में रखकर नौकरी मुआवजा की मांग कर रहे हैं मजदूरों का कहना है कि कंपनी में सेफ्टी नाम का कोई चीज नहीं है, अगर सेफ्टी बेल्ट होता तो आज राम बाबू के साथ यह घटना नहीं घटती सेफ्टी के नाम पर ना ही जूता दिया जाता है ना हेलमेट और नहीं सेफ्टी बेल्ट सभी मजदूर अपने-अपने जूते पहन कर आते हैं मौके पर कुजू पुलिस पहुंचकर मामले को शांत करने में लगे हुए सूत्रों के हवाले से पता चला है कि कंपनी 200000 मुआवजा देना चाहती है पर मजदूर इसका विरोध कर रहे हैं महंगाई को देखते हुए 2 लाख में क्या होगा रामबाबू के पांच परिवार है जिसमें दो बेटे है जिनकी शादी भी करनी 2 लाख में क्या होगा सभी मजदूर उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं जब तक मांग पूरी नहीं होगी तब तक सभी मजदूर हड़ताल पर है सभी तरह के काम बाधित है किसी को अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है



## विभिन्न श्रमिक संगठनों के नेता गिद्दी सी के परियोजना पदाधिकारी से मिले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** पूर्व के तयसुदा कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को विभिन्न श्रमिक संगठनों के नेता गिद्दी सी के परियोजना पदाधिकारी से मिले और गिद्दी सी के वर्तमान हालात के विषय से उनको अवगत कराया साथ परिस्थिति को देखता हुए अविलंब नेयायोचित निर्णय लेने का आग्रह किया,परियोजना पदाधिकारी ने इस पुरे विषय के गंभीरता को देखते हुए अविलंब निर्णय लिया की हमने पूरे मामले की जांच के लिए कह दिया है और बहुत जल्द इसका निर्णय लिया जाएगा वह समय 20 जनवरी के पहले होगा। परियोजना पदाधिकारी के आश्वाशन के बाद वार्ता को सफल मानते हुए समाप्त कर दिया गया। इस वर्त में मुख्य रूप से तिवारी महतो, पुरुषोत्तम पाण्डेय, बैजनाथ मिस्त्री, अरुण यादव,गोतम बनर्जी, शशि सिंह, सतेंद्र कुमार, जनमजय सिंह, गुड्डू यादव, मधुसूदन सिंह, अवधेश उपाध्याय, कृष्ण सिंह, अजय सिंह, सुनील दुबे, निकेश सिंह, इत्यादि मौजूद थे।

## 14 जनवरी को मकर संक्रांति टुसू महोत्सव मनाने को लेकर कमेटी गठित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रजरप्पा क्षेत्र के चितरपुर प्रखंड अंतर्गत भेड़ा नदी के बाभनदरहा घाट में 5श जनवरी को ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें झारखंड के लोक संस्कृति और ऐतिहासिक मकर संक्रांति टुसू मेला को सफल 14 जनवरी 2024 को धूमधाम से मानने को लेकर एक बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता पंचम महतो एवं संचालन जगेश्वर महतो नागवंशी ने कियाा बैठक के माध्यम से सर्व समिति से टुसु मेला संचालन हेतु कमेटी का गठन किया गया जिसमें संरक्षक कमल महतो अध्यक्ष पंचम महतो सचिव दशरथ महतो एवं अशोक चौधरी, इंद्रजीत महतो,मनोज कुमार चौधरी, विनोद महतो, देवेंद्र कुमार, चंदन महतो, पवन कुमार, शशि कुमार, डब्लू कुमार, गोपाल कुमार महतो, मोनिका कुमारी, सुलेखा कुमारी, खुशबू कुमारी, ज्योति कुमारी, संजय कुमार महतो, जगदेव महतो, रोशन कुमार, टेकलाल कुमार आदि को सदस्य चुना गया जगेश्वर महतो नागवंशी ने बताया कि झारखंडी संस्कृति का प्रतीक टुसू परब में इस वर्ष दिनांक 14 जनवरी 2024 को 11ः00 बजे दिन से चितरपुर से लेकर बाभनदरहा घाट तक डहरे टुसू शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है जिसमें चितरपुर, मायल, सोढ़, तेवरदाग, साण्डी मारंगमरचा भुचुंगडीह, कोयहारा, खोखा, सिरका, तोयर, हुप्पु, बयांग आदि गांव की टुसू टीमें सहित गोला चितरपुर एवं दुलमि प्रखंड की टीमें विशेष रूप से भाग लेंगे जिसकी सफलता के लिए कमेटी का गठन किया गया आज के बैठक में मथुरा महतो, सुधीर कुमार अकेला, तुलसी महतो, विनोद महतो, मिथुन महतो, संतोष कुमार, मणिलाल कुमार, गोविंद कुमार, प्रकाश कुमार महतो, कामदेव महतो आदि उपस्थित हुए।



## सामाजिक सुरक्षा शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ जिला समाहरणालय अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों की शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा की।इस दौरान उपायुक्त ने ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को सर्वजन पेंशन योजना सहित अन्य पेंशन योजनाओं के लाभ से आच्छादित करने हेतु अभियान मोड में कार्य कर शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया वहीं इसके लिए उपायुक्त ने जिले के प्रमुख चौक चौराहों व अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों में होर्डिंग लगाने सहित व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।पेंशन योजनाओं के लाभुकों के आधार एवं मोबाइल नंबर लिंक करने संबंधित कार्यों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने जल्द से जल्द शत प्रतिशत पेंशन लाभुकों का आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर लिंक करने का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने पेंशन योजनाओं के लाभको को भी नियमित रूप से पेंशन प्राप्त करने हेतु अपने आधार कार्ड को मोबाइल नंबर के साथ लिंक करने के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पेंशन योजनाओं के तहत लाभुकों के आधार कार्ड सीडिंग कार्यों के लिए शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए गए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत सामाजिक सुरक्षा शाखा अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं के लाभ हेतु आए आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को अगले दो दिनों तक अभियान मोड में कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी पदाधिकारी सामाजिक सुरक्षा शाखा, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, एसएमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।



## पोंटगा के विस्थापित नेता सह समाजसेवी ने वनभोज का आयोजन कराया

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**उरीमारी :** उरीमारी के न्यू बिरसा पोंटगा विस्थापित नेता सह समाजसेवी संतोष सिंह ने शुक्रवार को दामोदर तट पर वनभोज सह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। वहीं इस वनभोज कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग,समाजसेवी, विस्थापित ग्रामीण आदि लोग शामिल हुए। इसदौरान लोगों ने स्वादिष्ट पकवान के साथ प्रकृतिक मनोरम दृश्य का आंनद लिया। वहीं नागपुरी गानों पर कुछ युवा थिरकते हुए नजर आए और साथ ही एक दुसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। आयोजककर्ता संतोष सिंह ने कहा कि वनभोज के माध्यम से लोगों को आपस में जोड़ने का मौका मिलता है इससे लोग आपसी द्वेष भावना को भुलकर एक दूसरे से मिलने का मौका मिलता है वहीं इस मौके पर मकुन सिंह,राम सिंह, गोपाल सिंह,अमर सिंह, संजय सिंह, संजय यादव, सुखेन्द्र सिंह, बिना देवी,निर्मला देवी,जगनारायण सिंह,प्रदीप सिंह, सचीता देवी, प्रियंका देवी, मंजू देवी, संदीप कुमार उपेंद्र कुमार प्रमोद कुमार सिंह तीजा देवी सीमा देवी इंदु देवी अरमान सिंह इत्यादि लोग मौजूद थे।

## 30 जनवरी से गांधी की प्रतिमा स्थल पर महेश्वर साहू करेंगे 72 घंटे का भूख हड़ताल

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ क्रांति की धरती है. आजादी की लड़ाई के समय रामगढ़ की पवित्र धरती पर हमारे आदर्श राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के भी चरण पड़े हैं, और सबसे बड़ी बात तो यह है कि यहीं दामोदर नदी के किनारे बापू का समाधि स्थल भी है। झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में भी रामगढ़ की क्रांतिकारी धरती का काफी योगदान रहा है. यह खबर आप झारखंड लेटेस्ट न्यूज पर पढ़ रहे हैं। यहां तक कि वैश्य आंदोलन और अभियान की शुरुआत भी रामगढ़ जिले के भुरकुंडा से की गई थी. इसलिए एक बार फिर से ओबीसी को 27त्न आरक्षण, जाति आधारित जनगणना, वैश्य आयोग का गठन, छोटे व्यवसायियों-दुकानदारों की 10 लाख रु. तक की ऋष्टा माफी, वैश्य समाज की हो रही जमीन लूट, सरकारी उपेक्षा, अनदेखी, पुलिसिया अत्याचार, अपहरण, हत्या, लूट, प्रताड़ना के खिलाफ आदि मुद्दों को लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर आगामी 30 जनवरी से रामगढ़ स्थित गांधी के प्रतिमा स्थल पर मैं स्वयं (महेश्वर साहु) भूख हड़ताल पर बैठूंगा.यह चार दिवसीय भूख हड़ताल रात-दिन का है, जो 72 घंटे बाद 2 फरवरी को समाप्त होगा. इस कार्यक्रम में प्रत्येक दिन झारखंड के विभिन्न जिलों के सैंकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे. प्रत्येक दिन विभिन्न राज्यों के वैश्य नेताओं को भी आमंत्रित किया जा रहा है. अब आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए वैश्य मोर्चा तैयार है। उपरोक्त जानकारी झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने दी है. श्री साहु ने बताया कि इस संबंध में रामगढ़ के एसडीओ, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, आयुक्त (हजारीबाग) एवं उपायुक्त (रामगढ़) को सूचना दी जा चुकी है।

## आदिवासी भूमि पर जिला उपायुक्त रामगढ़ तत्काल दखल दिहानी कराएं : देवकीनंदन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिवासी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक देवकीनंदन बेदिया ने शुक्रवार को प्रेस बयान जारी किया हैं। इसमें कहा है कि भू-वापसी वाद संख्या-33/2018 प्रवीण जैन वैगारह बनाम दिनेश बेदिया वैगारह मौजा मरार के खाता-36,प्लाट संख्या-1009, रकवा- 1.49 एकड़ भूमि पर उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का न्यायालय, रामगढ़ के पारित आदेश पर तत्काल दखल दिहानी कराया जाय। अन्यथा आदिवासी संघर्ष मोर्चा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी,जिसकी जिम्मेवारी जिला प्रशासन पर होगी। रामगढ़ के बड़े पुंजीपति ने रामगढ़ जिला के गरीब आदिवासी दिनेश बेदिया की जमीन को अवैध तरीके से कब्जा कर के रखा गया है जिसके विरुद्ध न्यायालय में केश मुकदमा चलने के उपरांत न्यायालय से आदिवासी को भू-वापसी का आदेश पारित कर अंचल अधिकारी को दखल दिहानी का आदेश दिया गया है लेकिन अंचल अधिकारी रामगढ़ दखल दिहानी कराने में आनाकानी कर रहे है। संबंधित सभी ऊपर के पदाधिकारियों एवं जिला उपायुक्त को आवेदन दिया जा चुका है लेकिन फिर भी अधिकारियों के कान में जूं तक रेंग नहीं रहा है। अंत में अनुसूचित जनजाति आयोग नई दिल्ली को आवेदन दिया गया हैं। जहां से बीते 21.12.2023 को रामगढ़ जिला उपायुक्त और पुलिस अधिक्षक को पत्र लिखकर सुनिश्चित कार्रवाई कर सूचित करने को कहा गया है। अगर इस पर तत्काल दखल दिहानी नहीं दिलाई गई तो 16 जनवरी से आंदोलन की शुरुआत की जाएगी। इसको लेकर अभी से गोलबंदी शुरू कर दी गई है।




## पूर्व मध्य रेल

### ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/ धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई-निविदा सं सी-710-जीसीटी-एआरजीडी-डीएचएन, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** अरगडा (एआरजीडी) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास। **टर्मिनल चार्ज/टि ए सी की शेयर की अधिकतम सीमा :** रू 20/- प्रति टन, **अरगडा स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागत :** रू. 35,06,60,602/-, **ब्याने की राशि :** रू. 3,50,66,100/-, **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय :** ई-निविदा बंद होने की तारीख 25.01.2024 को 15.00 बजे, ई-निविदा खुलने की तारिख 25.01.2024 को 15:30 बजे के बाद। **वेबसाईट, का विवरण : http://www.ireps.gov.in** ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**

पीआर/2023/डीएचएन/सीओएमएल./टी/23-24/36



## GOVERNMENT OF JHARKHAND
Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative Department (Co-Operative Division)

## OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI
### INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI)

**e-procurement Notice**

**Tender Reference No:-** ICDP/RANCHI/08/2023-24
Date :- 03.01.2023

| | | |
|---|---|---|
| 01. | Name of work | Construction/Establishment of Rice Mill at Hazaribagh, Commissionary, Jharkhand. |
| 02. | Estimated Value of work (IN Rs) | 11,92,84,800.00 |
| 03. | Earnest Money (IN Rs) | 11,92,900.00 |
| 04. | B.O.Q. Cost (IN Rs) | 10,000.00 |
| 05. | Time of Completion | 18 Months |
| 06. | Date Of Publication of on Website | 16.01.2024 AT 11:00 AM |
| 07. | Last Date & Time of Submission of bids | 27.01.2024 Up to 05:00 PM |
| 08. | Name & Address of Office Inviting Tender | State Monitoring Officer ICDP Cell, Ranchi, Pasupalan-Sahkarita Bhawan Singh More Hatia, Ranchi. 834003 |
| 09. | Contact No of Procurement Officer | 7979760612, 7250895727 |

02. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http:// Jharkhandtenders.gov.in from 16.01.2024 at 11:00 AM to 27.01.2024 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 27.01.2024. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively ,bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be opened at 04:00 PM on 29.01.2024
03. Estimate Cost May Vary.
04. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

Sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi

PR.NO.315170 Co-opretive(23-24):D


## कार्यालय,प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल

**-: आवश्यक सूचना :-**

**भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा-52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु अगली तिथि 19.01.2024 निर्धारित की जाती है :-

| क्र0 स0 | अधिहरण वाद संख्या | वाद प्रारम्भ की तिथि | अभियुक्त का नाम | वाहन का प्रकार/वाहन संख्या | जप्त वन पदार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 21/2023 | 15.05.2023 | संतोष यादव हंसराज प्रसाद | पिकअप रजि नं0 JH-01T-0899 | साल चौखठ 12 पीस |
| 02 | 22/2023 | 18.05.2023 | कमला गंझू | ट्रैक्टर चेचीस नं0 MBNAG48ACMTF73025 | कोयला 1.5 टन |
| 03 | 27/2023 | 05.06.2023 | सुजित कुमार गुप्ता, पप्पु कुमार यादव | पिकअप भैन रजि नं0 JH-03G-6419 | सखुआ चौखठ 51 पीस |
| 04 | 24/2023 | 31.05.2023 | मनोज प्रसाद गुप्ता, पवन कुमार, आलोक प्रसाद | मोटरसाईकल रजि0 नं0- JH-01N-6823 | गम्हार पटरा 04 पीस |
| 05 | 29/2023 | 16.06.2023 | सुमन्त कुमार, कमलेश यादव | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-08D-9761 | बल्ली साल 31 पीस |
| 06 | 30/2023 | 20.06.2023 | संजय सिंह भोला सिंह | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-13E-1915 ट्रैक्टर रजि नं0 JH-08D-0696 | पत्थर लगभग छः टन |
| 07 | 32/2023 | 12.07.2023 | राकेश कुमार सिंह | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-19C-3824 | केन्दू पता 19 बोरा |
| 08 | 35/2023 | 11.10.2023 | रविन्द साव | पियागो टेम्पू रजि नं0 JH-19C-9160 | सेमल पटरा 25 पीस |
| 09 | 34/2023 | 23.09.2023 | सुरेन्द्र प्रसाद | पियागो टेम्पू रजि नं0 JH-08F-0615 | साल चौकठ 10 पीस |
| 10 | 37/2023 | 30.10.2023 | लक्ष्मण यादव, नारायण भोक्ता | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-19A-4416 | बालू 80 CFT |
| 11 | 38/2023 | 03.11.2023 | नरेश प्रसाद गुप्ता, सुरेश साव | टेम्पू रजि नं0 JH-08G-1065 | साल चौकठ 10 पीस |
| 12 | 39/2023 | 07.11.2023 | सोहराब आलम | टेम्पू रजि नं0 JH-03AL-1744 | सखुआ चौकठ 10 पीस |
| 13 | 40/2023 | 01.12.2023 | केश्वर सिंह, राजेश सिंह | – | सिधा बल्ली 15 पीस |
| 14 | 41/2023 | 05.12.2023 | अवधेश यादव, संतोष यादव | – | करम चौकठ 24 पीस, करम बोटा 01 पीस, आरा 01 पीस |
| 15 | 42/2023 | 02.01.2024 | मुनु उरांव | ट्रैक्टर इंजन नं0 RHC2EAN3535 | बल्ली साल 17 पीस |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त सभी अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 19.01.2024 को 11:00 बजे पर्वाह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल।

PR.NO.315255 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D

# सुपारी देकर कराए गए हत्या मामले में 4 अपराधियों को पुलिस ने दबोचा

## हत्या में प्रयोग किया गया समान भी बरामद, लाठी, दोपहिया वाहन समेत 5 मोबाइल बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले के डुमरी थाना क्षेत्र में 26 दिसंबर को एक लावारिस अवस्था में एक शव पुलिस ने बरामद किया था मामले की जानकारी गिरिडीह पुलिस कप्तान दीपक कुमार शर्मा को हुई उन्होंने त्वरित करवाई करते हुए एसडीपीओ डुमरी सुमित प्रसाद के नेतृत्व में टीम का गठन किया, शुरुआती जाँच के क्रम में एसडीपीओ सुमित प्रसाद की टीम ने आसपास के गाँव वालो से बहुत देर तक पूछताछ करने पर पता चला कि मृतक का नाम जोधन महतो ग्राम घुठियागढ़ा भरखर थाना डुमरी जिला गिरिडीह है,अज्ञात हत्या की गुत्थी को तकनिकी और सूत्रों के माध्यम से सुलझाया गया जिसमें पता चला कि मृतक के ही गाँव के रहने वाले जितेन्द्र महतो ने पुरानी दुश्मनी साथ ही जादू-टोना से परेशान रहने के कारण ग्राम अम्बाडीह का रहने वाले अपने साढू होरिल कु0 महतो एवं होरिल का दोस्त से मिलकर मेघलाल महतो पिता स्व0 पोखी महतो ग्राम अम्बाडीह, थाना डुमरी जिला गिरिडीह को 60 हजार रुपए सुपारी के रूप में देकर जोधन महतो की हत्या करवाया गया, हत्या में संलिप्त चारों व्यक्तियों ने अपना अपराध स्वीकार किया है और घटना में प्रयुक्त लाठी एवं मोटरसाईकिल को बरामद किया गया है,और पुलिस की गिरफ्त में आए सुपारी किलर का पुराना आपराधिक इतिहास भी है, सभी चारो अपराधियो को जेल भेजा गया।

# धनबाद के पूर्व एसएसपी संजीव कुमार थे कोयला चोरों के सरदार : ढुलू महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बाघमारा विधायक ढुलू महतो ने शुक्रवार को झामुमो, कांग्रेस और धनबाद के पूर्व एसएसपी संजीव कुमार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। परिसदन में प्रेस वार्ता आयोजित कर उन्होंने कहा कि पूर्व एसएसपी संजीव कुमार कोयला चोरों के सरदार थे। उनके कार्यकाल में 50 हजार करोड़ रुपए के कोयले की महालूट हुई है। उनका तबादला होते ही कोयला चोरी रुक सी गई है।



वहीं झामुमो और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए विधायक ने कहा कि दोनों दलों के नेता अक्सर बयानबाजी कर रहे हैं कि बीसीसीएल और सीआईएसएफ की मिलीभगत से कोयला चोरी हो रही है। अब झामुमो और कांग्रेस जवाब दे कि पूर्व एसएसपी के जाते ही कोयला चोरी क्यों बंद हो गई? दरअसल, संजीव कुमार और इन दोनों दलों की सांठगांठ से जिले में कोयले की चोरी हो रही थी।

### एसएसपी ने कई लोगों का कराया मर्डर, हो कानूनी कार्रवाई

आगे उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व एसएसपी संजीव कुमार ने धनबाद कोयलांचल में कई लोगों का मर्डर करवाया है। अवैध माइनिंग में हजारों लोगों की जान गई। आखिर इतनी सुरक्षा के बाद भी जेल में बंदूक कैसे चली गई, इसकी जांच होनी चाहिए। साथ ही पूर्व एसएसपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम की चर्चा करते हुए कहा कि धनबाद में बाबा का तीन दिवसीय कार्यक्रम पिछले दो दिसंबर से तय था, लेकिन सरकार ने इसकी इजाजत नहीं दी। सरकार का विनाश अब तय है। लोकसभा चुनाव लड़ने पर कहा कि पार्टी मुझे जहां से टिकट देगी, वहां से लड़ने को तैयार हूं। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, मानस प्रसून, संजय झा, मिल्टन पार्थ सारथी आदि मौजुद थे।

# भाजपा नेता ने मटरूखा में किया कंबल वितरण



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह विधानसभा के मध्य मंडल के मटरूखा एवं महतोडीह में भाजपा नेता सुरेश साव जी ने बढ़ते ठंड को देखते हुए सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया । इस दौरान सुरेश साव ने कहा कि भाजपा लगातार गरीबों, वंचितों, दलीतों और आम लोगों की भलाई के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने हेमंत सरकार की नाकामियों को गिनाते हुए कहा कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार से पूरी तरह लिप्त हो गई है। श्री साव जी ने कहा कि गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र में लोकतंत्र नहीं राजतंत्र की व्यवस्था चल रही है, यहां के विधायक ने गिरिडीह की जनता को विश्वासघात किया है अवैध कारोबार चरम पर है। गिरिडीह में युवा, मजदूर, किसान, आदिवासियों को ठगा जा रहा है उन्हों ने कहा कि अब पूरी तरह से कमर कस कर तैयार हो जाए। इस क्षेत्र की जनता परेशान हो चुकी आम जनता बदलाव के मूड में है। यहां के विधायक अपना निजी हित साधने में लगे हुए हैं। दूसरी तरफ यहा बेरोजगारी और पलायन की समस्या भी बढ़ रही है। उन्होनें कहा कि यह सरकार उसूल की नही वसूली की सरकार है, इसका परिणाम यह हुआ कि कोई भी सरकारी कामकाज बिना पैसे का नहीं होता है।

# बच्चों को जागरुकता को लेकर कार्यक्रम का आयोजन



**बगोदर/गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सफायर वर्ल्ड स्कूल, मझीलाडीह मे बनवासी विकास आश्रम, बगोदर, गिरिडीह के द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन, नई दिल्ली के आर्थिक सहयोग से न्याय तक पहुंच परियोजना के अंतर्गत बाल विवाह बाल मजदूरी बाल तस्करी एवं बाल यौन शोषणविषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया अपने संबोधन में ओमप्रकाश महतो ने कहा कि बाल विवाह बहुत ही गंभीर मुद्दा है कानून इसको अपराध मानता है बाल विवाह मुक्त भारत को लेकर पूरे गिरिडीह जिला में 5 लाख लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाने का एक लक्ष्य है ताकि गिरिडीह जिला को बाल विवाह मुक्त घोषित किया जा सके बाल विवाह बाल मजदूरी बाल तस्करी को लेकर कई बिंदुओं पर काम चल रहा है विद्यालय स्तर पर छात्र-छात्राओं को बाल विवाह के खिलाफ शपथ तथा विद्यालय स्तर पर बाल मंच का गठन कर बच्चों के द्वारा निगरानी वही ग्राम स्तर पर ग्राम बाल संरक्षण समिति का गठन तथा निरंतर इसकी बैठक का आयोजन करना ग्राम बाल संरक्षण समिति का गठन हर आंगनबाड़ी केंद्र के स्तर पर किया गया है आंगनबाड़ी सेविका विद्यालय के एक शिक्षक वार्ड सदस्य मुखिया सहिया दीदी वही विद्यालय में बाल संसद से प्रधानमंत्री को इसमें सदस्य के रूप में रखा गया है दो सदस्यों को स्वयं सहायता समूह से लिया गया है चारों मुद्दों पर नजर रखा जा सके इस कार्यक्रम में राजकुमार दास विद्यालय के निदेशक शिक्षक शिक्षिकाए का महत्वपूर्ण योगदान रहा बबलू रजक, सबिता गुप्ता, रीना कुमारी, खूशी कुमारी, राखी कुमारी, पप्पू कुमार, अजय कुमार, निदेशक प्रेमचंद प्रसाद, आराध्या, प्राची, आरुष कुमार की सराहनीय भूमिका रह।

# रेलवे लाईन क्रॉस के दौरान एक व्यक्ति घायल

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत महेशमुंडा रेलवे स्टेशन पर 9~35 बजे एक व्यक्ति रेलवे लाईन क्रॉसिंग के दौरान बुरी तरह से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान असजामीया खातुन पति जरीस खान ग्राम चमगडडा (जमबाद) के रूप में हुई है। यह घटना मधुपुर गिरिडीह एवं कोडरमा एक ही समय में गाड़ी छोड़ने के कारण हुई। घायल को महेशमुंडा के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी अनुसार इससे पहले भी इस तरह की घटना होने की जानकारी मिल रहा है। सुचना पर मुखिया सद्दीक अंसारी ने कहा कि ट्रेन का समय थोड़ी सी सुधार से आने जाने वाले को को परेशानी भी नहीं होगा , पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि, उपमुखिया प्रतिनिधि काजीम खान,तोफीक खान वगैरह घायल से मिले और स्टेशन मास्टर से संपर्क किया और दोनों ट्रेनों को छोड़ने में पांच मिनट की फासला रखने को लेकर बात किए।

# पिकनिक सह मिलन समारोह को लेकर आजसू की बैठक संपन्न

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत आजसू कार्यालय में शुक्रवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 8 जनवरी 2024 सोमवार को कर्णपुरा में होने जा रही विधानसभा स्तरीय पिकनिक सह मिलन समारोह को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। कहा गया की सभी महिला मोर्चा,पुरुष मोर्चा, अध्यक्ष, सचिव,ग्राम प्रभारी,बूथ प्रभारी,सक्रिय कार्यकर्ता अधिक से अधिक आजसू सदस्यों को सूचित कर आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने का दायित्व का निर्वाहन करेंगे।



# सेवानिवृत शिक्षिका को किया गया सम्मानित

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत सियाटांड पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय हाडोडीह के सहायक शिक्षिका अनुपा कुमारी सिन्हा के सेवानिवृत होने पर विद्यालय में आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# मृतक के परिजनों से मिल पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने बंधाया ढाढस



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के पंचायत चोंगाखार के ग्राम दासोडीह निवासी 47 वर्षीय प्रवासी मजदूर विनोद यादव का बीते दिन कोलकाता में ब्रेन हेमरेज के कारण आकस्मिक निधन हो गया था। जिसका पार्थिव शरीर शनिवार सुबह गांव लाया गया, जिसकी सूचना मिलते हीं बगोदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो मृतक के घर पहुंच कर शोकाकुल परिजनो से मिलकर ढाढस बंधाया। साथ हीं पूर्व विधायक ने बिरनी प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा से दूरभाष पर वार्ता कर तत्काल पीड़ित परिवार के आश्रितों के लिए प्रधानमंत्री आवास, विधवा पेंशन, सरकारी प्रावधानों के अनुसार मिलने वाली मुआवजा राशि दिलवाने का आग्रह किया।

# जेल में छापेमारी से मचा हडकंप, तलाशे गए कैदियों के वार्ड, अमन सिंह की हत्या के बाद एक्शन में प्रशासन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला प्रशासन की टीम ने गुरुवार देर रात धनबाद जेल में छापेमारी की। सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपील चौधरी, एसडीएम उदय रजक और बाघमारा एसडीपीओ निशा मुर्मू छापेमारी में शामिल रहे। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल भी जेल के अंदर जांच में शामिल रही। सूत्रों के मुताबिक कैदी जेल के अंदर भूख हड़ताल पर हैं।





धनबाद जेल में छापेमारी के दौरान कैदियों के वार्ड की तलाशी ली गई। इसके साथ ही कई बंदियों से पूछताछ भी की गई। अमन सिंह की हत्या के बाद यहां से कई खूंखार कैदियों को शिफ्ट करने की भी बात कही जा रही है। गैंगस्टर अमन सिंह की धनबाद जेल के अंदर गोली मारकर हुई हत्या के बाद जिला प्रशासन मुस्तैद है। अमन सिंह की हत्या के बाद से लगातार जेल में छापेमारी की जा रही है। पिछले दिनों भी डीसी वरुण रंजन के नेतृत्व में छापेमारी की गई थी।

अमन सिंह की हत्या के बाद जेल की सुरक्षा पर कई सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक जेल के अंदर कैदी भूख हड़ताल पर हैं, लेकिन इस बात की आधिकारिक पुष्टि फिलहाल नहीं हो सकी है। कहा जा रहा है कि शूटर अमन सिंह की हत्या के बाद से ही जेल के अंदर कई तरह के सामान ले जाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है, इससे कुछ कैदी नाराज हैं। उनका कहना है कि उन्हें बाहर से बिस्कुट और मिक्सचर जैसी कुछ चीजें मुहैया कराई जाए।

# पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल संसदीय समिति की बैठक का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल की 'मंडल संसदीय समिति' की बैठक का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, डीडीयू के सभागार में किया गया। इस बैठक में पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल क्षेत्राधिकार के माननीय सांसदगण ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता सासाराम के माननीय सांसद श्री छेदी पासवान द्वारा की गयी । बैठक में माननीय सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा गया । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार खंडेलवाल, पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेष गुप्ता सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे । आज की इस बैठक में औरंगाबाद के माननीय सांसद सुषील कुमार सिंह उपस्थित थे। इनके अलावा माननीय भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्री, भारत सरकार डॉ. महेन्द्र नाथ पांडेय के प्रतिनिधि अनिल तिवारी, माननीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री, भारत सरकार अष्विनी कुमार चैबे के प्रतिनिधि जय प्रकाष चैबे, काराकाट के माननीय सांसद महाबली सिंह के प्रतिनिधि अरविन्द कुमार, गया के माननीय सांसद विजय कुमार के प्रतिनिधि श्री अजय कुमार सिन्हा एवं माननीया सांसद (राज्य सभा) दर्षना सिंह के प्रतिनिधि शेषनाथ सिंह उपस्थित थे। बैठक में माननीय सांसदगण ने रेल विकास व यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये। माननीय सांसदगण द्वारा आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया । साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी चर्चा हुई। इसके पूर्व बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने माननीय सांसदगण एवं माननीय सांसद के प्रतिनिधिगण का स्वागत किया ।



महाप्रबन्धक ने अपने स्वागत संबोधन में पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा यात्री सुविधा, आधारभूत संरचनाओं के विकास आदि के क्षेत्र में किए गए कार्यों एवं नई परियोजनाओं से माननीय सांसदगण को अवगत कराया।

# समाजसेवी उदय ने रात्रि में जरूरतमंदों को दिए कंबल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार की देर रात कड़ाके की ठंड में समाजसेवी उदय प्रताप सिंह के द्वारा अपने सहयोगियों के साथ शहर में घूम घूम कर कंबल वितरण किया गया। जिसमें रणधीर वर्मा चौक, बरताड़ एवं पुलिस लाइन में ठंड से ठिठुरते हुए लोगों को और पुराना बाजार में सब्जी बेचने वाली 40 से अधिक महिलाओं को कंबल दिया गया। कंबल पाकर सभी ने उदय प्रताप सिंह का आभार प्रकट किया। मौके पर उदय प्रताप सिंह ने कहा की नर सेवा ही नारायण सेवा है। कहा की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कंबल वितरण कर रहा हूं जिससे काफी संतुष्टि मिलती है। मौके पर पंकज सिंह, अजीत सिंह, हर्ष राज, मनीष सिंह, अनिमेष सिंह, जिशु सिंह, अंकित, राहुल भूमिहार, सागर मिश्रा, साहिल, अजय पांडे, रवि, परमवीर आदि मौजुद थे।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता : हत्यारों द्वारा लूटी गई मोटरसाइकिल जामताड़ा से किया बरामद





दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र

**टुंडी :** बीते 31 दिसंबर की रात टुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत चरक खुर्द निवासी विजय मंडल मछली विक्रेता को गोली मार कर मौत का घाट उतार दिया गया था। टुंडी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक विजय मंडल की मोटरसाइकिल संख्या JH10z/9695 हीरो मोटरसाइकिल को जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र स्थित बराकर नदी किनारे चिटामी गांव के एक झाड़ी से बरामद कर लिया गया है ।

इधर एक और सफलता सी डीआर तथा कॉल डिटेल के आधार पर करीब आधा दर्जन संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार कर टुंडी पुलिस थाना लाकर गहन पूछताछ कर रही है टुंडी थाना प्रभारी अनिल कुजूर ने बताया कि बहुत जल्द और अपराधियों को भी सलाखों के पीछे भेजने की कार्रवाई की जायेगी।

# गिरिडीह एसडीएम के साथ एप्टा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में एप्टा के पदाधिकारियों के साथ एसडीएम विशाल दिप खलगो ने बैठक की आगामी लोकसभा एवं विधानसभा को देखते हुए कोचिंग संस्थान के संचालको से गिरिडीह एसडीएम ने यह अपील किया था कि शाम चार बजे आप सब एसडीएम ऑफिस में आमंत्रित है। वही चुनाव आयुक्त के द्वारा सभी जिला के नए वोटर जो 17 साल के है उसका वोटर कार्ड में नाम चढ़वाने में प्रयास करना और प्रशासन के साथ, हाथ मिला कर चलने की बात कही गई, इसी विषय पर आज कुछ संस्थान के अधिकारी और सदस्य वार्ता के लिए एसडीएम ऑफिस में बैठकर अफसरों के सफल वार्ता की है। जिले के सभी कोचिंग संस्थान में पढ़ रहे 17 वर्ष के सभी बच्चों का वोटर कार्ड बनना सुनिश्चित हो ताकि वह एक साल बाद चुनाव में मतदान कर सकें, इसके लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरिके से फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू है,सभी कोचिंग को एसडीएम खालको ने दिया फॉर्म, जो फॉर्म नही भरेंगे या इंट्रेस्ट नहीं लेंगे उसके लिए अलग से अफसर को कोचिंग कोचिंग जा - जा कर चर्चा की जायेगी।



# कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने की उपायुक्त से मुलाकात

## अप्रेंटिस युवाओं को जल्द नियोजन दिलाने की रखी मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बीसीसीएल से प्रशिक्षित आईटीआई अप्रेंटिस युवाओं के रोजगार संबंधी मामलों को लेकर धनबाद के उपायुक्त वरूण रंजन से मुलाकात की। जिसमें उन्होंने वर्षो से लंबित पड़े अप्रेंटिस युवाओं को क्षेत्र अन्तर्गत चल रहे आऊटसोर्सिंग कंपनियों में समायोजन करने हेतु बीसीसीएल प्रबंधन को निर्देशित करने की बात कही। वहीं उपायुक्त के द्वारा बीसीसीएल के निदेशक कार्मिक मुरली रमैया को दुरभाष पर युवाओं को जल्द से जल्द रोजगार सुनिश्चित कराने की दिशा में कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त अवसर पर केंदुआ करकेंद नगर कांग्रेस अध्यक्ष जयप्रकाश चौहान, अप्रेंटिस संघ धनबाद के सूरज झा, याजूदिन अंसारी आदि उपस्थित थे।

# जनता दरबार : गोसाईडीह में सार्वजनिक सड़क का अतिक्रमण रोकने की गुहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्या से संबंधित आवेदन समर्पित किए। जनता दरबार में गोविंदपुर के गोसाईडीह स्थित कुंज विहार सेक्टर 1 से आए लोगों ने आवेदन देकर उपायुक्त को बताया कि वहां 15 फीट चौड़े सार्वजनिक सड़क को किसी व्यक्ति द्वारा जबरन कब्जा कर अतिक्रमण किया जा रहा है। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि इस संबंध में उन्होंने अंचल अधिकारी गोविंदपुर एवं गोसाईडीह के मुखिया सहित अन्य कार्यालयों में आवेदन दिया है। लेकिन अब तक सार्वजनिक सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने की कार्रवाई नहीं हुई है। उपायुक्त ने मामले पर त्वरित संज्ञान लेकर अंचल अधिकारी गोविंदपुर को जांच करने का निर्देश दिया है। वहीं जनता दरबार में सिंदरी से आए एक व्यक्ति ने ब्रेन ट्यूमर का इलाज बेंगलुरु में कराने के लिए सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया। साथ ही बाघमारा के छोटा मंझलाडीह से आए व्यक्ति ने पैतृक जमीन पर अवैध तरीके से हो रही खरीद बिक्री को रोकने, बरोरा से आए व्यक्ति ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना का लाभ देने, सिंदरी से आए व्यक्ति ने दिव्यांग कोटा में स्कूटी देने के अलावा झरिया से आए व्यक्ति ने कैंसर का इलाज करने के लिए सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया। आवेदनों का समाधान करने के लिए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। जनता दरबार में निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज़ अहमद, आईटी मैनेजर रूपेश मिश्रा, डीडीएमए के संजय कुमार झा भी मौजूद थे।



### भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है उनमें हमेशा समर्पण की भाव रहता है : मनीर उरांव

# लोहरदगा से बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या को खदेड़ भगाने के लिए आंदोलन की आवश्यकता : ओम प्रकाश सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी ,मंडल अध्यक्ष,महामंत्री,मोर्चा जिला अध्यक्ष, महामंत्री की एक अति आवश्यक बैठक जिला कार्यालय में हुई। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर अतिथियों के द्वारा बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मनिर उरांव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है हमारे कार्यकर्ता समर्पित भाव से कार्य करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे केंद्र सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता तन मन से लग जाए ताकि आने वाला समय में हमें इसका लाभ ज्यादा से ज्यादा मिल सके। उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा गरीब लोगों को लाभ दिलाना है। संगठन के सभी पदाधिकारी को गांव-गांव में प्रवासी के रूप में कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री ओम प्रकाश सिंह जी ने कहा कि लोहरदगा जिला में बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या पांव पसार रहे हैं लोहरदगा जिला के भोले भाले आदिवासियों को बहला फुसलाकर उनका जमीन पर मकान बना कर रह रहे हैं उन लोगों को चिन्हित कर आंदोलन करने की आवश्यकता है। बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या के कारण स्थानीय अल्पसंख्यकों को भी नुकसान होगा क्योंकि वे लोग आकर यहीं के अल्पसंख्यकों का हक छिनने का कार्य कर रहे हैं इसके खिलाफ हमें जोरदार आंदोलन करने की आवश्यकता है। पूर्व जिला अध्यक्ष राज किशोर महतो ने कार्यकर्ताओं से कहा कि कहा की गांव गांव घर घर जाकर श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण अक्षत देकर उन्हें आग्रह करें कि दिनांक 22 जनवरी को सभी मंदिर में दीपक जलाएं और अपने घर में दीपक जलाकर दीपावली मनाएं। झारखंड माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्री चंद प्रजापति ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हर्षनाथ महतो, सूरज मोहन साहू, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, सुरेश बैठा, अशोक साहू, अमरेश भारती, सूरज दसौंधी, मुकेश साहू, विवेक सोनी, सुदामा प्रसाद, लखन उरांव, संजय चौधरी, मनीष शिखर, जितेंद्र महतो, नासिर अंसारी, प्रकाश नायक, बजरंग करुवा, सजल कुमार, परमेश्वर भगत, सहित कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक के अंत में भंडरा प्रखंड के पूर्व महामंत्री स्वर्गीय लखन लोहरा, आकाशी बूथ के स्वर्गीय प्रमोद चौहान, नारी नवाडीह बूथ के स्वर्गीय प्रभु साहू,नगर मंडल महामंत्री शंकर प्रजापति के पिता स्वर्गीय वासुदेव प्रजापति, कैरो प्रखंड के स्वर्गीय अकला लोहरा, कुडू प्रखंड मंत्री सुभाष यादव के पिता स्वर्गीय मोती चंद्र यादव के निधन पर 2 मिनट मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।



## सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में हुई जिला ट्रैक्टर संघ का चुनाव

**मुख्य संरक्षक बने पूर्व मंत्री एनोस एक्का अध्यक्ष बने मिस्टर मोइनुद्दीन**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में शुक्रवार को जिला ट्रैक्टर संघ का बैठक आयोजन किया गया बैठक में पूर्व मंत्री एनोस एक्का मुख्य रूप से मौजूद रहे। मौके पर ट्रैक्टर मालिकों के विभिन्न समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई और साथ ही संगठन को मजबूती देने के लिए संगठन का चुनाव किया गया जिसमें पूर्व मंत्री को मुख्य संरक्षक बनाया गया। जबकि जिला अध्यक्ष मिस्टर मोइनुद्दीन, उपाध्यक्ष अनमोल तिर्की, विंद्र साहू, शंकर कुमार, गोपाल केसरी, मुकेश प्रसाद, प्रदीप गोप को बनाया गया। वहीं सचिव माइकल तिर्की, उप सचिव पवन प्रसाद, कोषाध्यक्ष संजय मलवार को बनाया गया। मौके पर सभी को माला पहनकर स्वागत किया गया इस दौरान पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि संगठन में ही बल है और सभी लोगों को संगठन के दायरे में रहकर काम करने की आवश्यकता है। वर्तमान जो राज्य सरकार है वह लगातार ट्रैक्टर मालिकों को तंग करने का काम कर रही है और उन्हें चोर बनाती है जबकि नदी घाटों का टेंडर करने से ट्रैक्टर मालिक सरकार को राजस्व देकर बालू की खरीदारी करते हुए विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतरने के लिए काम करते।

## पुरोहित ईश्वर एवं समाज के द्वारा चुने गए सर्वश्रेष्ठ जन तथा सर्वश्रेष्ठ समाजसेवी होते हैं : नमन बिक्सल कोनगाडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत अधरमा के कोरकोटोली में पावन पुरोहित अभिषेक कार्यक्रम में विधायक अपनी धर्मपत्नी के साथ तथा कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और प्रतिनिधि मण्डल उपस्थित रहे तथा फादर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी अघरमा पंचायत अंतर्गत अघरमा पल्ली के कोरकोटोली में एसडीबी फादर राजेश डुंगडुंग के पवन पुरोहित अभिषेक में पत्थर अतिथि शामिल हुए तथा आगे भविष्य की समाज सेवा के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी विधायक ने कहा हमारे फादर गण सिस्टर गण धर्म अगवे प्रचारक एवं पादरी गण हमारे समाज के लिए अपने जीवन को त्याग तपस्या तथा कुर्बान कर सभी लोगों को सेवाएं देते आ रहे हैं कोई हमारे समाज के अच्छे शिक्षक के रूप में भी सेवा देते आ रहे हैं सभी जाति धर्म के लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का काम करते आए हैं पवन फादर अभिषेक कार्यक्रम में प्रोविंशियल फादर शोए नोवाश प्रोविंशियल मनी परमबन डेविस फादर पोनथोकन बॉस्को सेल्सियस प्रोविंस न्यू दिल्ली रेक्टर कम्युनिटी हटिया रेक्टर कम्युनिटी जबलपुर रेक्टर कम्युनिटी गुमला रेक्टर कम्युनिटी कोलेबिरा रेक्टर कम्युनिटी झारसुगुड़ा सेल्सियस सिस्टर केजेसी कम्युनिटी बेंगलुरु डॉन बॉस्को फादर्स जमटोली फादर ज्योतिष आदि कम्युनिटी उपस्थित रहे कांग्रेस प्रतिनिधि मण्डल में प्रखंड विधायक अध्यक्ष सह प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाडी अमृत डुंगडुंग पीटर डुंगडुंग अघरमा जगजीत केरकेट्टा पंचायत अध्यक्ष उपस्थित रहे।



**बंगरु में विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए दिलाई सपथ गई शपथ**

## विकास के नए कीर्तिमान गढ़ रही है मोदी सरकार : ओमप्रकाश साहु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सदर प्रखंड के बंगरू एवं बरपानी पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित किया गया प्रखंड विकास पदाधिकारी रेडियार खलखो कार्यक्रम प्रभारी ओमप्रकाश साहु दीपनारायण दास तुलसी साहु घनश्याम सिंह अनुप प्रसाद सावित्री देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उपस्थित लोगों को शपथ दिलाते हैं कहा कि हम शपथ लेते हैं कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को सरकार करेंगे मौके पर कार्यक्रम प्रभारी ओम प्रकाश साहू ने कहा कि नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है कि भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाया जाए इसके लिए हम सबों को उसमें योगदान देना पड़ेगा तभी यह हमारा शपथ लेना सार्थक होगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास का किरण पहुंचाना चाहते हैं, इस उद्देश्य में हम सभी प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर उनका सहयोग कर सकते हैं ताकि मोदी जी का सपना पूरा हो सके और देश इस समृद्धि और विकास के रास्ते पर आगे बढ़े उपस्थित अतिथियों ने लाभुकों के बीच उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर एवं आयुष्मान भारत के तहत हेल्थ कार्ड का वितरण किया साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने का आह्वाहन किया मौके पर बंगरु मुखिया युदिका किंडो एवं बड़ाबरपानी मुखिया रेखा निराली बरवा प्रखंड कर्मी पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।




## केंद्रीय समिति की बैठक में नीरू शांति भगत के अलावे अन्य पदाधिकारी होंगे शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में आज दिनांक 6 जनवरी 2024 दिन शनिवार को पतरातू, रामगढ़ स्थित लेक रिसोर्ट में आजसू पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन है। बैठक में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष-सचिव, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख, महानगर एवं नगर अध्यक्ष-सचिव भाग लेंगे, साथ ही सभी अनुषाँगिक इकाई अखिल झारखंड महिला संघ, अखिल झारखंड छात्र संघ, आजसू बुद्धिजीवी मंच, अखिल झारखंड श्रमिक संघ, अखिल झारखंड किसान संघ, अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ अखिल झारखंड उद्योग एवं व्यापार संघ, अखिल झारखंड पिछड़ा वर्ग महासभा, अखिल झारखंड अल्पसंख्यक महासभा, अखिल झारखंड अनुसूचित जनजाति महासभा, अखिल झारखंड अनुसूचित जाति महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष एवं महासचिव उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में लोहरदगा से भी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य एवं जिला अध्यक्ष, जिला सचिव, नगर अध्यक्ष एवं नगर सचिव सहित सभी अनुषाँगिक इकाइयों के पदाधिकारी एवँ लोहरदगा विधानसभा प्रभारी सह केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत सहित सभी लोग शामिल होंगे, भगत ने बताया कि इसमें संगठन विस्तार सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा भी होगी और शपथ ग्रहण समारोह के साथ सभी पदाधिकारियों को अन्य दिशा निर्देश भी मिलेंगे। यह जानकारी आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव कंवलजीत सिंह ने दी।

## संस्था द्वारा जलस्तर नियंत्रण के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्र में चलाया गया जगरुकता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** जलस्तर को नियंत्रण करने को लेकर बाएफ संस्था एवं एच डी एफ सी बैंक के संयुक्त तत्वधान में प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र चमडू ग्राम स्थित नाला में समग्र ग्रामीण विकास के तहत जलस्तर नियंत्रण को लेकर बोरा बांध कार्यक्रम अभियान चलाया गया। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को जलस्तर नियंत्रण पर विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा गया की बरसात में बहुत कम बारिश होती है। जिसे जलस्तर नीचे चला जा रहा है। नदी, नाला या तलाब का बेकार बहता हुआ पानी को बोरा बांध के माध्यम से रोक कर खेती कृषि कार्य किया जा सकता है। और किसानों को मवेशी के लिये पिने का पानी मिल सकता है। जिसे ग्रामीणों को जलस्तर नियंत्रण के लिये जगरुक किया गया। वही बोरा बांध कार्यक्रम के दौरान बाएफ संस्था के प्रोजेक्ट अधिकारी प्रवीण कुमार ने कहा कि समय से नदी नाला में कच्चा बांध निर्माण से क्षेत्र के पशु पालको सहित किसानों को लाभ मिलेगा।



## सड़क दुर्घटना में कार क्षतिग्रस्त कोई हताहत नही

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सड़क दुर्घटना में अल्टो कार क्षतिग्रस्त घटना स्थल से ट्रक लेकर चालक फरार कोई हताहत नही हुआ। वही पुसो थाना क्षेत्र से पुलिस ने किया ट्रक जप्त किया बताया जाता है। सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा राजू मिल के समीप लोहरदगा गुमला पथ पर बॉक्साइड ट्रक एवं अल्टो कार में टक्कर होने पर कार क्षतिग्रस्त हो गया। घटना गुरुवार देर शाम का है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बताया जाता कि घाघरा की ओर से लोहरदगा जा रही जे एच 01 वाई 8152 आल्टो कार लोहरदगा से घाघरा की ओर जा रही जे एच 08 एच 5324 ट्रक के चालक कार को टक्कर मारते हुए राजू मिल के पास रखा ईंट में टक्कर मार दिया घटना में किसी का हताहत होने की सूचना नही है। लेकिन अल्टो कार तथा ईंट क्षति हुआ है। वही बताया जाता है कि घटना को अंजाम देने के पश्चात ट्रक चालक गाड़ी को लेकर भाग रहा था। तभी इसकी सूचना ग्रामीणों ने थाना को देते हुए ट्रक का पीछा करने लगे और पुलिस के सहयोग से कल्हेपाट में ट्रक को पकड़ा गया लेकिन चालक पुलिस को चकमा दे कर वहां से भागने लगा तो पुलिस पीछा करते हुए पुसो थाना की मदद से पुसो पेट्रोल पम्प के समीप चालक को पकड़ कर थाना लाया गया? कार चालक भी गाड़ी छोड़ घटना स्थल से फरार हो गया। इससे स्पष्ट होता है कि दोनों वाहन चालक की लापरवाही से दुर्घटना हुआ है। फिलहाल दोनों गाड़ी को जप्त करते हुए पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है।



### ग्राम हनहट में रामभक्तो ने श्री राम जन्मभूमि से पूजित अक्षत का वितरण कर दिया आमंत्रण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम नवनिर्मित का 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर कैरो प्रखंड के हंनहट पंचायत मुख्यालय सहित आस पास में पूजित अक्षत के साथ निमंत्रण बाटा गया। ज्ञात हो कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा भव्य रूप होना है। इस निमित्त पूरे भारतवर्ष में 1 जनवरी से 15 जनवरी तक घर-घर निमंत्रण दिया जाना तय हुआ है। इसके तहत हनहट देवी मंडप प्रांगण से पूजित अक्षत लेकर घर-घर तक निमंत्रण देने का कार्य किया जा रहा है। इसमें जिला संघ प्रचारक श्यामसुंदर उरांव, भाजपा युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष गोविंद महतो, विष्णु उरांव, लक्ष्मण उरांव, सुजीत ठाकुर, मोहन साहू, काशीनाथ पांडेय, बसंत महतो, गोपाल महतो, मनीष उरांव, कृष्णा महतो आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# भंडरा प्रखंड के हेल्थ वेलनेस सेंटर में परिवार कल्याण दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत हेल्थ वेलनेस सेंटर ब्राह्मणडिहा में शुक्रवार को परिवार कल्याण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को परिवार नियोजन के उद्देश्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही परिवार नियोजन के प्रति जागरूक महिलाओं को उपहार स्वरूप कंबल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सीएचओ अंजना साहू ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करना हम सभी की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि छोटा परिवार खुशियां अपार ही हमारे बेहतर भविष्य का वाहक है। उन्होंने लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि मातृत्व व शिशु मृत्यु दर की कमी को लेकर सरकार परिवार नियोजन पर विशेष ध्यान दे रही है। इसके लिए सरकार द्वारा माला, छाया, अंतरा टैबलेट का निशुल्क वितरण कर रही है,ताकि लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता आ सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार कल्याण दिवस मनाया जाता है। इस दौरान उन्होंने परिवार नियोजन के प्रति जागरुक 12 महिलाओं को उपहार स्वरुप कंबल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर एमपीडब्ल्यू रामकुमार महतो, एएनएम नीता लकड़ा, सहिया सूर्यमनी टोप्पो, लाली कच्छप, रीता देवी, सरस्वती देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।




## सनातन धर्मावलंबियों ने अयोध्या से पहुंचे पूजित अक्षत को घर-घर पहुंचाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड मुख्यालय बस्ती में शुक्रवार को ढोल-नगाड़ा के साथ सनातन धर्मावलंबियों ने अयोध्या से पहुंचे पूजित अक्षत को घर-घर पहुंचाया। इस दौरान भंडरा विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल व जय श्री राम समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा द्वारा जय श्री राम,बजरंगबली की जय के उद्घोष के साथ घर-घर पहुंच कर लोगों को पूजित अक्षत वितरण किया। मौके पर विहिप के आनंद दुबे व भीम नाथ शाहदेव ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का अनुष्ठान संपन्न होगा। जिसका दूरदर्शन में सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके अलावे सभी सरना-सनातन धर्मावलंबी अपने-अपने घरों में दीपक जलाकर नजदीक के मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि भंडरा ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को प्रोजेक्टर के माध्यम से सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। इस दौरान भक्तों ने भंडरा ठाकुरबाड़ी से अक्षत वितरण शुरु कर थाना मोड़ होते हुए नौडीहा, प्रखंड कार्यालय, कुंबाटोली व पूरे गांव बस्ती का भ्रमण कर लोगों के बीच पूजित अक्षत का वितरण किया।

# हमारा प्रयास सभी वर्गों का सर्वांगीण विकास करना ही मेरा लक्ष्य है : डॉ. रामेश्वर उरांव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को माननीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार द्वारा लोहरदगा प्रखंड के ग्राम हिरही में विधायक मद से मैरेज हॉल का निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं कुडू प्रखंड के उडूमुडू पंचायत अंतर्गत ग्राम बारीडीह में विधायक मद से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। मौके पर माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की सरकार सभी वर्गों के विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है और विकास हो रहा है। इस गठबंधन सरकार की बहूमुखी सोच है कि बुनियादी सुविधा रोटी कपड़ा मकान के साथ-साथ सामाजिक आवश्यकता को भी पूरा किया जाए। चुनाव से पहले हिरही ग्राम वासियों का निवेदन था कि मैरेज हॉल की आवश्यकता है और मैने उनकी मांग को पूरा किया फलस्वरुप आज मेरे विधायक मद से मैरिज हॉल का शिलान्यास किया गया है जिससे स्थानीय लोग लाभान्वित होंगे। साथ साथ कुडू प्रखंड के उडूमुडू बारीडीह में भी विधायक मद से सामुदायिक भवन की जरूरत थी जिसे हमने पूरा करने का काम किया। इसके साथ साथ हम आवागमन सुविधा के लिए जितने भी क्षतिग्रस्त मार्ग है उन्हें दुरुस्त करने का काम कर रहे हैं और संबंधित विभाग से उसकी मरम्मती की जाएगी। आने वाले कुछ दिनों में सभी पंचायत में 10-10 चापाकल का निर्माण पेयजल हेतु किया जाएगा। इसके साथ साथ इस सरकार का लक्ष्य है की साल में 8 लाख अबुवा आवास का निर्माण कराया जाएगा ताकि हर घर को छत मिल सके,एवं अब राशन में चावल के साथ-साथ प्रोटीन युक्त दाल भी दिया जाएगा ताकि झारखंड की जनता संतुलित भोजन ग्रहण कर सके और इससे कुपोषण जैसे समस्या का समाधान भी होगा एवं कब्रिस्तान घेराबंदी एवं शेड निर्माण के लिए लोहरदगा जिले को सबसे पहले और अधिक भागीदारी प्राप्त होगी।



## योग एवं आयुर्वेद भारत के ऋषि मुनियों की देन : प्रवीण भारती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास की स्थापना दिवस पर आज स्थानीय सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय प्रांगण में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन अनुष्ठान कर मनाया गया। आचार्य शरच्चन्द्र आर्य के नेतृत्व में पतंजलि भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी प्रवीण भारती, पतंजलि योग समिति के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह, पतंजलि योग समिति के अभय भारती, वनवासी कल्याण आश्रम के कृपा प्रसाद सिंह एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र चंद्र पांडे की उपस्थिति में वैदिक मंत्र के साथ आचार्य शरचचंद्र ने यज्ञ हवन का अनुष्ठान कराया। सभी के निरोग जीवन एवं सुख शांति के लिए वैदिक मंत्रोचार के साथ-साथ प्रार्थनाएं की गई। मौके पर आचार्य शरदचंद्र आर्य ने कहा कि पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास के नेतृत्व में न केवल राष्ट्र बाल की विदेश में भी स्वामी जी एवं आचार्य श्री के मार्गदर्शन में योग एवं आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचा जा रहा है। उन्होंने सभी बच्चों को अपने गौरवशाली संस्कार, संस्कृति को अपनाते हुए श्रेष्ठ व्यक्तित्व बनने पर जोर दिया। मुख्य योग शिक्षक जिला प्रभारी प्रवीण भारती ने कहा कि आज योग को जन-जन तक पहुंचाने वाले परम पूज्य स्वामी जी एवं आयुर्वेद के माध्यम से श्रद्धेय आचार्य श्री द्वारा पतंजलि के माध्यम से हर घर तक पहुंचा जा रहा है। योग एवं आयुर्वेद भारत के ऋषि मुनियों की देन है। पतंजलि ने योग आयुर्वेद के साथ साथ स्वदेशी एवं शिक्षा के क्षेत्र में विश्वपटल पर अमित छाप छोड़ कर कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रत्येक दिन प्रातः कालीन सभी लोग योग को अपना कर स्वस्थ जीवन शैली को प्राप्त करें और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर राष्ट्र की सेवा करें। बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए वनवासी कल्याण आश्रम के कृपा प्रसाद सिंह ने कहा कि यज्ञ हवन वैदिक मंत्र कर के साथ करने से मन मस्तिष्क एवं संपूर्ण वातावरण स्वच्छ हो जाता है। पतंजलि के इस कार्यक्रम में सबों को हार्दिक शुभकामनाएं, प्रतिदिन योग एवं ध्यान लगावे। प्राचार्य सुरेश सुरेंद्र चंद्र पांडे ने पतंजलि परिवार का आभार प्रकट करते हुए सभी आगंतुक अतिथियों का परिचय कराया एवं उन्होंने बच्चों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए योग एवं हवन को महत्वपूर्ण बताया। मौके पर पतंजलि के सह जिला प्रभारी वासुदेव महतो, युवा प्रभारी अंकित अग्रवाल, वरिष्ठ योग शिक्षक राम यादव, कृष्णा राम, अशोक सिंह, गोरख पांडेय, सुबोध अग्रवाल, महेंद्र कुमार मिश्रा, नंदकिशोर साहू समेत विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



## चलते चलते एक नजर

### अवैध खनन मामले के आरोपित दाहू यादव के पुत्र ने ईडी कोर्ट में दाखिल की जमानत याचिका

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)::** साहिबगंज जिले में हुए अवैध खनन मामले के आरोपित दाहू यादव के पुत्र राहुल यादव ने शुक्रवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। राहुल ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है। राहुल यादव ने गत दो जनवरी को हाई कोर्ट के आदेश पर ईडी कोर्ट में सरेंडर किया था, जिसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में है। राहुल यादव को अवैध खनन मामले में ईडी ने समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन वह ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ था। इसके बाद ईडी कोर्ट ने राहुल यादव के खिलाफ 31 मार्च, 2023 को गैर जमानतीय वारंट जारी किया था। राहुल ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर चुनौती दी थी। याचिका में उनकी ओर से कहा गया था कि वह ईडी को अनुसंधान में सहयोग करने के लिए तैयार है। जब कोर्ट उन्हें उपस्थिति के लिए तिथि निर्धारित करेगी वह उस समय उपस्थित हो जाएंगे। इस मामले में मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा सहित अन्य लोग जेल में बंद हैं।

### भारतीय टेनिस खिलाडियों ने इतिहास में दर्ज कराया अपना नाम

**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलियन ओपन में भारतीय खिलाड़ियों का सबसे शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है। दृढ़ संकल्प,लचीलेपन और धैर्य के माध्यम से,भारतीय टेनिस खिलाड़ियों ने इस प्रतिष्ठित ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज कराया है।2016 ऑस्ट्रेलियन ओपन को भारतीय टेनिस इतिहास में एक निर्णायक क्षण के रूप में याद किया जाएगा क्योंकि सानिया मिर्जा ने अपनी युगल जोड़ीदार मार्टिना हिंगिस ने फाइनल में चेकिया जोड़ी एंड्रिया ह्लावाकोवा और लूसी हराडेका को हराकर प्रतिष्ठित खिताब जीता था। इस जीत के साथ ही सानिया मिर्जा ऑस्ट्रेलियन ओपन के महिला युगल वर्ग में ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में भारत के पहले प्रवेशकर्ता लिएंडर पेस ने अपने युगल साथी राडेक स्टेपनेक के साथ 16 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और सर्वकालिक सबसे सफल टेनिस जोड़ी बॉब ब्रायन और माइक ब्रायन को 2012 ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष युगल वर्ग फाइनल में हराया तो पूरी दुनिया स्तब्ध रह गई। ब्रायन बंधुओं से पांच बार हारने के बाद, लिएंडर पेस ने अंततः उन्हें रिकॉर्ड 12वें ग्रैंड स्लैम खिताब से वंचित करके बढ़त हासिल कर ली। यह जीत एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हुई क्योंकि पेस ने अपनी पहली ऑस्ट्रेलियन ओपन ट्रॉफी जीती। महेश भूपति ने 2009 के ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में 22 वर्षीय भारतीय प्रतिभावान सानिया मिर्जा के साथ जोड़ी बनाकर एंडी राम और नताली डेची को सीधे सेटों में हराकर अपना दूसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन मिश्रित युगल खिताब जीता। यह जीत भूपति की 11वीं ग्रैंड स्लैम और मिश्रित युगल वर्ग में सातवीं प्रभावशाली खिताबी जीत थी। युवा सानिया के लिए, यह उनका पहला ग्रैंड स्लैम खिताब था।1989 का ऑस्ट्रेलियन ओपन भारतीय टेनिस बिरादरी के लिए एक गेम-चेंजर साबित हुआ जब प्रतिष्ठित रमेश कृष्णन को दूसरे दौर में तत्कालीन नंबर 1 रैंक वाले मैट विलेंडर के खिलाफ ड्रा कराया गया और उन्होंने अकल्पनीय उपलब्धि हासिल की। विलेंडर के लिए कृष्णन के खिलाफ लगातार सातवीं जीत हासिल करने की क्षमता के बावजूद, मैच सीधे सेटों में कृष्णन के पक्ष में 6-4, 6-1, 6-3 के स्कोर के साथ समाप्त हुआ, जिससे दर्शक आश्चर्यचकित रह गए।

# बाबूलाल मरांडी ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**अपने पिता की परंपरा को बरकरार रखा हूं आलोक चौरसिया**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के लोकेया में शुक्रवार को दिनकर स्पोर्टिंग क्लब के तत्वाधान में स्वर्गीय अनिल चौरसिया राज्य स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया ने बैलून उड़ाकर तथा फुटबॉल को किक मारकर किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पूरी दुनिया में झारखंड के खिलाड़ियों ने हरेक खेलों में अपना दबदबा बनाया है। उन्होंने कहा कि आगे पलामू के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। श्री मरांडी ने कहा कि उनका पलामू से वर्षो पुराना संबंध रहा है ।स्वर्गीय अनिल चौरसिया समाज के दलित शोषण और पिछले लोगों का नेतृत्व करते थे अब इन लोगों का नेतृत्व आलोक चौरसिया कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पहले इलाज के लिए लोगों को रांची जैसे बड़े शहरों में जाना पड़ता था। लेकिन पिछली भाजपा सरकार नें पलामू में मेडिकल कॉलेज ,डेंटल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज आदि



खोलने का काम किया है। अभी क्षेत्र के बीमार लोगों को इलाज की व्यवस्था पलामू में ही है।उन्होंने कहा कि पिछली सरकार जंगलों के गांव तक सड़क और बिजली पहुंचने का काम किया है। स्वागत भाषण करते हुए डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि उनके पिता की असामयिक निधन के बाद पिछले 15 वर्षो से दिनकर एक्सपोर्टिंग क्लब के द्वारा अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि देने के लिए फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता रहा है ।

उद्घाटन मैच बिहार 11 और छत्तीसगढ़ के बीच खेला गया। मैच का फाइनल 11 जनवरी को होगा।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा के जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, पलामू प्रभारी विनय जायसवाल, जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, विनोद सिंह ,उप महापौर मंगल सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष ज्योति पांडे, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीटू गुप्ता, अमित तिवारी, जिप सदस्य प्रमोद सिंह, रामलव प्रसाद चौरसिया, प्रभात भुईयां,पूर्व जिप सदस्य विकास चौरसिया उर्फ संटू चौरसिया, मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र चौरसिया, दिनकर स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष सह मुखिया आशेष चौरसिया,भीष्म चौरसिया, शिव शंकर प्रसाद सहित काफी संख्या में ग्रामीण नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### झामुमो प्रवक्ता के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर भाजपा का पलटवार

**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर पलट वार करते हुए वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार को झारखंड के इतिहास की गरीबों का सर्वाधिक शोषण करने वाली सरकार बताया। प्रतुल ने कहा कि जितना इस सरकार में आदिवासी, महिला उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ी, उतना पहले कभी नहीं था। इस सरकार पर 70000 करोड़ के घपले घोटाले का आरोप लगा। मुख्यमंत्री की सदस्यता पर खुद तलवार लटकी हुई है। प्रतुल ने कहा कि राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि मुख्यमंत्री ने पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने के लिए गांडेय सीट खाली करा दिया लेकिन यह कदम उनका राजनीतिक ब्लंडर साबित हुआ।

# रिश्वत लेते सिविल सर्जन कार्यालय का क्लर्क अरेस्ट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी की कार्यवाई लगातार जारी है। नए वर्ष के आगमन के साथ ही टीम ने रणधीर वर्मा चौक के समीप अवस्थित सिविल सर्जन कार्यालय से शुक्रवार की सुबह एक क्लर्क को रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया। बताया जाता है कि उमेश कुमार सिंह नामक लिपिक धनबाद सिविल सर्जन कार्यालय में पदस्थापित है। जो विभाग में दिव्यांग, मेडिकल तथा डॉक्टर की संचिका की जिम्मेवारी संभालता था।

क्लर्क के खिलाफ एसीबी कार्यालय को रिश्वत मांगने से संबंधित सूचना मिली थी। जिसके सत्यापन करने के बाद एसीबी की टीम ने शुक्रवार को सुनियोजित तरीके से सिविल सर्जन कार्यालय में घेराबंदी कर क्लर्क उमेश कुमार सिंह को रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया।विकलांग सर्टिफिकेट बनवाने के नाम पर 4000 रुपये की रिश्वत मांगने वाले सिविल सर्जन कार्यालय में पदस्थापित क्लर्क उमेश प्रसाद को एसीबी की टीम ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। टीम ने आरोपी क्लर्क को हिरासत में लेकर एसीबी कार्यालय ले गई है। जबकि इस कार्रवाई से सदर अस्पताल और सिविल सर्जन कार्यालय में कर्मचारियों के बीच अफरा तफरी देखी जा रही है।

# राम पर राजनीति करना मूर्खताः पं. धीरेंद्र शास्त्री

एजेंसी

**नोएडा :** श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर जारी सियासत के बीच प्रसिद्ध कथावाचक बागेश्वरधाम के महंत पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि भगवान श्रीराम राजनीति का विषय नहीं हैं। राजनीति धर्म से चलती है। धर्म राजनीति से नहीं चलता। राम की नीति है, जो गरिमा, एकता और शांति है। ऐसे में कोई रोटियां सेक रहा है तो यह मूर्खता है। पं.धीरेन्द्र शास्त्री शुक्रवार को नोएडा में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर राममंदिर का श्रेय लेने का दावा करने वाले राजनीतिक दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भगवान राम सबके हैं। जातिवाद के लिए राम मंदिर नहीं बन रहा। शबरी का मंदिर बन रहा, निषादराज का भी मंदिर बन रहा है तो क्या ये जातिवाद के लिए बन रहा है? जातिवाद के लिए मंदिर नहीं है, अपितु सभी रामभक्तों की आस्था के लिए मंदिर बन रहा है। उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रण को लेकर कहा कि वे अयोध्या जाने को लेकर अति उत्साहित हैं। राममंदिर आजतक की समस्त सनातनियों की सबसे बड़ी विजय है। यह उत्सव दीपावली से बहुत ज्यादा खास है। निश्चित ही कोई अभागा होगा, जिसको इस दिन का इंतजार न हो। केवल भारतीयों को नहीं, दुनियाभर में रहने वाले भारतवंशियों को इस दिन का बेसब्री से इंतजार है। इस दौरान उनसे ज्ञानवापी और मथुरा जन्मभूमि के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है। यह साबित हो गया है कि ज्ञानवापी में भगवान शिव हैं और कृष्ण जन्मभूमि कन्हैया की है। इन मामलों में राय की कोई जरूरत नहीं है, भारत का एक कानून और सुप्रीम



कोर्ट है। फिलहाल एएसआई की रिपोर्ट से यहां सनातन का मंदिर होने का प्रमाण मिलता है।।पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने इस दौरान ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) चीफ असदुद्दीन ओवैसी पर उनकी हालिया टिप्पणी को लेकर भी निशाना साधा और कहा कि यह ओवैसी के डर को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हम मस्जिदों पर मंदिर नहीं बनाना चाहते, बल्कि मंदिरों का पुनर्निर्माण करना चाहते हैं।

**मोटी रकम लेकर बेच दिया जीएम लैंड की सैकड़ों एकड़ जमीन**

# मेदिनीनगर में हुआ झारखंड का सबसे बड़ा भूमि घोटाला : अरुणा शंकर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने नदी एवं जीएम लैंड की भूमि बिक्री करने वाले भूमाफिया पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि निगम का चोला पहनकर 60 वर्षो से भूमाफिया परिवार द्वारा हजारों परिवार को एग्रीमेंट पर अपनी भूमि बताते हुए सरकारी भूमि बेच दिया। इस संगीन मामले को उन्होंने गरीबों का शोषण एवं झारखंड का सबसे बड़ा भूमि घोटाला बताया। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि जमीन लेने वाले हजारों गरीब परिवार ऐसे हैं जो 100-200 रुपया प्रतिदिन अपना पेट काटकर घर बनाने हेतु जमीन के लिए रुपया इकट्ठा कर सस्ती जमीन की लालच में इस लुटेरा सिंडिकेट के चंगूल में फंस गए। जिनका आज तक रजिस्ट्री नहीं हुआ। और 30-40 साल से लोग एग्रीमेंट लेकर उनके दरवाजे पर रजिस्ट्री के लिए दौड़ लगाते रहे। इन लोगों ने वर्षो पुराना हिंदू बच्चों को दफनाने की जमीन भी पैसे के लालच में बेच डाली। नतीजा लोग मजबूरन अब यहां

**जमीन माफियाओं ने नदी के साथ शमशान तक बेच डाला**



**माफियाओं से ब्याज सहित पैसा और कंस्ट्रक्शन का मुआवजा दिलाए प्रशासन**

वहां नदी में मृत बच्चों को दफनाते हैं।प्रथम महापौर ने कहा कि भूमाफिया सिंडिकेट ने यह भी नहीं सोचा की इन गरीब परिवार के बच्चों को नौकरी के लिए रजिस्ट्री के अभाव में स्थानीयता तक नहीं बन पाएगी। सिंडिकेट की नजर अब नदी पर पड़ी और इन लोगों द्वारा नदी भी बेचा जाने लगा। जिस पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है द्य अरुणा शंकर ने कहा कि मैं प्रशासन से मांग करती हूं कि जिन लोगों ने भू माफिया के झांसे में आकर जमीन लिया है, उनका पाई पाई पैसा ब्याज के साथ वापस कराई जाए। साथ ही उस पर बने कंस्ट्रक्शन का हरजाना ब्याज समेत इन गरीबों को वापस दिलवाई जाए। साथ ही नदी तक बेचने वाले भूमाफियाओं पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। ताकि भविष्य में कोई इनके झांसे में आकर गुमराह न हो। गौरतलब है कि पिछले दिनों मेदिनीनगर नगर निगम और सदर अंचल कार्यालय के पदाधिकारी और कर्मियों ने शहर के श्मशान घाट के समीप कोयल नदी के किनारे बनाए गए दर्जनों अवैध मकान का स्थलीय निरीक्षण किया। वहां पर सभी मकान जीएम लैंड पर बनाए गए हैं। इन अधिकारियों ने अवैध जमीन पर बनाए गए मकान के मालिक और चहारदीवारी देने वाले मालिक को खोजा तो कोई सामने नहीं आया। ऐसे लोगों पर निगम प्रशासन द्वारा कार्रवाई की योजना है। इस मामले में सबसे बड़ा पहलू यह है कि जो लोग मकान बनाए हैं या चहारदीवारी दिए हैं, उनका दोष कम है। उस व्यक्ति का दोष ज्यादा है, जो इनलोगो से मोटी रकम लेकर जीएम लैंड की जमीन बेची है। प्रशासन को उस भूमाफिया पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए जो मोटी रकम लेकर जमीन बेचा। यह भी बता दें कि श्मशान घाट की जमीन तो मात्र झांकी है, अभी पूरा तस्वीर बाकी है। उस भूमाफिया ने निगम क्षेत्र में करीब 500 एकड़ अवैध जमीन की बिक्री मोटी रकम लेकर किया है। जो जांच का विषय है।

# महावीरी ध्वज के साथ सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** श्री महावीर मंडल रांची महानगर ने अयोध्या में होने वाले उद्घाटन समारोह को लेकर रांची में महोत्सव मनाने हेतु तैयारी का शुभारंभ किया। श्री महावीर मंडल रांची महानगर की एक आवश्यक बैठक श्री राम मंदिर के उद्घाटन उत्सव को लेकर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मेंन रोड में कुणाल अजमानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से निर्णय लिया गया की मेंन रोड स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर , काली मंदिर ,म मालला टोली मैन रोडश्री हनुमान मंदिर , चर्च रोड स्थित श्री महावीर मंदिर, गुदरी के शिव मंदिर, महादेव मंदिर ओ सी सी कंपाउंड, बंगलामुखी मंदिर चर्च रोड को भव्य रूप से सजाने का निर्णय लिया गया। विशेष आकर्षण का केंद्र श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मेंन रोड रहेगा जहां महावीरी ध्वज के साथ श्री राम जी का भव्य कटआउट ,कोल्ड फायर , बेलून सज्जा,फूलों की सज्जा, भंडारे का आयोजन ,जीवंत झांकी, एलईडी में श्री राम मंदिर के उद्घाटन समारोह



का लाइव टेलीकास्ट के साथ जब अयोध्या में आरती की जाएगी इस वक्त यहां महा आरती का आयोजन किया जाएगा, सुंदरकांड का आयोजन ,भंडारे का आयोजन साथ ही रात्रि में दीपक उत्सव कर पूरे मंदिर परिसर को भव्यता से सजाने का निर्णय लिया गया साथी भव्य आतिशबाजी का प्रदर्शन एवं मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के द्वारा रात्रि दीपोत्सव के समय बुंदिया प्रसाद का वितरण भक्तों के बीच किया जाएगा। श्री महावीर मंडल रांची महानगर के अंतर्गत आने वाले सभी अखाड़ों की बैठक आयोजित कर उद्घाटन महोत्सव को पूरे रांची में धूमधाम से मनाने हेतु प्रयास किया जाएगा इसे लेकर सभी अखाड़ों की एक बैठक जल्द ही आयोजित करने का निर्णय लिया गया। विगत लिए गए निर्णय के अनुसार 25 हजार महावीरी झंडा को रांची के सभी घरों में लगे इसकी प्रारूप तैयार की गई , साथ ही ध्वज के साथ सेल्फी प्रतियोगिता का भी आयोजन रखा गया जिसमें सर्वश्रेष्ठ सेल्फी अपने घर में लगे झंडे के साथ श्री महावीर मंडल रांची के द्वारा दिए गए व्हाट्सएप नंबर पर प्रेषित करने पर उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा, साथ ही जिन लोगों के परिवार से कारसेवा में गए कारसेवकों को खोया या कार सेवा कर लौटे सभी राम भक्तों को चिन्हित कर सम्मानित किया जाएगा। इस हेतु लोगों को जागरूक करने हेतु एक रथ भी निकाले जाने का निर्णय लिया गया। इस पूरे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु संरक्षक रांची के सांसद संजय सेठ विधायक सी पी सिंह ,आशा लकड़ा प्रदीप वर्मा ,रंजन सिंह ,महामंदेश्वर पंडित सूर्य नारायण त्यागी जी को बनाया गया साथ ही पंडित श्यामानंद पांडे को संयोजक अमरनाथ सरकार ,अमित चौधरी को सह संयोजक बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता कुणाल अजमानी संचालन महामंत्री मुनचुन राय धन्यवाद ज्ञापन डॉ दिलीप सोनी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से रवि प्रकाश टुनना ,सतीश सिन्हा ,रोहित शारदा,राकेश चौधरी, बादल सिंह ,अमित गुप्ता, महेश सोनी, अमृत रमन ,संतोष कुमार, ओमकार दास, समीर सिंह ,अमन जयसवाल, आनंद तिवारी , महेश प्रसाद, विपिन बर्मन, शंभू प्रसाद ,अमित कुमार, दिवेश अजमानी,मनोज राजगढ़िया, निलेश कुमार, धीरज कुमार, कौशल साहू, पवन गुप्ता ,ललित चौधरी,विक्रांत विश्वकर्मा सहित अन्य सदस्य सम्मिलित हुए।

# आरके पब्लिक स्कूल क्वाटर फाइनल में




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** 22 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में रमकंडा हाई स्कूल को 49 रनो से हराकर आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की टीम क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया।

गोविंद हाई स्कूल के मैदान में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रियांशु के 24 और आकाश के 18 रनो के सहयोग से सभी विकेट खोकर 112 रन बनाए। रमकंडा हाई स्कूल के अंशु ने बेहतर गेंदबाजी करते हुए चार खिलाड़ियों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। जवाबी पारी खेलने उतरी रमकंडा की शुरुआत खराब रही। 12 रन के योग पर तीन खिलाड़ियों ने अपना विकेट खो दिया था। टीम के मध्यम क्रम के खिलाड़ी सत्यम 26 रन को छोड़ कर कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक में प्रवेश नहीं कर सका और पूरी टीम 63 रनो पर ही सिमट गई। आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की और से आकाश ने तीन विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार डॉक्टर कुमार निशांत सिंह ने आरके पब्लिक स्कूल के आकाश को प्रदान किया । मौके पर डॉ निशांत ने कहा कि खेल में जीत के साथ हार को स्वीकार करना एक योग्य खिलाड़ी की निशानी है। आप सभी लोग भी भी बेहतर खिलाड़ी है। जीतने वाली टीम अपनी जीत को आगे भी बनाए रखेंगे। वही हारने वाली टीम अपनी कमी को दूर कर आगे जीत के लिए अपने शत प्रतिशत खेल को लगा दे ताकि अगली बार जीत आपकी हो। उन्होंने कहा की आज के दौर में जितना लोग मोबाइल में गेम खेलते हैं। उन्हें मोबाईल से दूर रहने की जरूरत है। शारीरिक गतिविधि के अभाव में वे और सुस्त दिखाई देते। जब इंसान पूरी तरह से स्वस्थ होता है तभी वो अपनी जिंदगी पूरी तरह से खुश होकर जी पाता है।

इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी अभय कुमार,शिक्षक धीरेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, राजकुमार, रणजीत तिवारी,रजनीश, आयुष तिवारी, नवनीत कुमार,दिव्य रंजन चौबे,मनीष, धीरज, प्रिंस दुबे, शामिल थे। अंपायर की भूमिका सुमित कुमार, अभिषेक कुमार , ओमकार दिव्य रंजन और कमेंटेटर की भूमिका प्रिंस खान ने निभाई।

# सरकारी विभागों-उपक्रमों में विपत्र भुगतान देरी पर उद्यमियों ने जताई चिंता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** लघु उद्योग भारती रांची महानगर इकाई की बैठक बरियातू रोड स्थित श्री महावीर विकलांग सहायता समिति रांची के प्रांगण में शुक्रवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता रांची महानगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने की। बैठक में मुख्यतः स्थानीय उद्यमियों के समक्ष आ रही चुनौतियों और समस्याओं पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। संस्था के सदस्यों ने सबसे गंभीर समस्या के रूप में सरकारी विभागों, उपक्रमों द्वारा विपत्र भुगतान में असाधारण विलंब को चिन्हित किया। सरकारी विभाग यथा रिम्स, सदर अस्पताल, पीएचडी, पीडब्लूडी, नगर निगम आदि विभागों में विपत्र भुगतान की गति अत्यंत धीमी है, जिसके कारण संबंधित उद्यमियों के समक्ष गंभीर वित्तीय संकट बनता जा रहा है। बाजार के साख पर खराब असर पड़ रहा है। कई प्रतिष्ठान बंद होने के कगार पर हैं। ऐसी स्थिति में इस विषय पर केंद्र सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुपालन




को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अधिसूचना के अनुसार 45 दिनों के अंदर विपत्र भुगतान या विलंब होने पर बैंक ब्याज दर का तीन गुणा चक्रवृद्धि ब्याज की दर से भुगतान किया जाना चाहिए। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए एक उप समिति का गठन किया गया है। इसके सदस्य ओम प्रकाश अग्रवाल के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर समाधान के लिए प्रयास करेंगे। बैठक में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के उपक्रमों की ओर से झारखंड स्थित उद्यमों से खरीद में प्राथमिकता देने की बात कही। राज्य के विभिन्न बोर्ड जैसे राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, जियाडा, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आदि में लघु उद्योग भारती का प्रतिनिधित्व के लिए प्रयास करने का निर्णय लिया गया। लघु उद्योग भारती के प्रांतीय अध्यक्ष विजय छापरिया ने संगठन के अखिल भारतीय स्वरूप तथा केंद्र द्वारा तय किये गये सांगठनिक कार्यो पर प्रकाश डाला तथा संगठन का विस्तार करने पर भी जोर दिया। बैठक में प्रांतीय सचिव प्रकाश हेतमसरिया, अजय कुमार, अखिलेश्वर नारायण राय, रतन अग्रवाल, रामचंद्र कुमार, मधुसूदन अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# रांची में घर के कमरे में मिला शव

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित सिराजुद्दीन लेन स्थित एक घर से पुलिस ने एक व्यक्ति का शव शुक्रवार को बरामद किया है। मृतक की पहचान अंकुर मोदी के रूप में हुई है। घर से बदबू आने की सूचना पर आसपास के लोगों ने कोतवाली पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्ट्या मामला अत्यधिक शराब पीने की वजह से मौत का प्रतीत होता है। कमरे से शराब की बोतलें और नशीले टैबलेट मिले हैं। थाना प्रभारी शैलेश कुमार ने बताया कि एफएसएल टीम को बुलाया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

N·S·D·C
RE IMAGINE FUTURE

**सार्वजनिक सूचना**

यह हमारे संज्ञान में आया है कि अनैतिक व्यक्ति और संगठन एनएसडीसी (राष्ट्रीय कौशल विकास निगम) या एनएसडीसी इंटरनेशनल का प्रतिनिधित्व करने का झूठा दावा कर रहे हैं और वे इज़राइल में अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट के लिए भर्ती शुल्क की आड़ में पैसे की मांग करके संभावित उम्मीदवारों को धोखा देने का प्रयास कर रहे हैं।

कृपया ध्यान दें कि न तो एनएसडीसी और न ही एनएसडीसी इंटरनेशनल ने हमारी ओर से किसी भी प्रकार की भर्ती के लिए कोई शुल्क लेने के लिए किसी को भी अधिकृत किया है। एनएसडीसी और इसकी सहायक कंपनी अत्यंत पारदर्शिता के साथ काम करती हैं और सभी नैतिक प्रथाओं का पालन करती हैं।

सभी इच्छुक उम्मीदवारों के लिए यह आवश्यक है कि वे धोखाधड़ी वाली योजनाओं से अवगत रहें और सावधानी बरतें और खुद को ऐसे घोटालों का शिकार होने से बचाएं।

CBC 63113/12/0005/2324